
हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार
09.01.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 334
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
www.rashtriyamukhyadhara.com



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

## चार युद्ध लड़ने वाले हवलदार बलदेव सिंह की बहादुरी को नेहरू से लेकर पीएम मोदी तक ने सराहा!

एजेंसी। राजौरी

बलदेव सिंह एक ऐसे वीर सिपाही जो अपने साहस और देशभक्ति के लिए इतिहास में हमेशा के लिए अमर हो गए। जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ चार युद्ध लड़े और भारतीय सेना में तीन दशकों तक अपनी सेवाएं दीं, उनकी सोमवार को सांसे थम गईं। बलदेव सिंह 14 नवंबर 1950 को सेना में भर्ती हुए। उन्होंने करीब तीन दशक तक देश की सेवा की और 1961, 1962 और 1965 के भारत-पाक युद्धों में हिस्सा लिया। 1969 में रिटायर होने के बाद, उन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान फिर से बुलाया गया। इस दौरान उन्होंने 11 जाट बटालियन (25 इन्फैंट्री डिवीजन) के साथ आठ महीने तक सेवा की। अपने लंबे करियर के दौरान, बलदेव सिंह को कई सम्मानों से नवाजा गया। उनकी बहादुरी को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने सराहा। सोमवार को उनके गांव नौनिहाल में पूरे सैन्य सम्मान और प्रोटोकॉल के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।



हवलदार बलदेव सिंह (रिटायर्ड) का उनके गृह नगर राजौरी जिले के नौशेरा में निधन हो गया। वह 93 साल के थे। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि उनकी नेचुरल डेथ हुई। बता दें कि हवलदार बलदेव सिंह का जन्म 27 सितंबर 1931 को नौशेरा के नौनिहाल गांव में हुआ था। केवल 16 साल की उम्र में, उन्होंने ब्रिगेडियर उस्मान की अगुवाई में "बाल सेना" में शामिल हो गए। 1947-48 के नौशेरा और झांगर की लड़ाई के दौरान, बाल सेना के लड़कों (12-16 साल की उम्र) ने भारतीय सेना के लिए महत्वपूर्ण समय पर संदेशवाहक के रूप में काम किया था। उनके इस योगदान के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें ग्रामोफोन, घड़ियां और भारतीय सेना में शामिल होने का मौका दिया था।

# मोदी सरकार का बड़ा फैसला, राजघाट में बनेगी प्रणब मुखर्जी की समाधि

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 'राष्ट्रीय स्मृति परिसर यानी राजघाट परिसर के अंदर एक विशेष स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी दी है। लेखिका और प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित दयाभाव और कृतज्ञता से मैं बहुत प्रभावित हूं। शर्मिष्ठा ने इसके साथ ही पीएम मोदी से अपनी मुलाकात और केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय की भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने लिखा है, बाबा (प्रणब मुखर्जी) कहते थे कि राजकीय सम्मान के लिए कहा नहीं जाना चाहिए, बल्कि वह खुद ऑफर किया जाता है। मैं बहुत आभारी हूँ कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा की याद और



सम्मान में ऐसा किया। हालांकि, इससे बाबा पर कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि वह अब इस दुनिया में नहीं हैं और वह प्रशंसा या आलोचना से परे रहे हैं लेकिन उनकी बेटी होने के नाते मैं अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकती। प्रणब मुखर्जी जुलाई 2012 से जुलाई 2017 तक देश के राष्ट्रपति रहे थे। उन्हें 2019 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। कुछ दिनों पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद जब कांग्रेस कार्यसमिति ने एक बैठक कर उनके निधन पर दुख जताया था और उनका स्मारक बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था, तब शर्मिष्ठा मुखर्जी ने यह सवाल भी उठाया था कि उनके पिता के निधन के बाद कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की कोई बैठक क्यों नहीं बुलाई गई और कोई प्रस्ताव क्यों नहीं पारित किया गया? शर्मिष्ठा ने कहा था कि उन्हें बुरा लगा था जब उनके पिता के निधन के बाद सीडब्ल्यूसी की कोई बैठक नहीं बुलाई गई। सीडब्ल्यूसी कांग्रेस की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई है। लेकिन मैं बस इतना जोड़ना चाहती हूं कि मुझे नहीं पता कि यह जानबूझकर किया गया या ये सरासर लापरवाही थी। इतनी पुरानी पार्टी में क्या परंपराएं हैं? शर्मिष्ठा ने तब 'पीटीआई वीडियो से कहा था, ''यदि संस्थागत स्मृति लोप हुआ है, यदि राहुल गांधी और उनके आसपास के लोग यह नहीं जानते कि कांग्रेस ने ऐसी पूर्व स्थितियों में किस प्रकार कार्य किया, तो यह अपने आप में कांग्रेस के भीतर गंभीर और दुखद स्थिति है।

### पीएम नरेंद्र मोदी जल्द कश्मीर में जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे

**श्रीनगर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे और श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे। सुरंग के माध्यम से सोनमर्ग तक हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी 13 जनवरी को यहां आएंगे और जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे। यह सुरंग गगनगीर से सोनमर्ग तक रोड को बाईपास करेगी, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को पूरे साल हिल स्टेशन पर आने की सुविधा मिलेगी। गगनगीर-सोनमर्ग खंड भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण बंद हो जाता है, जो हर साल इस क्षेत्र में होता है। जेड-मोड़ सुरंग जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग के बीच 6.5 किलोमीटर लंबी 2-लेन वाली सड़क सुरंग है। पहले जो रोड उपयोग में थी, वह हिमस्खलन से प्रभावित थी और अक्सर कई महीनों तक बंद हो जाती थी।

## इसरो के नये प्रमुख होंगे अंतरिक्ष विज्ञानी वी नारायणन

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकर ने वी नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया अध्यक्ष बनाया है। वे 14 जनवरी को एस. सोमनाथ की जगह लेंगे। नारायणन की नियुक्ति 14 जनवरी से दो साल की अवधि के लिए रहेगी। यह जानकारी आधिकारिक अधिसूचना में दी गई। इसरो के नये अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन अभी लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक हैं। नारायणन ने लगभग चार दशक तक अंतरिक्ष संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। रॉकेट और अंतरिक्ष यान प्रणोदन उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र है। वह जीएसएलवी एमके इल वाहन के सी25 क्रायोजेनिक प्रोजेक्ट के परियोजना निदेशक भी थे। 1984 में नारायणन इसरो में शामिल हुए और केंद्र के निदेशक बनने से पहले विभिन्न पदों पर कार्य किया। शुरुआत में करीब साढ़े चार साल तक उन्होंने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) में साउंडिंग रॉकेट्स और एएसएलवी और ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के ठोस प्रणोदन



क्षेत्र में काम किया। 1989 में उन्होंने आईआईटी-खड़गपुर में प्रथम रैंक के साथ क्रायोजेनिक इंजीनियरिंग में एम.टेक पूरा किया और लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) में क्रायोजेनिक प्रोपल्शन क्षेत्र में शामिल हुए। लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर, वलियामाला के निदेशक के रूप में जीएसएलवी एमके III के लिए सीई20 क्रायोजेनिक इंजन विकसित करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उनके कार्यकाल में एलपीएससी ने इसरो के विभिन्न मिशनों के लिए 183 लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम और कंट्रोल पावर प्लांट बनाए हैं। डॉ. नारायणन को कई पुरस्कार और सम्मान मिले हैं। उन्हें आईआईटी खड़गपुर से रजत पदक मिला है। एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एएसआई) ने उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया है। एनडीआरएफ से उन्हें राष्ट्रीय डिजाइन पुरस्कार भी मिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### गणतंत्र दिवस के मद्देनजर 23-26 जनवरी तक दिल्ली के रेलवे स्टेशनों पर बंद रहेगी पार्सल सेवा



**नई दिल्ली**। गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजधानी के सभी रेलवे स्टेशनों पर 23 से 26 जनवरी तक पार्सल सेवा बंद रहेगी। समाचार पत्रों और पत्रिकाओं को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने एक बयान में कहा कि आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला, आदर्श नगर दिल्ली और पटेल नगर स्टेशनों पर 23 से 26 जनवरी तक सभी प्रकार के पार्सल लेन-देन (लीज्ड एसएलआर, वीपी और डिमांड वीपी सहित) प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेज व पैकिंग से मुक्त रहेंगे और नई दिल्ली क्षेत्र के सभी स्टेशनों पर लीज्ड एसएलआर और वीपी (डिमांड वीपी सहित) सहित आवक और जावक दोनों पार्सल यातायात पर प्रतिबंध लगाया गया है। उपाध्याय ने कहा कि यात्री अपने साथ डिब्बों में सामान लेकर यात्रा कर सकते हैं। सभी व्यावसायिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पंजीकृत समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की बुकिंग की अनुमति दी जाएगी।

### मरियम ने यूएई शेख जायद से मिलाया हाथ, पाकिस्तान में छिड़ गया विवाद



**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान में महिला मंत्री को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। यहां मरियम नवाज की यूएई राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद के साथ मुलाकात ने बहस छेड़ दी है। मंगलवार को यूएई के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति अपनी निजी यात्रा पर पाकिस्तान आए। रहीम यार खान के एयरपोर्ट पर पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और मरियम नवाज ने गर्मजोशी से उनका इस्तकबाल किया। इस दौरान मरियम नवाज ने शेख मोहम्मद बिन जायद से हाथ मिलाया। सोशल मीडिया पर वायरल इस तस्वीर ने पाकिस्तान में धार्मिक और सांस्कृतिक बहस छेड़ दी है। आलोचक इस तरह से हाथ मिलाने को शरीयत के खिलाफ बता रहे हैं और मरियम नवाज की आलोचना कर रहे हैं। दूसरी ओर उनके समर्थक इसे आधुनिक प्रोटोकॉल का हिस्सा मानकर जायज ठहरा रहे हैं। इस्लामी कानून के मुताबिक महिला को महरम यानी परिवार के करीबी पुरुष के अलावा अन्य किसी पुरुष के साथ शारीरिक संपर्क से बचना चाहिए। इस संदर्भ में मरियम नवाज का किसी गैर-महरम से हाथ मिलाना कई कट्टरपंथियों को आपत्तिजनक लगा।

## चुनाव से पहले केजरीवाल का खेला, बीजेपी धर्मगुरुओं को किया पार्टी में शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने बीजेपी को तगड़ा झटका दिया है। बुधवार को आप ने बीजेपी की दिल्ली मंदिर प्रकोष्ठ यूनिट से जुड़े 100 से ज्यादा धर्मगुरुओं को आप में शामिल कर लिया है। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने धर्मगुरुओं को भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया और इस मौके पर सनातन सेवा समिति के गठन का भी ऐलान कर दिया। आप ने वादा किया है कि दिल्ली में चुनाव जीतने के बाद पुजारियों और ग्रंथियों को हर महीने 18 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा। इस घोषणा को आप के पुजारियों और संतों के प्रति समर्थन के तौर पर देखा जा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि पुजारी और संत भगवान और जनता के बीच सेतु का काम करते हैं। उनकी सेवा करना हमारा सौभाग्य है। बीजेपी के मंदिर प्रकोष्ठ से जुड़े लोगों से वादे किए गए, लेकिन उन्हें कभी पूरा



नहीं किया गया। आप जो कहती है, वो करती है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने बताया कि विजय शर्मा, जितेंद्र शर्मा, आचार्य बृजेश शर्मा, मनीष गुप्ता, दुष्यंत शर्मा, उदयकांत झा, वीरेंद्र, सोहनदास और श्रवण दास जैसे प्रमुख धर्मगुरु पार्टी में शामिल हुए हैं। इन सभी को सनातन सेवा समिति में शामिल किया गया है। केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि मंदिर प्रकोष्ठ से जुड़े लोगों को लंबे समय से नजरअंदाज किया गया है, लेकिन आप ने उनके लिए ठोस कदम उठाने का फैसला किया है।

# भारत और मालदीव ने द्विपक्षीय वार्ता में 'व्यापक आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझेदारी' पर की चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में भारत की यात्रा पर आए मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। बैठक के दौरान रक्षा सहयोग को मजबूत करने से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की गई, जिससे मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों की क्षमता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। आज की चर्चा भारत-मालदीव संबंधों में नई ऊर्जा जोड़ेगी। रक्षा मंत्रियों की यह मुलाकात मालदीव के साथ चल रहे तनावों के बावजूद कूटनीतिक जुड़ाव का संकेत है। मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ सार्थक वार्ता में 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा




साझेदारी' की दिशा में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की तत्परता की पुष्टि हुई। बैठक में रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ाना है। यह बातचीत दोनों देशों के बीच उन तनावपूर्ण संबंधों के बाद हुई है, जब भारत ने मालदीव से अपने सैन्यकर्मियों को वापस बुला लिया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समीक्षा की। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-मालदीव व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को साकार करने में मिलकर काम करने की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ रक्षा उपकरणों की आपूर्ति के लिए प्रशिक्षण, नियमित अभ्यास, रक्षा परियोजनाओं, कार्यशालाओं और सेमिनारों सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। मालदीव के रक्षा मंत्री मौमून ने मालदीव के लिए 'प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता' के रूप में भारत की ऐतिहासिक भूमिका की सराहना की। उन्होंने रक्षा और सुरक्षाकर्मियों के प्रशिक्षण और आधुनिक अवसंरचना क्षमताओं को बढ़ाने में माले की सहायता के लिए नई दिल्ली को धन्यवाद दिया। मालदीव सरकार के अनुरोध पर भारत ने मालदीव को रक्षा उपकरण और भंडार सौंपे।

### विदेश यात्रा पर निकले स्पीकर ओम बिरला लंदन के अंबेडकर संग्रहालय पहुंचे

**नई दिल्ली**। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इन दिनों विदेश यात्रा पर हैं। 7 से 11 जनवरी तक यूनाइटेड किंगडम (यूके), स्कॉटलैंड और ग्वेर्नसे की आधिकारिक यात्रा पर हैं। लंदन पहुंचने के बाद ओम बिरला ने भीमराव अंबेडकर संग्रहालय का दौरा किया। ओम बिरला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, लंदन में बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर संग्रहालय देखने का अवसर मिला। यह संग्रहालय भारतीय संविधान के निर्माता के जीवन और विरासत के प्रति एक गहरी श्रद्धांजलि है। यह एक जीवित स्मारक के रूप में खड़ा है, जो सामाजिक न्याय, समानता और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के सशक्तिकरण के लिए उनके अथक संघर्ष की भावना को संरक्षित करता है। संग्रहित प्रदर्शनियां उनके बहुमुखी व्यक्तित्व की झलक प्रदान करती हैं। अपने ऐतिहासिक महत्व से परे डॉ अंबेडकर संग्रहालय दुनिया भर में सभी के लिए प्रेरणा का काम करता है। बिरला यूनाइटेड किंगडम के संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष सर लिंडसे होयल के निमंत्रण पर 7 से 9 जनवरी 2025 तक यूनाइटेड किंगडम की यात्रा पर हैं। वे लंदन में लिंडसे होयल और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के स्पीकर लॉर्ड मैकफॉल ऑफ अल्क्लुइथ से मुलाकात करेंगे।

### नितिन गडकरी ने अपनी बनवाई सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे करने दिए सुझाव...

**नई दिल्ली**। देशभर में कुल 1,46,145 किमी नेशनल हाईवे हैं। इसके अलावा कई एक्सप्रेसवे भी हैं, जिनसे सफर आसान हो गया है। यही वजह है कि जब चमचमाती सड़कों की बात होती है तो पहला नाम केन्द्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आता है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हाईवे और एक्सप्रेसवे का नेटवर्क बिछाने का काम गडकरी ने किया है। लेकिन लोग उस वक्त हैरान हो गए जब गडकरी ने कह दिया इन सड़कों को खुदवा दीजिए। गडकरी ने बताया कि सरकार सड़क हादसों और इससे होने वाली मौतों को कम करने का लगातार प्रयास कर रही है। लेकिन उम्मीदों के अनुसार सफलता नहीं मिल रही है। इसके लिए सड़क



परिवहन मंत्रालय योजनाएं भी लांच कर चुका है। हादसों को कम करने के मंथन के दौरान एक जानकार ने उनसे कहा कि सड़क हादसों की वजह आप ही है। यह सुनकर गडकरी स्तब्ध रह गए, क्योंकि वे हादसों को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने इसकी वजह पूछी तो सज्जन ने बताया कि आपके सड़कें इतनी अच्छी बनवा दी हैं, इस वजह से वाहन चालक स्पीड से गाड़ी चलाते हैं और हादसा की चपेट में आ जाते हैं।

## हाड़-मांस कंपा देने वाली ठंड के लिए रहें तैयार, अगले दो दिनों में और गिरेगा पारा

एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तर भारत में इन दिनों शीतलहर का कहर जारी है। देश के कई राज्यों में सर्द मौसम और कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी है। राजधानी दिल्ली में बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। कश्मीर में रातभर हुई बर्फबारी के बाद रात का तापमान कई डिग्री तक बढ़ गया। उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड ने लोगों का जीना बेहाल कर दिया है। दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार सहित कई राज्यों में शीतलहर ने ऐसा कोहराम मचाया है कि लोगों को जीना मुहाल हो गया है। पहाड़ी राज्यों में तापमान में लगातार नीचे गिर रहा है। दिल्ली में बुधवार को भी ठंड का प्रकोप जारी है। दिल्ली में हफ्तेभर से शीतलहर के



साथ-साथ घना कोहरा छाया हुआ है। आईएमडी ने 11 और 12 जनवरी को बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की आशंका जाहिर की है। देश के सबसे बड़े सूबे उत्तरप्रदेश में मौसम विभाग की ओर से 24 घंटे के भीतर पूर्वी यूपी के कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। वहीं, 10 जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जो कि यूपी के मौसम को प्रभावित करेगा। इससे 11 व 12 जनवरी को उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया है।

# रेल मंत्रालय ने चालू वित्तीय वर्ष के पूंजीगत व्यय का 76 प्रतिशत खर्च किया

**नई दिल्ली**। रेल मंत्रालय ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आवंटित बजटीय पूंजीगत व्यय का 76 प्रतिशत वर्ष के पहले नौ महीने और 4 दिनों में खर्च कर दिया है। भारतीय रेलवे की नवीनतम व्यय रिपोर्ट के अनुसार 5 जनवरी तक क्षमता वृद्धि में भारी निवेश किया गया है, जिसका उद्देश्य भारत में रेल यात्रा को विश्व स्तरीय बनाना है। रेल मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि बजट अनुमान 2024-25 में रेलवे के लिए कुल पूंजीगत व्यय 2,65,200 करोड़ रुपये है, जिसमें सकल बजटीय सहायता 2,52,200 करोड़ रुपये है। इसमें से 1,92,446 करोड़ रुपये पहले ही खर्च किए जा चुके हैं। रोलिंग स्टॉक के लिए बजटीय प्रावधान 50,903



करोड़ रुपये का था। इसमें से 5 जनवरी तक 40, 367 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जो रोलिंग स्टॉक के लिए आवंटित बजट का 79 प्रतिशत है। सुरक्षा संबंधी कार्यों में 34,412 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन में से खर्च की गई राशि 28,281 रुपये है, जो आवंटित राशि का 82 प्रतिशत है। रेलवे के अनुसार सरकार ने भारतीय रेलवे को एक विश्व स्तरीय इकाई में बदलने को प्राथमिकता दी है, जो कि औसतन 2.3 करोड़ भारतीयों को प्रतिदिन देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक सस्ती कीमत पर पहुंचाती है। पिछले एक दशक से लगातार पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) का फल 136 वंदे भारत ट्रेनों, ब्रॉड गेज के लगभग 97 प्रतिशत विद्युतीकरण, नई लाइनें बिछाने, गेज परिवर्तन, ट्रैक के दोहरीकरण, यातायात सुविधा कार्य, सार्वजनिक उपक्रमों और महानगरीय परिवहन में निवेश के रूप में दिखाई दे रहा है। इस पूंजीगत व्यय से अरबों भारतीयों को मामूली लागत पर तेज, सुरक्षित और विश्व स्तरीय यात्रा का अनुभव हुआ है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के गति परीक्षण और सुरक्षा प्रमाणन चरण में होने के साथ, भारत में रेल यात्री बहुत जल्द लंबी दूरी की यात्रा के लिए विश्व स्तरीय यात्रा का अनुभव करने के लिए तैयार हैं।

### दिल्ली पुलिस ने अब तक करीब 100 बांग्लादेशियों को किया डिपोर्ट

**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस अवैध रूप से दिल्ली में डेरा जमाने वाले बांग्लादेशियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। अब तक दिल्ली पुलिस ने करीब 100 बांग्लादेशियों को डिपोर्ट कर चुकी है। ये लोग अवैध तरीके से दिल्ली में छिपकर रह रहे थे। वहीं करीब 500 से ज्यादा संदिग्धों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। लगातार दूसरे महीने दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेशियों पर शुरू की गई अपनी मुहिम जारी रखी हुई है। वहीं दिल्ली पुलिस ने एक और बांग्लादेशी नागरिक को वापस बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया है। यह व्यक्ति पिछले चार महीनों से अवैध तरीके से दिल्ली में इधर-उधर छिप कर रह रहा था।



## संक्षिप्त समाचार

### बाबूलाल ने शेख भिखारी और टिकैत उमराव के बलिदान दिवस पर किया नमन



**एजेंसी । रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें शत-शत नमन किया। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें सादर नमन।मरांडी ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा को भी जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही बाबा बैद्यनाथ से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की है।

### राज्यपाल से भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुलाकात



**एजेंसी । रांची ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें सदैव दायित्वों के निर्वहन के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया।

### जंगली हाथियों ने तोरपा में मचाया आतंक, संत अन्ना कॉन्वेंट की बाउंड्री वाल को तोड़ा



**एजेंसी । खूंटी।** खूंटी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले तो गजराज सिर्फ गांव-देहात में ही जान-माल को नुकसान पहुंचाते थे, पर वे शहरों में भी आतंक मचाने लगे हैं। बुधवार को तड़के जंगली हाथियों ने तोरपा प्रखंड मुख्यालय स्थित संत अन्ना कॉन्वेंट के बाउंड्री वाल और बैकुंड षाड़ंगी की बारी दीवार को तोड़ दिया। गनीमत रही कि कोई उनकी चपेट में नहीं आया। बताया गया कि कुछ लोग दो-तीन जंगली हाथियों को खदेड़ते हुए तोरपा की ओर ले आये। हाथियों ने बैकुंठ षाड़ंगी की दीवार को तोड़ते हुए हिल चौक स्थित संत अन्ना कॉन्वेंट स्कूल में घुस गये और उत्तर दिशा की ओर बाउंड्री वाल को तोड़ते हुए बांसटोली की ओर निकल गये। ज्ञात हो कि तोरपा, कर्रा सहित अन्य प्रखंडों में पिछले पांच दशकों से जंगली हाथियों का आतंक बरकरार है। इस दौरा सैकड़ों लोग मारे गये और करोड़ों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। जंगली हाथियों के आतंक आ आलम यह है कि शाम होने के बाद ही गांव-देहात के लोग घरों में दुबक जाते है और हर ओर सन्नाटा पसर जाता है। सुबह सैर-सपाटे में निकलने वालों ने भी घरों से निकलना बंद कर दिया है। ज्ञात हो कि लगभग एक सप्ताह पहले ही हाथियों ने कर्रा प्रखंड के केदली और छोटा केदली गांव में दो लागों को कुचल कर मार डाला था।

### टीबी मरीजों के बीच पोषाहार का वितरण किया गया



**एजेंसी । लोहरदगा।** सदर अस्पताल परिसर स्थित यक्ष्मा केंद्र में44 टीबी रोगियों के बीच अतिरिक्त पोषण सहायता के तहत पोषण टोकरी (पोषाहार) का वितरण किया गया। साथ ही साथ सभी मरीजो को कंबल भी वितरित दिया गया। पोषाहार वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ शंभु नाथ चौधरी ने कहा कि टीबी लाइलाज रोग नहीं है। इसका सम्पूर्ण और निशुल्क इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। समय से दवा लेने पर छह महीने में टीबी रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि टीबी की दवा का अनियमित सेवन करने से एमडीआर टीबी होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि बेहतर पोषण का सेवन करने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। जिससे टीबी जैसे गंभीर रोग से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान डीटीओ डॉ डी एन सिंह और डॉ अमरेंद्र नाथ डे एसीएमओ ने कहा कि टीबी मरीजों को समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिए। उन्हें नियमित अपने वजन, हीमोग्लोबिन, बलगम की जांच कराकर दवा का सेवन करना है। उन्होंने यक्ष्मा मरीजों को समय पर दवा का सेवन करने और सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए चलाई जा रही कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। डीपीसी अनुराग कुमार ने कहा कि प्रोटीन युक्त खाना खाने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। जिससे शरीर में टीबी की बैक्टीरिया को निष्क्रिय कर देता है। पोषण टोकरी में दाल, चना, गुड़, बादाम, रिफाइन शामिल हैं।

# राज्यपाल ने 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के प्रतिभागियों से किया संवाद

**एजेंसी । रांची**



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को राजभवन में '28वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025' में राज्य के प्रतिभागियों से संवाद किया। महोत्सव 10 जनवरी से 12 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। राज्यपाल ने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह महोत्सव न केवल युवाओं के कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर है, बल्कि भारत की विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आप अपनी कला, ज्ञान और कौशल को प्रस्तुत कर राज्य और देश का नाम रोशन करें। आप अपनी प्रतिभा से विशिष्ट पहचान स्थापित करें एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। राज्यपाल ने प्रतिभागियों के साथ स्टार्ट अप से संबंधित उनके विचार साझा किए। साथ ही युवाओं को प्रेरित किया कि वे रचनात्मक सोच और समाधान आधारित दृष्टिकोण अपनाकर राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाएं। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने प्रतिभागियों को बेहतर पीपीटी प्रस्तुति के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तुति ऐसी हो जो श्रोताओं में उत्सुकता जगाए और उसमें समाधान प्रस्तुत करने की स्पष्टता हो। कार्यक्रम में युवाओं ने मेकिंग इंडिया स्टार्टअप कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड, टेक फॉर विकसित भारत, एंपावरिंग वूमेन एंड इंप्रूविंग, सोशल एंपावरिंग वूमेन एंड इंप्रूविंग सोशल इंडिकेटर, एनहांसिंग प्रोडक्टिविटी इन एग्रीकल्चर विषयों पर पीपीटी प्रस्तुति दी। इस दौरान राज्यपाल ने '28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025' के वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, सचिव, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग मनोज कुमार, निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य संदीप कुमार, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन ललिता कुमारी एवं युवा प्रतिभागी उपस्थित थे।

## आग लगने से 20 ट्रैक्टर पुआल जलकर राख, मुआवजा देने की मांग



**एजेंसी । खूंटी**

मुरहू प्रखंड के ग्राम कुंजला में बुधवार तड़के उमेश महतो और रमेश महतो के घर के पास रास्ते किनारे बिजली के तार आपस में टकराने से आग लग गई। आग की चपेट में आने से बगल में रखे पुआल के ढेर में आग लग गई। इससे लगभग 20 ट्रैक्टर पुआल जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष काशीनाथ महतो घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी खूंटी के थाना प्रभारी और अग्निशमन विभाग को दी और के फायर ब्रिगेड को भी जानकारी दी। फायर ब्रिगेड वालों ने आकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरा पुआल जलकर खाक हो चुका था। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ने प्रशासन से पीड़ित किसानों को अविलंब मुआवजा देने की मांग की है। इस संबंध में उमेश महतो और रमेश महतो ने कहा कि इसी पुआल से वे साल भर अपने मवेशियों को खिलाते थे। अब उन्हें इस बात की चिंता है कि वे साल भर मवेशियों का क्या खिलायेंगे।

## झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड, छाया रहेगा कोहरा

**एजेंसी । रांची**



झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची में बुधवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। राज्य के 11 जिलों में 9 जनवरी को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिले में कहीं-कहीं घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट आ सकती है। इसके बाद अगले 2-3 दिन में इसमें किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटे के दौरान डाल्टेनगंज में हल्के दर्जे की बारिश हुई। नौ और दस जनवरी को कोहरा छाया रहेगा जबकि 11 से 14 जनवरी तक कोहरा के बाद आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेंटीग्रेड लातेहार में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 29.4 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य के एक स्थान डाल्टेनगंज में बहुत हल्के दर्जे की वर्षा हुई। राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा भी देखा गया।

## बालाजी आउटसोर्सिंग कंपनी ने किया समझौता अपराध, राशि रिकवरी की कार्रवाई की जाए : मंत्री

**एजेंसी । पलामू**



मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी के खिलाफ कार्रवाई की पूरी संभावना है। बुधवार को एमआरएमसीएच में पुलिस आउटपोस्ट का उद्घाटन करने पहुंचे राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि बालाजी आउटसोर्सिंग कंपनी ने एग्रीमेंट के विपरीत कार्य करके समझौता अपराध किया है। इसे आर्थिक अपराध भी कहा जा सकता है। एग्रीमेंट के अनुसार 300 बेड अस्पताल के आलोक में 135 सफाईकर्मी देने थे, लेकिन पिछले दिनों उनके निरीक्षण में मात्र 51 कर्मियों की हाजिरी बनी थी और 47 उपस्थित पाए गए थे। इसी तरह 4 जनवरी को डॉ आरके रंजन की जांच में मात्र 12 कर्मी ही पाए गए थे। कभी 12 तो कभी 20 तो कभी 25 की उपस्थिति सफाई कर्मियों की रही है। यह सरकारी राशि का गबन है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रत्येक महीने साढे 13 लाख रुपए बालाजी कंपनी को देती है। पैसे लेने के बाद भी बालाजी कंपनी के द्वारा 135 कर्मियों को बहाल नहीं किया गया। ऐसे में यह मामला आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है। अधिक भुगतान की रिकवरी की कार्रवाई की जाए और पूरे मामले की जांच की जाए कि अब तक कंपनी के जरिये कितनी सरकारी राशि का गबन किया है। सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। मंत्री ने कहा कि चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी।

## पांडेय गिरोह गैंगवार में गैंगस्टर की पत्नी सहित दो गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**एजेंसी । पलामू**



पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा गांव में रविवार की रात अपराधियों की अंधाधुंध गोलीबारी में मारे गए पांडेय गिरोह के दो अपराधियों भरत सिंह उर्फ भरत पांडेय और दीपक साव उर्फ ढुल्ला की हत्या के मास्टर माइंड गैंगस्टर किशोर पांडे की पत्नी निशि पांडेय एवं साले निशांत सिंह को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दोनों को रामगढ से गिरफ्तार करके मेदिनीनगर लाया गया एवं जेल भेजने से पहले एमआरएमसीएच में मेडिकल जांच करायी गयी। इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। कोर्ट में पेशी एवं मेडिकल जांच के दौरान बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया गया था। अस्पताल में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान तैनात थे। गैंगस्टर भरत पांडेय एवं दीपक साव हत्याकांड में रामगढ़ की निशि पांडेय एवं निशांत सिंह नामजद आरोपित हैं। हत्याकांड में शामिल शूटरों की तलाश में पुलिस कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि पांडेय गिरोह के दो अपराधियों भरत और दीपक की हत्या की साजिश हजारीबाग जेल में बंद विकास तिवारी ने रची थी। विकास तिवारी भोला पांडेय-किशोर पांडेय गिरोह से ताल्लुक रखने वाला है। फिलहाल यह गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव की हत्या के जुर्म में हजारीबाग जेल में आजीवन सजा काट रहा है। इसने ही दोनों के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए गुर्गे भेज हत्या करा दी। विकास पांडेय को भोला पांडेय गिरोह का सरगना भी माना जाता है। वह भोला पांडे का भांजा है। पहले भोला पांडे और फिर किशोर पांडे की हत्या के बाद गिरोह का संचालन विकास तिवारी ही कर रहा था। विकास तिवारी रामगढ़ के पतरातू का रहने वाला है। इस गैंगवार की जांच करते हुए पलामू पुलिस की एसआईटी ने रामगढ़ पुलिस के सहयोग से बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने पतरातू के स्टीम कॉलोनी स्थित आवास से गैंगस्टर किशोर पांडेय की पत्नी निशि पांडेय और उसके भाई निशांत सिंह को गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर किशोर पांडेय की पत्नी निशि पांडेय वर्तमान में कोयला यूनियन जनता मजदूर संघ की केंद्रीय उपाध्यक्ष भी है।

## डालसा ने कई गांवों में चलाया विधिक जागरुकता अभियान



**एजेंसी । खूंटी**

झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में बुधवार को नालसा के जरिये संचालित 90 दिवसीय'आउटरीच अभियान पर बरदा, (तपकरा), हारूहापा (कर्रा), राजकीय कृत उच्च विद्यालय और जरियागढ़ थाना में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अभी लगातार 90 दिनों तक चलता रहेगा। अभियान में मुख्य विषय वाहन दुर्घटना मुआवजा प्राप्त करने संबंधी, लेबर कार्ड बनाने संबंधी , जन्म प्रमाण पत्र, महिलाओं से जुड़े अधिकार एवं राशन कार्ड बनाने आदि के संबंध में जानकारी दी गई। डालसा के पीएलवियों ने कार्यक्रम में लोगों को जागरूक किया और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के बारे मे बताया। यह जानकारी डालसा की सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी। इस जागरूकता कार्यक्रम में टीम के पीएलबी उपस्थित रहे।

## परिजनों के चित्कार से गूंज उठा गोला, आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक ड्राइवर को पीटा

### गुस्से में भीड़ ने ट्रक को किया क्षतिग्रस्त, सदर अस्पताल में चल रहा ड्राइवर का इलाज

**एजेंसी । रामगढ़**





रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में हुई सड़क दुर्घटना में तीन बच्चों की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पहुंचे परिजनों के चित्कार से पूरा गोला प्रखंड गूंज उठा। कोई अपने बच्चों के शव को लेकर छाती पीट रहा था, तो कोई घायल बच्चे को इलाज करने के लिए दौड़ रहा था। इस हादसे के बाद ग्रामीण इतने गुस्से में थे कि उन्होंने ट्रक ड्राइवर को पकड़कर जमकर पीटा। उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है। लोगों का गुस्सा इतना अधिक था कि उन लोगों ने उस ट्रक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया जिसने तीन मासूम बच्चों की जान ले ली। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक ममता देवी, रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, सीडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, गोला अंचल अधिकारी समरेश भंडारी वहां पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया ।

**तीन स्कूली बच्चे और ऑटो चालक की मौत-** गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत तिरला मोड़ पर बुधवार को स्कूली बच्चों से भरे एक ऑटो को एलपी ट्रक (डब्ल्यूबी 33 डी 7015) ने टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रक भी पलट गया। इस हादसे में तीन स्कूली बच्चे और एक ड्राइवर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में 12 स्कूली बच्चे भी घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी बच्चे सरलाखुर्द और पतरातू गांव के रहने वाले हैं। फिलहाल मृतकों के नाम का पता नहीं चला है, लेकिन वह भी सरलाखुर्द गांव के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं। घायलों में पतरातू गांव निवासी उज्जवल ठाकुर( 11), अंश कुमार( 5) , सुजीत कुमार( 11), श्री कुमारी( 9), अंशुका कुमारी(11), कृष्णा करमाली (6), राशि कुमारी (5), अनमोल नायक( 5), राधिका कुमारी (6) और आयुष कुमार साहू (8) शामिल है। घायलों में ट्रक ड्राइवर भी शामिल है।

**बंगाल से आलू लेकर गोला की तरफ आ रहा था ट्रक-** बंगाल से आलू लेकर गोला की तरफ आए ट्रक ने स्कूली बच्चों से भरे ऑटो को टक्कर मार दी थी । सभी बच्चे सरलक खुर्द और पतरातू से ऑटो पर सवार होकर तिरला स्थित गुडविल स्कूल में पढ़ने जा रहे थे। तिरला मोड़ पर जैसे ही ऑटो पहुंचा विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। इस हादसे में ऑटो चालक संग्रामपुर गांव निवासी सरफराज की भी मौत हो गई है।

**सरकार के आदेश के खिलाफ संचालित हो रहा था विद्यालय-** गोला प्रखंड का गुडविल स्कूल सरकार के आदेश के खिलाफ संचालित किया जा रहा था। ठंड की वजह से राज्य सरकार ने पहले ही कक्षा 8 तक की छुट्टी 13 जनवरी तक बढ़ा दी थी। इस आदेश के आलोक में जिला प्रशासन ने भी एक आदेश जारी किया था। रामगढ़ डीसी ने भी 13 जनवरी तक विद्यालयों में कक्षा 8 तक के बच्चों की छुट्टी रखना को कहा था। लेकिन गुडविल विद्यालय ने जिला प्रशासन के आदेश को धत्ता बताते हुए ना सिर्फ विद्यालय खोला, बल्कि छोटे बच्चों को असुरक्षित वाहन से आने को मजबूर किया।




हिन्दी दैनिक
RNI : JHAHIN/2014/54374
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 09 जनवरी, 2025



# खराब प्रदर्शन पर उपायुक्त ने लिया सख्त रुख, संबंधित अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो:** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में खराब प्रदर्शन को लेकर उपायुक्त ने सिविल सर्जन (सीएस), जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम), सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआइसी), प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम), और आईईसी इंचार्ज से स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही, अगले आदेश तक सभी संबंधितों का वेतन स्थगित करने का निर्देश भी जारी किया।

बैठक में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, दवाओं के वितरण, पोस्टपार्टम चेकअप, फैमिली प्लानिंग, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) के तहत सेवाओं की समीक्षा की। नावाडीह, कसमार, और गोमिया प्रखंड के अधिकारियों की खराब कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रदर्शन में तत्काल सुधार किया जाए।

**सख्त निर्देश:-** प्रखंड स्तर पर निगरानी बढ़ाएं: एमओआइसी को अपने मुख्यालय में आवास करने और योजनाओं की नियमित समीक्षा करने को कहा गया।

गर्भवती महिलाओं का ध्यान: एएनसी रजिस्ट्रेशन, समय पर जांच, और पोषण दिवस पर नियमित सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

विशेष कैंप का आयोजन: कसमार, नावाडीह, और गोमिया में विशेष स्वास्थ्य कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया गया।

निजी क्लीनिकों के एमओयू का पालन: एमओयू के तहत गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सेवाओं का प्रचार-प्रसार और प्रतिदिन का प्रतिवेदन जिला कार्यालय को सौंपने का निर्देश दिया गया।

परिवार नियोजन पर जोर: परिवार नियोजन योजनाओं में लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन न होने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई।

**खराब प्रदर्शन पर कार्रवाई:-** आईईसी इंचार्ज और जिला समन्वयक पर कार्य में रुचि नहीं लेने और योजनाओं के प्रचार-प्रसार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए उपायुक्त ने उनके वेतन को अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया।

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर जोर:-** उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में प्रदर्शन सुधारने और मरीजों को नाश्ता, भोजन, और यात्रा खर्च जैसी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बीडीओ के साथ समन्वय कर अस्पताल में इलाजरत मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

इस बैठक में उपायुक्त ने स्वास्थ्य योजनाओं में जिले का प्रदर्शन बेहतर करने और सभी संबंधित अधिकारियों को जवाबदेही सुनिश्चित करने का सख्त संदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

# बोकारो इस्पात संयंत्र में ग्रीनको रेटिंग सिस्टम का शुभारंभ

- पर्यावरण मैत्री उत्पादन और हरित बुनियादी ढांचे लिए नवाचार को मिलेगा बढ़ावा
- 1000 से अधिक इकाइयां कर रही काम, 3500 करोड़ रुपए की वार्षिक बचत



**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो :** भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) की ओर से विकसित ग्रीनको रेटिंग सिस्टम उत्पादन कंपनियों को पर्यावरण को बेहतर बनाने में सहायता प्रदान करता है। ग्रीनको रेटिंग सिस्टम ऊर्जा के क्षेत्र में दस मुख्य कारकों दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी, अपशिष्ट प्रबंधन, सामग्री संरक्षण, पुनर्चक्रण हरित आपूर्ति श्रृंखला, उत्पाद भण्डारण, जीवन चक्र मूल्यांकन, पर्यावरण और हरित बुनियादी ढांचे के लिए नवाचार और पारिस्थितिकी जैसे प्रथाओं के मूल्यांकन और उन्हें बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। बुधवार को बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में ग्रीनको रेटिंग सिस्टम पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकारी निदेशक प्रभारी एवं अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी ने परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, बीजीएच के प्रभारी डॉ. बी बी करुणामय, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सी. शिवानंद, विवेक कुमार सिंह एवं रवि कुमार के साथ मुख्य महाप्रन्धक, विभागाध्यक्ष तथा वरीय अधिशासीगण उपस्थित थे।

**सेल में ट्रेनिंग के लिए पहली इकाई बनी बीएसएल-** आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बोकारो स्टील प्लांट को सेल की पहली इकाई के रूप में ग्रीनको रेटिंग सिस्टम के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चुना गया है। बीएसएल में इसके परिचालन और कार्यान्वयन के आधार पर इस सिस्टम को सेल के अन्य इकाइयों में लागू करने का निर्णय लिया जाएगा। वर्तमान में, 1000 से अधिक इकाइयां अपनी वृद्धि के लिए ग्रीनको रेटिंग को लागू करने पर काम कर रही हैं। ग्रीनको को अपनाने के बाद कंपनियों को 3500 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत हुई है। एनपी श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (ईसीएस) ने सभी लोगों का स्वागत किया। नितेश रंजन, सहायक महाप्रबंधक (ईसीएस) के द्वारा बोकारो स्टील में अपनायी गयी प्रक्रियाओं पर एक प्रस्तुतीकरण किया गया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के ग्रीनको टीम के द्वारा भी एक प्रस्तुतीकरण किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्रॉस फंक्शनल टीमों का गठन किया गया है, जो मिलकर ग्रीनको रेटिंग प्रणाली के लागू करने के बारे में काम करेंगी।

कार्यक्रम का आयोजन बिज़नेस एक्सीलेंस विभाग के विभागाध्यक्ष एके के सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन बिज़नेस एक्सीलेंस विभाग की वरीय प्रबंधक देवयानी चक्रवर्ती ने किया तथा कार्यक्रम का समापन अनुपमा तिवारी, महाप्रबंधक (बिज़नेस एक्सीलेंस) के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# प्रि-बोर्ड परीक्षा में छात्रों की कम उपस्थिति पर 28 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण

**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो:** कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं के लिए 7 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय प्रि-बोर्ड परीक्षा में कम उपस्थिति के मामले में जिले के 28 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रभारी प्रधानाध्यापकों से जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) ने स्पष्टीकरण मांगा है। डीईओ ने तीन दिनों के भीतर जवाब समर्पित करने का निर्देश दिया है।

**कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी:-** उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देशानुसार डीईओ ने कहा कि परीक्षा के आयोजन से पहले सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया था कि बच्चों को परीक्षा के बारे में सूचित करें और उनकी शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। इसके लिए 6 जनवरी को ऑनलाइन बैठक में विस्तृत दिशा-निर्देश भी दिए गए थे।

इसके बावजूद, 7 जनवरी को आयोजित प्रि-बोर्ड परीक्षा के पहले दिन जिले के 28 विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति 50 प्रतिशत या उससे भी कम रही। विशेष रूप से कसमार प्रखंड के 11 में से 5 विद्यालयों में उपस्थिति बेहद कम दर्ज की गई, जो अत्यंत खेदजनक है।

**अखबारों में प्रकाशित हुआ मामला:-** छात्रों की कम उपस्थिति का मामला स्थानीय अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ, जिसके बाद जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया।

**डीईओ ने मांगा जवाब:-** डीईओ ने प्रधानाध्यापकों/प्रभारी प्रधानाध्यापकों से पूछा है कि उनके विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति कम क्यों रही और इसे बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किए गए। सभी से पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के भीतर जवाब उपलब्ध कराने को कहा गया है।

**अग्रिम कार्रवाई की चेतावनी:-** जवाब समय पर नहीं देने की स्थिति में संबंधित प्रधानाध्यापकों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भविष्य में परीक्षा प्रबंधन और छात्रों की उपस्थिति में सुधार के लिए कड़े कदम उठाने के संकेत दिए हैं।

# झारखंड आंदोलनकारी धानसिंह मुंडारी की मनाई गई 9वीं पुण्यतिथि

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो :** झारखंड आंदोलनकारी धानसिंह मुंडारी की 9वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सेक्टर 8 स्थित ग्रीन टाइगर फोर्स कार्यालय में ग्रीन टाइगर फोर्स और बिरसा मुंडा समिति के तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी आत्मा शांति की प्रार्थना की गई। अध्यक्षता ग्रीन टाइगर फोर्स के अध्यक्ष संजय गागराई ने किया। संबोधित करते हुए श्री गागराई ने कहा कि स्व मुंडारी झारखंड राज्य का निर्माण के लिए अपनी जीवन का स्वर्णिम समय आंदोलन में बिताए। अलग राज्य के आंदोलन में इनकी भूमिका जुझारू नेता के रूप में रही। उनका राजनीतिक जीवन झामुमो से प्रारंभ हुआ जहां उन्होंने बढ़-चढ़कर आंदोलन में भाग लिया। वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सदस्यों में से एक है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ साया के तरह रहने वाला व उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर अलग राज्य के लिए आंदोलनरत रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं के द्वारा उनके द्वारा किए गए अच्छी कार्यों एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर मथुरा सिंकु, सूरज लगुरी, कृष्णा कुमार, मोनू रजवार, शुभम कुमार, आदित्य कुमार, मुकेश कुमार, मोहित कुमार, रोशन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वदेशी मेला में सहारनपुर और गया की हैंडीक्राफ्ट वस्तुएं बनी आकर्षण का केंद्र

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो:** सेक्टर-4 के मजदूर मैदान में आयोजित स्वदेशी जागरण मंच के इस्पातांचल स्वदेशी मेला में सहारनपुर और गया की हैंडीक्राफ्ट वस्तुएं हर उम्र के लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। विशेष रूप से सहारनपुर की लकड़ी के बने खिलौने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को खूब लुभा रहे हैं। लोग बड़ी संख्या में लकड़ी से बने सजावटी सामान और खिलौने खरीद रहे हैं।

**ज्ञान, ध्यान और गान से लोगों को मिली नई ऊर्जा-** मेले में घूमने आए नगरवासियों के लिए आयोजित ज्ञान, ध्यान और गान संध्या में आर्ट ऑफ लिविंग के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आर्ट ऑफ लिविंग के डीडीसी राम नारायण जी ने बताया कि इस संगठन से जुड़कर तनाव मुक्त जीवन और हिंसा मुक्त समाज की स्थापना की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के सिद्धांतों को अपनाने से न केवल व्यक्तिगत जीवन बल्कि सामाजिक जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आता है। इन सिद्धांतों को एम्स, वर्ल्ड साइकाइट्रिक संगठन और वर्ल्ड साइंटिस्ट संगठन ने प्रमाणित किया है। उन्होंने कहा कि इनका पालन कर हम "वसुधैव कुटुंबकम" की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।

**रंगारंग कार्यक्रमों से मेला बना आकर्षक-** स्वदेशी मेला में दर्शकों के मनोरंजन और खरीदारी का विशेष ध्यान रखा गया है। हर दिन विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो मेले की रौनक को बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक दीपक कुमार और शिक्षिका संध्या देवी ने दीप प्रज्वलित कर की।

**मेले में उमड़ी भीड़-** स्वदेशी मेला न केवल स्थानीय लोगों के लिए खरीदारी का केंद्र बना है, बल्कि यहां के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी लोगों का दिल जीत लिया है। सहारनपुर और गया की हैंडीक्राफ्ट वस्तुएं, मनोरंजक गतिविधियां और प्रेरणादायक कार्यक्रमों ने मेले को खास बना दिया है।

# बोकारो में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, पूर्व सांसद ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के वैशाली मैदान में धर्म जन जागरण समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा के शुभारंभ के मौके पर धनबाद लोकसभा के पूर्व सांसद श्री पशुपतिनाथ सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्रीमद् भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भागवत कथा अत्यंत प्रासंगिक है, विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए। भागवत ज्ञान आज की पीढ़ी को नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है।

**गरीबों के बीच कंबल का वितरण-** भागवत कथा के शुभारंभ के बाद पूर्व सांसद ने नगर के विभिन्न मंदिरों का भ्रमण किया और ठंड से परेशान गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि शीतलहर के कारण बेघर और जरूरतमंद लोग कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने सामर्थ्य के अनुसार गरीबों की मदद करें, ताकि इस कठिन ठंड के मौसम में वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें।

इस कार्यक्रम की जानकारी पूर्व सांसद के प्रतिनिधि अशोक कुमार वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि भागवत कथा में प्रतिदिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं और यह कथा समाज को आध्यात्मिक और नैतिक प्रेरणा प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

भागवत कथा सप्ताह के दौरान श्रद्धालु कथा वाचन का आनंद उठा सकेंगे, जिसमें धर्म और आध्यात्मिकता से जुड़े संदेश दिए जाएंगे। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# सांसद से मिला फेडरेशन प्रतिनिधिमंडल



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** सेल एससी-एसटी इम्प्लाईज फेडरेशन केंद्रीय कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बोकारो यूनिट अध्यक्ष एमके अभिमन्यु के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो से उनके आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को नववर्ष की बधाई दी, साथ ही बोकारो की समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। सांसद श्री महतो ने भी फेडरेशन के लोगों बधाई देते हुए श्रमिकों के हित में अपनी ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर पूर्व भीष्म बैठा, सुरेश कुमार पासवान, पीयूष कुमार, इन्दिरा देवी, खुशबू कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भोपाल में झारखंड के बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में बोकारो के छह बच्चों सहित 14 बाल वैज्ञानिक हुए शामिल




**बोकारो :** झारखंड के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवाया है। भोपाल (म.प्र.) के रवीन्द्र भवन कन्वेंशनल हॉल में 03-06 जनवरी 2025 को आयोजित 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में राज्य के 14 बाल वैज्ञानिकों ने अपने वैज्ञानिक कौशल का परिचय दिया। इनमें बोकारो की 6 टीमें शामिल रहीं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की ओर से आयोजित इस 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में भारत सहित विदेशों से भी कुल 680 बाल वैज्ञानिकों की प्रस्तुति रही। सभी टीमों ने कार्यक्रम के मुख्य विषय - 'स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना' पर अपने प्रदर्श प्रस्तुत किए। इनमें झारखंड टीम में शामिल विद्यार्थियों ने अपनी कुशल रचनात्मकता और नवोन्मेषता की बदौलत सबकी भरपूर सराहना पाई।

साइंस फॉर सोसाइटी, झारखंड एवं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के शैक्षणिक समन्वयक राजेन्द्र कुमार ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि पूरे देश में राज्य स्तरीय आयोजन के लिए हरेक राज्य में एक-एक नोडल संस्था है। झारखंड में इस आयोजन के लिए साइंस फॉर सोसाइटी को अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में 14 जिले से चयनित 84 बाल वैज्ञानिकों में से 14 बाल वैज्ञानिकों का चयन राष्ट्रीय प्रतिभागिता के लिए हुई थी।

राष्ट्रीय प्रतिभागी में शामिल झारखंड की टीम में बोकारो से परमेश्वर महतो, वेदिका राज सिंह, ज़ीनत अमान, अभिनेत्र, शुभम कुमार सिंह व अनिकेत जायसवाल, देवघर के ग्रंथ मोदी, अमेय भव्या व मोहित कुमार, दुमका की नेहा बास्की, साहिबगंज से मनीष कुमार मंडल, गिरिडीह की खुशबू कुमारी, रांची के रिदम राज तथा धनबाद से कुशिक राय शामिल रहे। टीम राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस झारखंड के स्टेट कोआर्डिनेटर डीएनएस आनंद, स्टेट एकेडमिक कोआर्डिनेटर राजेन्द्र कुमार तथा एस्कॉर्ट टीम के रूप में सुनील कुमार राय, आलोक कुमार, पुष्पलता कुमारी तथा शिखा दत्ता भी शामिल रहीं। बच्चों ने वहां झारखंडी नृत्य की प्रस्तुति भी दी तथा अपने राज्य की समृद्ध कला-संस्कृति व परंपरा को प्रदर्शित किया।

# ईश्वरीय कृपा से ही मानव-जीवन की सफलता संभव : सांसद दुल्लू

राष्ट्रीय मुख्यधारा

## श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन ध्रुव-चरित्र प्रसंग का हुआ बखान



**बोकारो :** जीवन में आध्यात्मिकता अत्यंत आवश्यक है। बिना भगवान की कृपा के कुछ भी पाना संभव नहीं है। ईश्वर की कृपा से ही मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है। ये बातें धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो ने कही। बुधवार को नगर के सेक्टर- 9 स्थित वैशाली मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान-यज्ञ के दूसरे दिन वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। धर्म जनजागरण समिति की ओर से इस आठदिवसीय अनुष्ठान का दीप प्रज्जवित कर उद्घाटन करते हुए इस प्रकार के आयोजन को महत्वपूर्ण बताया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति झारखंड कुमार अमित, मंटू राय, ब्रज दुबे, योगेन्द्र कुमार आदि भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कथा में आचार्य वशिष्ठ देशमुख महाराजजी ने ध्रुव के चरित्र की चर्चा की। महाराज जी ने कहा कि ध्रुवजी को यह नहीं पता था कि कहां जाना हैं, लेकिन वह पूरे दृढ़ निश्चय के साथ वन में चलते गए। भगवान की ओर बढ़ते समय ध्रुव को देवर्षि नारद मिले। नारद जी ने ध्रुव की पूरी बात सुनी और कहा- बेटा, तुम अभी बहुत छोटे हो, इस उम्र में क्या मान अपमान? तुम प्रसन्न रहो और भगवान के द्वारा जैसा निर्धारित होता है, उसमें संतोष करो। भगवान से मिलना कठिन होता , और बड़े योगी और मुनि बहुत लंबे समय तक तपस्या करने के बावजूद भगवान के दर्शन को अनेक जन्मों के बाद ही प्राप्त कर पाते हैं। देवर्षि की बातों के बावजूद, ध्रुव के निश्चय में कोई बदलाव नहीं हुआ। देवर्षि ने ध्रुव की पूरी आस्था को देखकर उन्हें भगवत प्राप्ति का मंत्र देने का निश्चय किया। ध्रुवजी पर सन्त कृपा हुई देवर्षि ने उन्हें आशीर्वाद दिया- बेटा! तेरा कल्याण होगा। अब तुम श्री यमुना जी के तट पर जाओ। वहां पर निरंतर 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' इस द्वादश मंत्र का जाप करो। इस कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्यों के रूप में गौरांग चंद्र, गणेश अग्रवाल, रवि शंकर, मनीष कुमार पाण्डेय, कुलदीप कुमार, रामनरेश प्रसाद, सुजीत कुमार, गगन दास, अशोक महली, मनोज कुमार, गणेश महतो, नरेश कंधवे, अनमोल, बीरेंद्र कुमार, अमित गिरि, आशीष कुमार, जयंत दत्ता, विजय कुमार, यशराज आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

## पेसा कानून और समता जजमेंट लागू करने से मूलवासी सदान अपने अधिकार से पूरी तरह से वंचित हो जायेंगे : राजेंद्र प्रसाद

- असंवैधानिक तरीके से सदानों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है
- बेड़ो में हुई विचार गोष्ठी में सदानों ने हक के लिए भरी हूंकार



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बेड़ोः** मूलवासी सदान मोर्चा का बारीडीह पहड़ा मैदान बेड़ो में मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष धनंजय कुमार राय की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों को असंवैधानिक तरीके से उनके अधिकारों को वंचित किया जा रहा है। कहा कि मूलवासी सदानों के ऊपर हो रहे अत्याचार पर सभी दलों के सदान विधायक व सांसद चुप्पी साधे हुए हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पेसा कानून और समता जजमेंट लागू करने से मूलवासी सदान अपने अधिकार से पूरी तरह से वंचित हो जायेंगे। उन्होंने केन्द्र सरकार से झारखण्ड में परिसीमन जल्द से जल्द कराने की मांग की है। वहीं गोष्ठी में सर्वसम्मति से आगामी 19 जनवरी को रांची में मूलवासी सदानों का मिलन समारोह व फरवरी महीने में बेड़ो में एक पिकनिक का आयोजन किया जाएगा। मौके पर मोर्चा के सुशील कुमार साहु,बसंती देवी,नवदीप मह तो,सरिता देवी,सुरेश महतो, विश्वनाथ गोप,धनंजय मह तो,मोती गुप्ता,लक्ष्मी साहु,मोहन शेखर व लाल संजय नाथ शाहदेव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## बेड़ो में 12 जनवरी को होगा राष्ट्रीय युवा दिवस एवं राम लला की अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ समारोह का आयोजन

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बेड़ोः** रातु अंचल अन्तर्गत आने वाले एकल अभियान बेड़ो संच के तत्वावधान में आगामी 12 जनवरी को महादानी मंदिर परिसर में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं राम लला की अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं शोभायात्रा के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा एवं सुन्दर काण्ड के पाठ के बाद विशाल भंडारा का आयोजन होगा। शोभा यात्रा में बेड़ो के ग्रामीणों के अलावा नगड़ी,लापुंग , मांडर,चान्हों व ठाकुरगांव एकल अभियान के ग्रामीण एवं हिंदू संगठन के लोग भाग लेंगे। साथ ही एकल अभियान अध्यक्ष ,विहिप अध्यक्ष,राम सेना अध्यक्ष, एबीवीपी, हिन्दू जागरण मंच, राष्ट्रीय स्वयं संघ एवं विभिन्न हिन्दू संगठनों के सदस्य भी शामिल रहेंगे। इधर सभी हिन्दू संगठनों ने इस अवसर पर सभी ग्रामीणों से शोभा यात्रा ,भंडारा के आयोजन में शामिल होकर व शाम में हर घर में दीप जलाकर उत्सव मनाने की अपील किया है। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी हिन्दू संगठनों के सदस्य लगे हुए हैं। यह जानकारी एकल अभियान अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता व संस्कार प्रमुख मुकेश कुमार राय ने दी है।

## गुडविल मिशन स्कूल अगले आदेश तक हुआ सील




**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत गुडविल मिशन स्कूल को डीसी के आदेश के बाद बुधवार की शाम सील कर दिया गया है। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि इस विद्यालय के जरिये सरकारी आदेश की अवहेलना की गई थी जिसकी वजह से बच्चे स्कूल जा रहे थे। सड़क दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन के जरिये यह बड़ी कार्रवाई की गई है। विद्यालय को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक दंडाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, अंचल अधिकारी गोला, बीडीओ गोल की उपस्थिति सील कर दिया गया है। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक और प्राचार्य के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई है ।

## कोयले के अवैध खनन के खिलाफ एसडीओ ने किया छापेमारी

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः चतरा।** कोयले के अवैध खनन की सूचना पर सिमरिया एसडीओ सन्नी राज के नेतृत्व में बुधवार को एक टीम ने टंडवा में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अशोका परियोजना के अंतर्गत लुकाइया और झूलनडीहा जंगल के सीमाओं पर टीम ने जायजा लिया। जांच के दौरान जंगलों से अवैध खनन के सबुत तो मिले पर कोई भंडारण नहीं मिला। जांच टीम में शामिल सीओ बिजय कुमार दास ने बताया कि टंडवा से अवैध कोयला खनन और डिस्पैच की सूचना पर जिला प्रशासन ने यह कदम उठाया है। इस मौके पर खनन विभाग के इंस्पेक्टर राजेश हांसदा और सीओ समेत कई अधिकारी शामिल थे।

# बेड़ो : गाय भैंसों में उन्नत किस्म के नस्ल सुधार हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अधिकतम दुग्ध उत्पादन के लिए गाय भैंसों में नई तकनीक से नस्ल सुधार हमारा लक्ष्य : सुकुमार शर्मा**

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**बेड़ोः-** गाय भैंसों का अधिकतम गर्भाधान व दुग्ध उत्पादन हमारा लक्ष्य है। उक्त बातें एबीएस इण्डिया के तीन राज्यों के प्रमुख सुकुमार शर्मा ने कहीं। वे झारखंड पशु विकास फर्म, एबीएस इण्डिया व फर्म के बेड़ो शाखा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पुराना कोल्ड स्टोरेज बेड़ो के परिसर में आयोजित गाय भैंसों में उन्नत किस्म के नस्ल सुधार हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नई तकनीक के तहत जेनोमिक सिमन स्पर्म पशुपालकों के लिए बेहद लाभकारी है। बछिया वाला सिमेन से अधिकतम मादा पशुओं का उत्पादन हो। शिविर में ऐसी नई तकनीकियों की चर्चा हुई जिससे पशु समय से अधिकतम गर्भधारण कर सकें। वहीं पशुपालक खर्च और प्रति पशु उत्पादन अनुरूप होने पर इसे पशुपालकों के लिए लाभकारी बताया गया। शिविर में कृत्रिम गर्भाधान कर्ताओं ने सामान्य सिमेन की जगह नवीनतम तकनीक से बना जिनोमिक सिमेन ही उपयोग करने का संकल्प लिया। जिससे पशुपालक खुशहाल हो सकें। वहीं मौके पर झारखंड पशु विकास फर्म के सुकुमार कवि शर्मा, राजीव रंजन,पशुपालन पर्यवेक्षक भरत पासवान, नंदलाल गोप, जलेश्वर शाही, शिवदेव सिंह, विजय महतो, अशोक गोप, अर्जुन साहु व आदित्य गोप समेत दर्जनों पशुपालक मौजूद थे। शिविर की अध्यक्षता शिवदेव सिंह, संचालन राजेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन रितेश्वर लाल यादव ने किया।

## सांसद ढुल्लू महतो और विधायक शत्रुघ्न महतो समेत 12 लोग बरी, 18 साल बाद आया कोर्ट का फैसला

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**धनबादः** सांसद ढुल्लू महतो और उनके भाई विधायक शत्रुघ्न महतो को कोर्ट ने बड़ी राहत दी है. 18 वर्षों से चल रहे एक मामले में सांसद ढुल्लू महतो और उनके भाई विधायक शत्रुघ्न महतो समेत 12 लोगों को बरी कर दिया गया है.

अवैध रूप से जमा होकर झारखंड सरकार के मंत्री का पुतला फूंकने, जदयू कार्यकर्ताओं को मारपीट कर घायल करने और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में सांसद ढुल्लू महतो, उनके बड़े भाई और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो समेत 12 लोगों को आज बरी कर दिया गया है.

यह फैसला एमपी-एमएलए विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत ने सुनाया है. कोर्ट ने मामले में नामजद सभी आरोपियों को उपस्थित रहने का आदेश दिया था और फैसले के लिए 8 जनवरी की तिथि निर्धारित की थी. बरोरा थाना प्रभारी बीडी सिंह की शिकायत पर 25 जून 2006 को बरोरा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी.

इस फैसले के बाद ढुल्लू महतो और शत्रुघ्न महतो ने कहा कि उन्हें शुरू से ही न्यायालय पर भरोसा था कि उन्हें न्याय मिलेगा. ढुल्लू महतो ने कहा कि तत्कालीन मंत्री जलेश्वर महतो द्वारा लगाए गए झूठे आरोप से मैं बरी हो चुका हूं और मेरे खिलाफ दर्ज सभी झूठे मामलों में भी मुझे बरी किया जा रहा है. मुझे न्यायालय पर पूरा भरोसा है, भविष्य में भी मुझे न्याय मिलेगा.

वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि ये सभी आरोप राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के तहत लगाए गए थे, जिसमें एक मामले में ढुल्लू महतो और शत्रुघ्न महतो समेत सभी 12 लोगों को आज बरी कर दिया गया है.

## लापुंग में भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने चलाया सदस्यता अभियान

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**लापुंगः** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत बुधवार को लापुंग प्रखंड के लालगंज बाजार में मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहू की अगुवाई में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें दर्जनों ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। जहां सन्नी टोप्पो ने ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा क्षेत्र के लोग अधिक से अधिक जारी नंबर पर मिस कॉल कर भाजपा के सदस्य बनें।अंत्योदय एवं गरीब कल्याण को समर्पित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करे। इस सदस्यता अभियान में गरीब किसान युवा महिलाओं से जुड़ रही है। कार्यक्रम में चरकु साहू,विजय सिंह,फलिन्दर हजाम,गोपाल महली,अवन्त लोहरा, संदीप उरांव,रंजन गुप्ता,अशोक साहू,अनुप साहू कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मत्स्य निदेशालय में एस.सी./एस.टी. अधिकारियों का आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**रांचीः** झारखंड सरकार के कृषि मंत्रालय के अधीनस्थ मत्स्य निदेशालय में अनुसूचित जाति (एस.सी.) और अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) के अधिकारियों को आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। मामला एसीपी (अग्रिम कैरियर प्रगति) और एमएसीपी (मोडिफाइड एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन) से संबंधित है।

पांचवें वेतन आयोग की सिफारिश के अनुसार, यदि कोई कर्मचारी एक ही पद पर 10 वर्षों से अधिक कार्यरत है, तो उसे एसीपी के तहत दूसरे वेतन स्केल का लाभ दिया जाना चाहिए। इस सिफारिश को छठे और सातवें वेतन आयोग में भी जारी रखा गया। सातवें वेतन आयोग ने एमएसीपी लागू किया, जिसके तहत कर्मचारियों को उनके सेवा काल के 10वें, 20वें, और 30वें वर्ष में तीन बार वित्तीय उन्नयन का लाभ दिया जाना है।

**वित्तीय लाभ से वंचित अधिकारी-** मत्स्य निदेशालय में अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकारियों जैसे रवि रंजन कुमार, बिरेन्द्र कुमार बिनहा, निर्मला प्रभा मिंज, और मरियम मुर्मू को जानबूझकर इन लाभों से वंचित रखा गया है। ये अधिकारी अपनी सेवा के 30 वर्ष पूरे कर चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें एक भी वित्तीय उन्नयन का लाभ नहीं दिया गया है।

यह वेतन आयोग की सिफारिशों, सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों (1991 SCC 109 और SCC 570), और भारत सरकार के कार्मिक मंत्रालय के आदेश (27/28 सितंबर 2016 और 23 मार्च 2020) का स्पष्ट उल्लंघन है।

**शिकायतें और कार्रवाई-** इस गंभीर मामले को लेकर संगठन ने राज्य के मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, और कृषि मंत्रालय के सचिव को पत्र प्रेषित किया है। वहीं, अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार ने भी इस मामले को संज्ञान में लेते हुए मत्स्य विभाग के सचिव को नोटिस जारी किया है।

बताया जा रहा है कि मत्स्य निदेशालय में बिना किसी आधार के एस.सी. और एस.टी. अधिकारियों को मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। यह मामला अनुसूचित जनजाति आयोग में लंबित है और पीड़ित अधिकारियों को न्याय दिलाने की मांग की जा रही है।

**आयोग से न्याय की उम्मीद-** संगठन और अधिकारी अब आयोग और राज्य सरकार से जल्द से जल्द इस मामले में हस्तक्षेप कर अधिकारियों को उनके अधिकार दिलाने की उम्मीद कर रहे हैं।

उक्त जानकारी नेशनल फोरम ऑफ़ वीकेर सेक्शन ऑफ़ थे सोसाइटी के नेशनल प्रेजिडेंट डॉ . सहदेव राम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## बेड़ो में सिंचाई के लिए खेत में लगे तीन पानी मोटर की हुई चोरी



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बेड़ोः** बेड़ो प्रखंड के करांजी जराटोली गांव में मंगलवार की रात सिंचाई के लिए लगाए तीन पानी मोटर को अज्ञात चोरो ने चोरी कर अपने साथ ले गए। पानी मोटर की हुई चोरी की जानकारी किसानों को तब हुई जब किसान बुधवार की सुबह सिंचाई के लिए खेत गए थे, जहां से किसानों के पानी मोटर चोरी हो गई है। इधर भुक्तभोगी किसानों में करांजी जराटोली निवासी नसीम अंसारी, यूनुस अंसारी और अबु शमद ने अपने खेत में लगे पानी मोटर की हुई चोरी को लेकर अज्ञात चोरो के विरुद्ध बेड़ो थाना में लिखित आवेदन दिया है। वही किसानों ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग पुलिस प्रशासन से किया।

## उपविकास आयुक्त हजारीबाग से मिले IPGC के पदाधिकारी, संगठन के कार्यों की सराहना

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**हजारीबागः** बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत प्रकोष्ठ (IPGC) के कई पदाधिकारियों ने हजारीबाग के उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन की ओर से डीडीसी को शॉल और IPGC की मैग्जीन भेंट कर सम्मानित किया गया।

बैठक के दौरान IPGC के पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों और उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इश्तियाक अहमद ने संगठन के सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और उनकी गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने संगठन के कार्यों को समाज हित में अत्यंत उपयोगी बताते हुए हर संभव सहायता प्रदान करने का भरोसा दिलाया।


**महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा-** बैठक में संगठन के कार्यों के साथ-साथ जिले के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान IPGC के पदाधिकारियों ने जिले में चलाए जा रहे विभिन्न सामाजिक और विकासात्मक योजनाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

**पदाधिकारियों की उपस्थिति-** इस मौके पर हजारीबाग जिले के IPGC के कई पदाधिकारी एवं पत्रकार उपस्थित थे। उपस्थित पदाधिकारियों में कुमार गौरव (प्रदेश उपसचिव), पायल अग्रवाल (जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ), खुशी रानी (जिला उप सचिव), विक्रमादित्य सिंह (जिला अध्यक्ष), राजकुमार पासवान (जिला सचिव), सौरव सिन्हा (जिला उप सचिव), निमेष कुमार (मीडिया प्रभारी), और पप्पु कुमार (जिला उपाध्यक्ष) शामिल थे।

डीडीसी ने IPGC के कार्यकलापों की प्रशंसा करते हुए इसे समाज और प्रशासन के बीच एक मजबूत कड़ी बताया। साथ ही, उन्होंने संगठन के प्रयासों को हरसंभव सहयोग देने की बात कही।

इस शिष्टाचार भेंट ने संगठन और जिला प्रशासन के बीच तालमेल को और मजबूत किया है, जो जिले में विकास और जनहित के कार्यों को गति प्रदान करने में सहायक होगा।

## बेड़ो में कुहासे से बढ़ी कनकनी, आमजन हलकान





राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बेड़ोः** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में नए साल की शुरुआत में कड़ाके की ठंड के बीच पड़ रहे कुहासा से किसान, मजदूर व आमजन हलकान हैं। कुहासा से सबसे अधिक सब्जी की फसल प्रभावित हो रही है। जिससे सब्जी उत्पादक किसान चिंतित हैं। किसानों का मानना है कि कुहासा लंबी चलती है तो उनकी सब्जी की फसल में भारी नुकसान होगा। वहीं घने कुहासे से तेज रफ्तार वाहनों पर ब्रेक लग गया है। रांची गुमला मुख्य मार्ग पर सुबह में लाइट व इंडिकेटर के सहारे वाहन रेंगते रहे। बुधवार को सुबह पांच बजे से दिन के आठ बजे तक घने कोहरे ने सड़कों पर रफ्तार को ब्रेक लगा दिया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र बेहाल है। शाम होते ही चौक चौराहे पर सनाटा पसर जा रहा हैं और लोगो अपने अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। वहीं प्रखंड के नगड़ी टोली, जरिया,पुरियो, चरिमा व टंगरा टोली के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसान कुहासा व ठंड की दोहरी मार झेलने को विवश हैं। किसानो की एक मात्र साधन खेती हैं। खेतों में लगी सब्जी ठंड से चौपट हो रही है। आलू,फ्रेंचबीन, मटर,गोभी, टमाटर की फसलें प्रभावित हो रही है।क्षेत्र के किसान पवन कुमार,ब्रजेश महतो,पंकज कुजूर,विशेश्वर मिंज,बिरसा कुजूर,करमा उरांव,राम उरांव,वन्दे लकड़ा,विरन उरांव ने बताया कि कुहासे की वजह से फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। इधर कंपकपाती ठंड से हर कोई परेशान है। स्कूली बच्चों को स्कूल व ट्यूशन जाने में परेशानी हो रही है। बढ़ती ठंड ने मजदूरों की रोजी-रोटी पर भी असर डाला है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीओ टावरों के बैटरी चोरी मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार, गए जेल

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो जिले के बालीडीह में मोबाइल कंपनी जीओ के चार टावरों से बैटरी की चोरी हो गई थी। बालीडीह थाना पुलिस ने घटना में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में जीओ कंपनी के सुपरवाइजर उपेन्द्र कुमार विश्वकर्मा ने बालीडीह थाने में सोमवार को मामला दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि चोरों ने 5 जनवरी को बोकारो रेलवे स्टेशन के आसपास स्थित जीओ कंपनी के चार टावरों में लगे जेनरेटर की चार बैटरी की चोरी कर ली। इसके बाद से सभी टावर डाउन हो गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए बोकारो एसपी ने डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में टीम गठित कर चोरों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घाटना में लिप्त दो आरोपियों को चोरी गई चारों बैटरी के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में संचित कुमार व सुमित कुमार सिंह शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी गई चारों बैटरी, दो स्मार्टफोन व रिंच बरामद किया है। पुलिस की टीम में बालीडीह थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह, एसआई विरमनी कुमार, अभिषेक कुमार, शशिकान्त ठाकुर, जीतेन्द्र कुमार यादव, संदीप कुमार, अजय कुमार राय व अन्य जवान शामिल थे।

### भाजपा ने चलाया गोविंदपुर में सदस्यता अभियान, 100 नए सदस्य बनाए

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले के गोविंदपुर में भाजपा ने मंगलवार को सदस्यता अभियान चलाया। प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, मंडल प्रभारी रतिरंजन गिरि व मंडल अध्यक्ष तालेश्वर साव के नेतृत्व में गोविंदपुर वाणी मंदिर के समीप कैंप लगा कर सदस्य बनाए गए। करीब 100 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कैंप में बलराम साव, भाजयुमो के धनबाद जिलाध्यक्ष मनीष साव, जग्गू साव, कीरिटी भूषण रुज, राजकिशोर महतो, बैजनाथ गोस्वामी, सुधीर पांडेय आदि मौजूद रहे। वहीं, दूसरी ओर देवली में भाजपा के शक्ति केंद्रों के सदस्यों की बैठक कर सदस्यता अभियान को ओर गति देने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि सभी बूथों पर कम से कम 100 प्राथमिक सदस्य व दो सक्रिय सदस्य अनिवार्य रूप से बनाए जाएंगे। इसके लिए देवली में मुर्गाबनी, देवली आदि शक्ति केंद्र के सक्रिय सदस्यों को चिह्नित किया गया। बाद में परासी शक्ति केंद्र के दुमदुमी गांव में पार्टी के सदस्य बनाये गये। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष अशोक गिरि, अवधेश कुमार, नवल सिंह चौधरी, सुरेश रविदास, पप्पू मंडल, विश्वनाथ गोस्वमी, कृष्णा मोदी, खगेन सिंह चौधरी, निर्मल कुम्भकार, कांतिपदो कुम्भकार, मनोज कुमार गोराई, प्रभाष कुम्भकार, गुलाब सिंह आदि मौजूद थे।

### वन अधिकार मंच ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**लातेहार, एजेंसी।** वन अधिकार मंच ने डीसी लातेहार को एक ज्ञापन सौंपा है। जानकारी के अनुसार जेम्स हेरेंज के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण समाहरणालय पहुंचे और डीसी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मनिका वन क्षेत्र के गेरुआ और लंका टोला में वन अधिकार कानून का हनन हो रहा है। दोनों गांव के सीमा के अंदर वन क्षेत्र में बिना ग्रामसभा की अनुमति के ही वन विभाग द्वारा वनरोपण का कार्य किया जा रहा है। यहां तक कि जेसीबी मशीन द्वारा ट्रेंच काटे जा रहे हैं। जब ग्रामीण शांतिपूर्ण तरीके से उसका विरोध करते हैं, तो ग्रामीणों को धमकाया जाता है और नक्सलियों से फोन कराकर ग्रामीणों को डराया जाता है। दोनों गांव के लोगों ने व्यक्तिगत सामुदायिक वन अधिकारों के लिए दावा किया है।

### नल जल योजना का पंप व पाइप उखाड़ ले गये चोर

**धनबाद।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र के तुरसाबाद स्थित हरि मंदिर के पास हर घर जल नल योजना के तहत जलमीनार लगी थी। बीती रात चोर जलमीनार का मोटरपंप और पाइप उखाड़कर ले गये। इसकी वजह से ग्रामीणों को पानी की दिक्कत हो गयी है। जलमीनार से लोगों का रोजमर्रा का काम आसानी से हो जा रहा था। लेकिन जब तक जलमीनार में पंप और पाइप नहीं लगता है, तब तक वहां के लोगों को पानी मिलना मुश्किल है।इधर मुखिया प्रतिनिधि अमृत रजक ने एजेंसी को चोरी की सूचना दी है। लेकिन एजेंसी का कहना है कि पीएचईडी को हेंड ओवर कर दिया गया है। ऐसे में मेंटेनेंस की जिम्मेवारी कंपनी की है। ग्रामीणों ने बताया कि पंप को ढ़लाई कर बंद कर दिया था।

# प्रदेश में अगले 48 घंटे में बढ़ेंगी और मुश्किलें, आईएमडब्ल्यू के अनुमान ने बढ़ाई टेंशन



**हजारीबाग/रांची, एजेंसी।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण मंगलवार को एक बार फिर झारखंड में अचानक मौसम ने करवट बदला। सुबह सवेरे आसमान में बादल की चादर तन गई। सुबह से अचानक रांची, हजारीबाग समेत कई जिले घने कोहरे की चपेट में आ गए। इस कारण न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज हुई। वहीं, हजारीबाग जिले में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री तक जा पहुंचा।

वहीं, अगले 48 घंटों में लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है। लोगों को सावधान रहने के लिए कहा गया है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को खासकर अलर्ट रहने की जरूरत है। बाहर निकलने पर गर्म कपड़े जरूर पहनें नहीं तो ठंड अटैक कर सकती है।

हालांकि, मौसम विभाग द्वारा मौसम में अचानक आने वाले बदलाव का पूर्वानुमान बता चुका था। जानकारी के अनुसार अगले दो तीन दिनों तक कोहरे का जबरदस्त प्रभाव रहेगा।

इधर तापमान में गिरावट से कनकनी काफी बढ़ गई और लोग कंपकंपाने लगे। सुबह सवेरे झील परिसर सहित अन्य स्थानों में चहलकदमी करने वाले लोगों की संख्या काफी घट गई।

इक्का-दुक्का लोग ही वहां दिखाई पड़ रहे थे। कुहासे के कारण पास की वस्तुएं भी दिखाई नहीं दे रही थी। अचानक मौसम में आए बदलाव का प्रभाव बाजार पर भी पडा। दिन चढ़ने तक बाजार में काफी दुकानें बंद देखी गई। जो दुकान खुली भी वहां भी दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे दिखाई दिए। अचानक बढ़ी कनकनी के कारण लोग अपने आप को गर्म कपड़ों से ढंकने लगे है।

चौक चौराहों में ठंड से बचने के लिए कुछ अपने स्तर से अलाव तापते भी दिखे। वहीं बाजार में गर्म कपड़ों के साथ ठंड से बचाव के उपकरणों की बिक्री भी तेज हो गई है। लोग स्वेटर, जैकेट, टोपी, मफलर, इनर आदि की खरीददारी करते दिख रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अस्पतालों में इन दिनों ठंड के मरीज बढ़ गए हैं।

इधर कुहासे के कारण विजिबिलिटी काफी घर गई। हालत यह हो गई कि चंद मीटर की दूरी की चीजें भी लोगों को साफ दिखाई नहीं पड़ने लगीं। विजिबलिटी काफी कम होने के कारण सबसे अधिक परेशानी वाहन चालकों को हुई। हाइवे पर वाहनों की रफ्तार थम सी गई।

कहीं कहीं तो दिन के समय भी वाहन चालकों को अपनी लाइटें जलानी पड़ी। मौसम विभाग के अनुसार अचानक हुए मौसम में बदलाव के कारण यहां हल्की बूंदा-बांदी भी हो सकती है। इससे एक ओर तापमान कम होने से ठंड और बढ़ेगी तथा दूसरी ओर हलके से घने कोहरे का भी प्रकोप बढ़ सकता है। राज्य में ठंड के असर से दिन और रात के तापमान में आए अंतर के कारण अब लोगों को सुबह और शाम ही नहीं बल्कि दिन के समय भी ठंड का अनुभव हो रहा है। अब दिन की शुरूआत कुहासे और धुंध के साथ होती तो शाम होते ही एक बार फिर से कुहासा घेर लेता है। साथ ही रात के समय शीत भी गिर रहा है।

## पुलिस थानों के लिए वाहनों की खरीदारी का प्रस्ताव लंबे समय से लंबित

**रांची, एजेंसी।** कानून व्यवस्था को दुरूस्त रखना पुलिस की जिम्मेवारी होती है। कहीं कोई घटना हो जाये तो पुलिस पर घटनास्थल पर जल्द से जल्द पहुंचने का दवाब भी होता है। यही वजह है कि राज्य सरकार पुलिस थानों को आधुनिक बनाने के प्रयास में लगी है। लेकिन जानकर हैरानी होगी कि झारखंड पुलिस थानों के लिए कुल 1255 छोटे चारपहिया और 1697 दो पहिया वाहनों की खरीदारी का प्रस्ताव लंबे समय से लंबित है।

गौरतलब है कि एसआरई (सिक्योरिटी रिलेडेट एक्सपेंडिचर) के तहत पहले 16 जिलों के वाहनों का इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन पिछले साल अप्रैल में 16 जिलों में से 11 जिलों को हटा दिया गया। जिसकी वजह से छोटे चार पहिया वाहनों की अचानक कमी हो गयी है। जिनका उपयोग पहले एसआरई के तहत किराये के आधार पर किया जाता था।

**1734 चार पहिया वाहन में से 418 खराब :** झारखंड के सभी जिले की पुलिस के पास वर्तमान में कुल 1734 चार पहिया वाहन हैं, जिनमें से 418 खराब पड़े हैं। वहीं 1,316 वाहन ठीक है। इन 1316 वाहन में से 1196 वाहन 15 साल पुराने हो चुके हैं। झारखंड पुलिस के पास सिर्फ 120 नये वाहन हैं, जिसकी स्थिति ठीक है। बाइक की बात करें तो झारखंड पुलिस में वर्तमान में 1397 बाइक हैं, जिनमें 180 खराब पड़े हैं।

**पुलिसकर्मी 15 साल पुराने वाहनों से संभाल रहे विधि व्यवस्था की जिम्मेदारी :** पुलिसकर्मी 15 साल पुराने 1196 वाहनों से विधि व्यवस्था (लॉ एंड ऑर्डर) की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में झारखंड पुलिस द्वारा उपयोग किये जाने वाले 1196 छोटे चार पहिया वाहन 15 साल से ज्यादा पुराने हो चुके हैं। लेकिन अब तक नये वाहन नहीं आये हैं। ऐसे में जब तक नये वाहन नहीं आ जाते हैं। तब तक पुलिसकर्मी मरम्मत कर विधि इसका उपयोग व्यवस्था संभालने में कर रहे हैं।

## युवक से छिनतई मामले में जिप सदस्य शब्बीर अंसारी को हिसरात में लिया



**गिरिडीह, एजेंसी।** देवघर जिले के मधुपुर में एक युवक से छिनतई मामले में पुलिस ने गिरिडीह जिले के गांडेय के जिला परिषद सदस्य शब्बीर अंसारी को हिसरात में लिया है। गांडेय पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। छिनतई की घटना रविवार को मुधपुर थाना क्षेत्र के पटवाबाद में हुई थी। भुक्तभोगी युवक की लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मधुपुर पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, गांडेय थाना क्षेत्र के फुलजोरी गांव निवासी मो सद्दाम अंसारी रविवार को कुछ समान खरीदने मधुपुर गया था। रास्ते में मधुपुर के समीप बाइक व ट्रक की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई थी। घटनास्थल से गुजर रहे सद्दाम को ट्रक का चालक समझकर तीन युवकों ने सद्दाम का पीछा किया और रोककर उससे पूछताछ की।

इसी दौरान उनमें से एक युवक ने गांडेय के जिप सदस्य मो। शब्बीर को फोन कर घटना की जानकारी दी। तब शब्बीर ने सद्दाम को तीनों युवकों को कुछ पैसे देकर घर आ जाने की बात कही। इसी क्रम में सद्दाम ने अपने घर पर फोन कर बताया कि मधुपुर पुलिस ने उसे पकड़ लिया है। यह सुन परिजन मधुपुर थाना पहुंचे, लेकिन वहां सद्दाम नहीं मिला। इसके बाद मधुपुर पुलिस और गांडेय पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर मोबाइल लोकेशन के आधार पर सद्दाम को मधुपुर थाना क्षेत्र के फुलची गांव के श्मशान घाट से बरामद किया। पुलिस को देखकर तीनों युवक भाग निकले। सद्दाम ने गांडेय पुलिस को बताया कि जिप सदस्य शब्बीर ने उससे फोन पर उक्त तीनों युवकों को पैसे देने क बात कही थी। इसके बाद गांडेय पुलिस सोमवार को शब्बीर को पकड़कर थाना ले गई है।

# खादी आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है: राज्यपाल



**रांची, एजेंसी।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को कहा कि खादी महोत्सव न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के लिए एक सशक्त मंच भी है। उन्होंने खादी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों का प्रतीक बताते हुए कहा कि खादी आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक रही है और आज भी हमारे कारीगरों को रोजगार देने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता को सशक्त बना रही है।

राज्यपाल मंगलवार को झारखंड राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित ÷राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25÷ के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान ÷खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन÷ का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खादी को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है। 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से खादी को जन आंदोलन बनाने की उनकी पहल से ग्रामीण कारीगरों और श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रसन्नता है कि इस महोत्सव के माध्यम से महिला उद्यमियों के जरिये तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर हो सकती हैं, बल्कि देश की आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकती हैं। उन्होंने इस महोत्सव में भाग लेने वाले बुनकरों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों को बधाई दी। साथ ही कहा कि इन कारीगरों के श्रम और कौशल ने झारखंड के ग्रामीण उद्यमों की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित किया है।

राज्यपाल ने आम जनमानस से खादी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को अपनाकर हम न केवल हमारे ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बना सकते हैं, बल्कि उनकी आर्थिक समृद्धि की दिशा में भी योगदान कर सकते हैं। साथ ही राज्यपाल ने झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार और सभी स्टॉलधारकों एवं कारीगरों को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

मंत्री, सांसद और विधायक ने भी रखे विचार

श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने राज्य के हर जिले में खादी मेला लगाने की बात कही। कहा कि गोड्डा में सिल्क का उत्पादन काफी मात्रा में होता है, वहीं पर फैक्ट्री लगाने से लोगों को रोजगार मिलेगा। रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि झारखंड में खादी का अपना ब्रांड होना चाहिए। साथ ही गणतंत्र दिवस पर सभी लोगों से जेएसएलपीएस द्वारा निर्मित राष्ट्रध्वज खरीदने को कहा। राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि खादी बोर्ड ने महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया है। हमारे यहां बने सामान की मांग दूसरे जगहों पर बहुत ज्यादा है। आज खादी युवाओं में काफी प्रचलित है। महिलाएं भी खादी की साड़ी खूब पहन रही हैं।

**ये भी रहे मौजूद :** समापन समारोह में उद्योग विभाग सचिव जितेंद्र सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी, सुशांत गौरव, कल्पना, आकांक्षा रंजन, सुमन पाठक के अलावा कई मौजूद थे।

## रांची-टाटा एनएच-33 पर बाघ देखे जाने की खबर से चांडिल और चौका में दहशत



**चांडिल, एजेंसी।** सरायकेला खरसावां जिले में बाघ देखे जाने की खबरों के बीच ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वाइल्डलाइफ इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआइआइ) की टीम पहुंच चुकी है। वन विभाग के कर्मचारियों की मदद से बाघ का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। खबर है कि चांडिल के चैनपुर और खूंटी मोडड़ के पास बाघ को देखा गया। 8 दिन बाद फिर से बाघ को देखे जाने की खबर से आसपास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई है।

चैनपुर गांव के राज कुमार महतो और खूंटी गांव के अपूर्व सिंह ने बाघ को देखने का दावा किया है। राज कुमार महतो ने कहा है कि वह परिवार के साथ चौका के चौलीबासा जंगल के रास्ते कार से लौट रहे थे। तभी कार के आगे से कूदकर बाघ सड़क पार कर गया। दूसरी ओर, चौका के खूंटी गांव निवासी अपूर्व सिंह ने बताया कि वे लोग जमशेदपुर से कार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरन एनएच-33 पर खूंटी मोड़ के समीप सड़क पर एक बाघ को देखा। बाघ को देखते ही उन्होंने अपने कार की स्पीड बढ़ाई और घर पहुंचे।

चांडिल गोलचक्कर के पास चैनपुर गांव में मंगलवार की रात को बाघ को देखा गया। चैनपुर गांव के राज कुमार महतो ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। इसके बाद ग्रामीण रात को घर से निकलने में डर रहे हैं। खबर मिलने के बाद वन विभाग की टीम भी बाघ के बारे में पता लगाने में जुट गई।सोशल मीडिया पर चैनपुर कनाल के पास पुलिया के सामने एक कार पर बाघ के हमला करने का मैसेज वायरल हो रहा है। चैनपुर में बाघ देखने के करीब डेढ़ घंटे बाद चौका के खूंटी मोड़ के पास भी बाघ को देखे जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, इस संबंध में वन विभाग पक्के तौर पर कुछ नहीं कह पा रहा है। वन विभाग की टीम चैनपुर के लिए रात को ही निकल गई है।

ज्ञात हो कि 31 दिसंबर को चौका के तुलग्राम जंगल में मवेशी चरा रहे ग्रामीणों ने बाघ को गाय का शिकार करते देखा था। उसके बाद वन विभाग ने तुलग्राम-बालीडीह जंगल में ट्रैकिंग कैमरा लगाकर बाघ की तलाश शुरू की थी। बाघ कैमरे में कैद नहीं हुआ।

अब 8 दिन बाद बाघ को देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।सरायकेला खरसावां जिले में चौका और कांड्रा के बीच तुलग्राम और बालीडीह एरिया में बाघ के होने की सूचना मिलते ही वाइल्डलाइफ इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआइआइ) की टीम पहुंची। इन लोगों ने यहां आने के बाद वन विभाग के कर्मचारियों के साथ बाघ के बारे में पता लगाने की कोशिश की। डब्ल्यूआइआइ की टीम ने पग इंप्रेशन पैड (पीआइपी) का इस्तेमाल कर रही है। इसके तहत फुटप्रिंट को बनाने के लिए एरिया में फाइन बालू बिछा दिया जाता है, ताकि जानवर के मूवमेंट का पता लगाया जा सके।

## झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी का कॉलर ठीक करते दिखा पूर्व क्रिकेटर

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कुछ दिनों पहले पूर्व क्रिकेटर सह कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन से दिल्ली में मुलाकात की थी। जिसका वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किया था। इसमें वे पूर्व सांसद और क्रिकेटर से गर्मजोशी के साथ मुलाकात करते दिखाई पड़ रहे हैं। मुलाकात के दौरान अजहर ने मंत्री इरफान अंसारी के कॉलर ठीक किये। इसके बाद मंत्री ने सोशल मीडिया में पोस्ट कर उस पल को साझा किया। साथ ही यह भी बताया कि उन्होंने उसे क्या सलाह दी। उन्होंने कहा कि अजहर भाई ने हमेशा आगे रहने की सलाह दी है

डॉ इरफान अंसारी ने मोहम्मद अजहरुद्दीन से मुलाकात का वीडियो शेयर कर लिखा कि बड़े क्रिकेटर हो या बड़े नेता, ऐसे ही महान नहीं होते। इनका नेचर इनका सहभाव सब से बिल्कुल अलग होता है। आज अजहर भाई से मिलना और उनका आशीर्वाद लेना वास्तव में एक सम्मानजनक अनुभव था।

डॉ इरफान अंसारी अपने आगे की पोस्ट में लिखते हैं कि अच्छे लोगों की सोच वास्तव में अच्छी होती है। ऐसे लोगों से मिलने से हमें प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने आगे लिखा ÷महर्षि संतसेवी परमहंस जी ने भी कहा था कि हमारी मुक्ति का मार्ग हमारे अंदर है और समस्त धर्मावलंबियों के लिए वह मार्ग एक ही है÷।

# ओटीसी ग्राउंड में नमो पतंग उत्सव 13 को



**रांची, एजेंसी।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में आगामी 13 जनवरी को ओटीसी ग्राउंड रातू रोड के मैदान में नमो पतंग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पतंग उत्सव की शुरुआत झारखंड में 2006 में की थी। जो निरंतर उनके प्रयास से प्रत्येक वर्ष होता आ रहा है। आयोजन के संरक्षक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हैं। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि हिंदू धर्म के संग हमारी भारतीय संस्कृति का निर्वाह करते हुए मकर संक्रांति व लोहड़ी के पावन मंगल शुभ अवसर पर नमो पतंग उत्सव का भव्य आयोजन 13 जनवरी को रातू रोड के ओटीसी ग्राउंड में दिन के 11।30 बजे से शुरू किया जा रहा है।

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन :** उन्होंने कहा कि भक्ति में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। जिसके तहत पतंग वितरण और उत्सव का भव्य आयोजन रखा गया है। इस उपलक्ष पर समिति द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जायेगा साथ ही आयोजन में शामिल सभी लोगों के लिए खिचड़ी के महाभोग की भी व्यवस्था रहेगी।

**सफल आयोजन के लिये कमेटी का होगा गठन :** इस उत्सव को झारखंड के नगरवासी बड़े ही उत्साह पूर्वक सपरिवार इस्ट मित्रो संग मनाते आ रहे हैं। समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष इसे बड़े उत्साह पूर्वक झारखंड समेत रांची नगर वासियों समेत विभिन्न स्थानों में मनाया जाता है। इस उत्सव में पूरे राज्य समेत राजधानी के लोग भी भाग लेंगे और पतंग महोत्सव का पूर्ण आनंद लेंगे। सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन किया जायेगा। उत्सव को सफल बनाने में अजय मारू, पुनीत पोद्दार, कुणाल आजमानी, प्रमोद सारस्वत, राज वर्मा, रविंद्र मोदी, राम बांगड़, संजय सिंह, नीरज चौधरी, रमाशंकर बगड़िया, संतोष सेठ, अमित चौधरी, मनीष लोधा, संजय जायसवाल, ललित ओझा, सोनित अग्रवाल, सुबेश पांडेय, संजय पांडेय, आशीष अग्रवाल, संजय पोद्दार, कमलजीत सिंह शंटी, नीरज कुमार समेत बड़ी संख्या में समिति के सदस्य लगे हुए हैं।

## झारखंड के रामगढ़ में दर्दनाक हादसा, आलू लदे ट्रक ने स्कूली ऑटो में मारी टक्कर

**गोला (रामगढ़), एजेंसी।** रामगढ़-बोकारो मार्ग (एनएच-23) पर गोला स्थित मठवाटांड़ के दामोदर होटल के समीप मंगलवार की सुबह भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। करीब 7।30 बजे आलू लदे एक अनियंत्रित एलपी ट्रक ने स्कूली बच्चों से भरे ऑटो वैन को को टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो ट्रक के ऊपर ही पलट गया, जिसमें ऑटो चालक और 3 बच्चों की मौत हो गई, वहीं एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल हो गए।ट्रक की टक्कर से ऑटो वैन ड्राइवर और 3 बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में ट्रक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया।ऑटो में कुल 20 बच्चे सवार थे। सभी बच्चों की उम्र 10-12 साल के बीच है। आनन-फानन में सभी बच्चों को इलाज के लिए गोला सीएचसी में लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सभी बच्चों को रिम्स रेफर किया गया है।

## गिरिडीह में सरकारी स्कूल का रास्ता रोका तो खेत में ही लगा दी बच्चों की क्लास, डीसी ने लिया एक्शन



**जमुआ (गिरिडीह), एजेंसी।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय शहरपुरा के रास्ते में मंगलवार को बांस-बल्ली से घेराबंदी कर दिये जाने से बच्चों को काफी फजीहत झेलनी पड़ी। ऐसे में खेत में ही तिरपाल बिछाकर बच्चों की कक्षा ली जाने लगी। डीसी के संज्ञान में आने के बाद उनके निर्देश पर बीडीओ ने पहल कर विद्यालय के रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाया और मामला निष्पादित कर लेने की जानकारी दी।

विद्यालय का रास्ता रोके जाने से बच्चों को परेशानी होने पर प्राचार्य अमित कुमार त्रिपाठी ने मामले से बीडीओ एवं स्थानीय थाना को अवगत कराया। सोशल मीडिया पर यह खबर देखकर डीसी ने बीडीओ को मामले की जांच कर दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बीडीओ थाना प्रभारी के साथ विद्यालय पहुंचे और रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया।

रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद बीडीओ ने रास्ता रोकनेवाले रोहन महतो से कारण पूछा। विद्यालय निर्माण के समय रास्ता क्यों दिया गया? बीडीओ एवं थाना प्रभारी के समझाने पर रोहन एवं उनके परिजनों ने रास्ते पर लगाया गया बांस-बल्ला हटा लिया और भविष्य में ऐसी हरकत नहीं करने का वादा किया। मौके पर बालेश्वर महतो, भीखन महतो, डीएन वर्मा आदि मौजूद थे।

विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को जब विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्रा स्कूल इस रास्ते से आ रहे थे तो देखा कि रास्ते पर बांस के बल्ले से घेराबंदी की गयी है। उसकी सूचना नवडीहा ओपी प्रभारी और बीडीओ को दी गयी और डीएसई को मोबाइल पर मामले से अवगत कराया। बच्चों के आ जाने के बाद खेत में तिरपाल बिछाकर उन्हें पढ़ाया।

**संक्षिप्त समाचार**

## महाशिवरात्रि के दिन शिव का विवाह नहीं, शिवलिंग का हुआ था प्रार्दुभाव

**भागलपुर, एजेंसी।** महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का विवाह नहीं हुआ था। उस दिन शिवलिंग का प्रार्दुभाव हुआ था। शिवलिंग की मूर्ति से भी ज्यादा प्रधानता है। उक्त बातें कहलगांव के राजघाट में स्थित बाबा जागेश्वरनाथ मंदिर परिसर में आयोजित शिव महापुराण के दूसरे दिन कथा वाचन करते हुए कथा वाचिका जया मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा एवं विष्णु के मध्य विवाद को मिटाने के लिए अग्नि स्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे और वह दिन फाल्गुन शुक्ल था। जिसे महाशिवरात्रि कहते हैं।

## नि:स्वार्थ होना ही अध्यात्म है : संजय महाराज

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड के पचकठिया गांव में चल रहे भागवत कथा में संजय कृष्ण जी महाराज ने कहा कि नि:स्वार्थ होना ही असली अध्यात्म है। गांव के शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम के दूसरे दिन एक सद्पुरुष और दूसरे व्यभिचारी के जीवन के मूल संस्कारों से भागवत कथा द्वारा जीव जगत को मोक्ष और सदगति की प्राप्ति का मार्ग बताया।

## सांसद की पहल बंद ट्रांसफॉर्मर हुआ चालू

**छपरा, एजेंसी।** नयागांव थाने के हसनपुर गांव में आपसी विवाद के कारण बीते छह साल ट्रांसफॉर्मर बंद पड़ा हुआ था। विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो जाने के कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। छात्र-छात्राओं का पठन- पाठन बाधित था। ग्रामीणों के अनुरोध व छपरा के सांसद राजीव प्रताप रूड़ी की पहल पर बीते छह साल से बंद पड़े ट्रांसफॉर्मर को मंगलवार को चालू किया गया। विद्युत आपूर्ति शुरू होते ही लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने सांसद के प्रति आभार जताया साथ ही भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह का जमकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्युत विभाग के कई पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। ग्रामीणों के अनुरोध व छपरा के सांसद राजीव प्रताप रूड़ी की पहल पर बीते छह साल से बंद पड़े ट्रांसफॉर्मर को मंगलवार को चालू किया गया। विद्युत आपूर्ति शुरू होते ही लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने सांसद के प्रति आभार जताया। साथ ही भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह का जमकर स्वागत किया। विद्युत विभाग के कई पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता उमेश तिवारी की मौत

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के तुरकौलिया प्रखंड के परशुरामपुर निवासी अधिवक्ता उमेश तिवारी की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब शनिवार को वे कचहरी से अपने घर लौट रहे थे। तभी तुरकौलिया थाना के तुरकौलिया स्कूल चौक के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी रेफर कर दिया। परिजन उन्हें मोतिहारी लेकर जा रहे थे, इस बीच रास्ते में उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता उमेश तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी भेजा गया, लेकिन रास्ते में मौत हो गई।

## गोपालगंज में 94 हेडमास्टरों का कटा एक हफ्ते का वेतन, शिक्षा विभाग की कार्रवाई से हड़कंप

**गोपालगंज, एजेंसी।** बिहार के गोपालगंज जिले में 94 सरकारी स्कूल के हेडमास्टर पर शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. यहां सभी हेडमास्टरों पर अपार आईडी बनाने में लापरवाही बरतने के आरोप में एक सप्ताह के वेतन में कटौती की है. शिक्षा विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद हेडमास्टरों के बीच हड़कंप का माहौल है. 94 हेडमास्टरों का कटा एक हफ्ते का वेतन : गोपालगंज जिले के 94 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों पर आरोप है कि इनके द्वारा अपार आईडी बनाने में लापरवाही बरती गई. जिसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा इन सभी प्रधानाध्यापकों को दो दिन के अंदर अपार आईडी बनाने के कार्य को शुरू करने का सख्त निर्देश दिया है.

# प्रगति यात्रा के दौरान सीएम नीतीश ने सिवान जिले को दी 109 करोड़ रुपये की सौगात

**127 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास**





**सिवान, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में सिवान जिला को लगभग 109 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 127 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 83 करोड़ 47 लाख 37 हजार रुपये की लागत से 122 योजनाओं का उद्घाटन तथा 25 करोड़ 38 लाख 27 हजार रुपये की लागत से 5 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के क्रम में पचरुखी प्रखंड के ग्राम नारायणपुर में प्रस्तावित सीवान-बाईपास का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मैप के माध्यम से प्रस्तावित सीवान-बाईपास के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। प्रस्तावित पथ मोहम्मदपुर मोड़ (एन0एच0-531) से छपिया-टेढ़ीघाट-गोपालपुर (एन0एच0-227ए) में आ0रो0बी0 सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जाना है। इस प्रस्तावित पथ की कुल लंबाई 13.80 किलोमीटर है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रस्तावित पथ का कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं। इसके बन जाने से आवागमन सुगम होगा। लोगों की जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सीवान जिले के हुसैनगंज प्रखंड स्थित मचकना पंचायत के ग्राम करहनु में जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत सौंदर्गीकृत कराए गए तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तालाब में मछली का जीरा छोड़ा। तालाब निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तालाब के चारों तरफ सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं। इससे लोगों को सहूलियत मिलेगी। तालाब के चारों तरफ यहां अच्छे ढंग से वृक्षारोपण कराया गया है। यह अच्छी बात है। हमलोग वर्ष 2019 से जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरुआत कर सभी सार्वजनिक तालाब, पोखर, कुओं आदि के सौंदर्गीकरण एवं जीर्णोद्धार का काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने करहनु गांव के वार्ड संख्या-2 में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों के पठन-पाठन के विषय में जानकारी ली। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करहनु, हुसैनगंज का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर ओ0पी0डी0 कक्ष, टेली मेडिसिन आदि का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से हम लोग सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा वितरण करा रहे हैं। वर्ष 2005 के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किया गया है ताकि लोगों को इलाज में असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से सीवान जिले के कई विकास योजनाओं से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय करहनु के प्रांगण में 8.74 लाख रुपये की लागत से मनरेगा अंतर्गत निर्मित सार्वजनिक खेल मैदान का मुख्यमंत्री ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लोक सेवा केंद्र एवं पंचायत सरकार भवन मचकना का निरीक्षण कर सरपंच न्यायालय, पुस्तकालय आदि का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने करहनु बाजार के प्रांगण में 7.18 लाख रुपये की लागत से निर्मित मनरेगा हाट का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बासगीत पर्चा, सतत् जीविकोपार्जन योजना एवं परियोजना निधि अंतर्गत जीविका दीदियों को 51 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत ई-रिक्शा की चाबी, 19 जीविका दीदियों को 42 लाख 6 हजार 736 रुपये प्रोत्साहन राशि का सांकेतिक चेक, 29 हजार 663 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 3,51,506 जीविका दीदियों को बैंक लिकेंज द्वारा 101 करोड़ रूपये का सांकेतिक चेक, जीविका भवन की चाबी, मुख्यमंत्री चौर विकास योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की चाबी, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के तहत बैटरी चलित वाहन की चाबी, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड लाभुकों को प्रदान किया। प्रगति यात्रा के क्रम में आयोजित जीविका दीदियों के संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री से अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह से हमारी जिंदगी में काफी बदलाव आया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर हम लोग कई प्रकार के काम कर रहे हैं। इससे हमें अच्छी आमदनी हो रही है। इससे समाज में महिलाओं की काफी इज्जत बढ़ी है। कारोबार करने के लिए हमें बैंक लोन के अलावा परियोजना से भी आर्थिक मदद मिलती है। जीविका ने हमारा जीवन बदल दिया है। हम सभी महिलाएं आपके प्रति आभार प्रकट करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम सांसद और केंद्र में मंत्री थे तो अनेक जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूह का काम देखते थे। वर्ष 2005 में जब हमारी सरकार बनी तो वर्ष 2006 में हमने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढाना शुरू किया। अब स्वयं सहायता समूहों की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है, जिनसे 1 करोड़ 31 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को जीविका नाम हमने ही दिया। इससे प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने आजीविका नाम से योजना शुरू की। हम जहां भी जाते हैं जीविका दीदियों से बात करते हैं और उनकी समस्याओं से अवगत होते हैं। पहले महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थीं। अब वे स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर काफी अच्छा काम कर रही हैं। जिससे उन्हें आमदनी भी हो रही है। वे अच्छे ढंग से लोगों से बात भी करने लगी हैं। मुख्यमंत्री ने सीवान जिला अंतर्गत जीरादेई प्रखंड के भैसाखाल में 520 आसन वाले नवनिर्मित राजकीय अतिपिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय के शैक्षणिक सह प्रशासनिक भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस आवासीय विद्यालय के प्रांगण में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित पथ सीवान आंदर पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस पथ की कुल लंबाई 16.250 किलोमीटर है। मैप के माध्यम से अधिकारियों ने इस पथ के विषय में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सारण एवं सीवान जिला अंतर्गत छपरा (एन0एच0-31, बलिया मोड़) मांझी-दरौली-गुठनी (एन0एच0-227ए) पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया।

इस पथ की कुल लंबाई 72.183 किलोमीटर है, जिसकी कुल लागत 701 करोड़ 25 लाख 89 हजार रुपये है। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडे, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सह सीवान जिले की प्रभारी मंत्री रेणु देवी, सांसद विजया लक्ष्मी देवी, विधान पार्षद वीरेंद्र नारायण यादव एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, सारण प्रमंडल के आयुक्त गोपाल मीणा, पुलिस उप महानिरीक्षक सुरक्षा दीपक वर्णवाल, पुलिस उप महानिरीक्षक सारण प्रक्षेत्र नीलेश कुमार, जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## गया के डबल मर्डर केस में फरार आरोपी गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** गया जिले की पुलिस ने आठ वर्षों से फरार चल रहे हत्या के आरोपी मो. जुल्फेकार खान उर्फ कल्लू को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी एसएसपी आनन्द कुमार के आदेश पर गठित विशेष टीम द्वारा की गई। आरोपी 2016 में हुए एक दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी था, जिसमें एक परिवार की मां और बेटी की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। यह हत्या का मामला थाना कांड संख्या-65/16 के तहत दर्ज हुआ था। एसडीपीओ प्रकाश कुमार ने बताया कि पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और सूचना तंत्र का उपयोग कर जुल्फेकार की लोकेशन ट्रेस की और उसे कोलकाता के सलीम मठ इलाके से गिरफ्तार किया। जुल्फेकार गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी अचल संपत्ति बेच चुका था और कोलकाता में छिपा हुआ था। इस मामले में शामिल पहले ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें आजीवन कारावास की सजा दिलाई जा चुकी है, और बाकी फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# जिसका हुआ मर्डरज्वो 16 साल बाद झांसी में जिंदा मिला

**बिहार में चाचा समेत 5 लोगों ने जेल काटी**



**रोहताश /झांसी, एजेंसी।** बिहार में 16 साल पहले एक युवक अचानक लापता हो गया। चाचा समेत 5 लोगों पर किडनैप के बाद मर्डर का आरोप लगा। सभी जेल गएज्अब कुछ दिन बाद उनको कोर्ट से सजा मिल सकती थी। मगर, 16 साल बाद इस केस में अचानक ऐसा मोड़ आया कि बिहार से लेकर यूपी तक हलचल मच गई। जिसका किडनैप और मर्डर हुआ था, वो शख्स यूपी के झांसी में जिंदा मिला। सूचना पर बिहार पुलिस के साथ वो बेगुनाह लोग भी आए, जो जेल काट चुके थे। बिहार पुलिस उस शख्स को अपने साथ ले गई। अब मामले की नए सिरे से जांच शुरू हो गई है।

**मामा ने दर्ज कराया था मर्डर का केस :** ये कहानी बिहार के रोहताश जिले के देवरिया गांव की है। यहां के नथुनी पाल (50) पुत्र रामचंद्र खेती किसानी करता था। पिता के बाद मां गंगीदेवी की मौत हो चुकी थी। शादी के 4 साल तक बच्चे नहीं हुए तो पत्नी उसे छोड़कर किसी और के साथ रहने लगी थी। ऐसे में नथुनी पाल अकेला पड़ गया। उसका अपने चाचा रतिपाल के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 2008 में अचानक एक दिन नथुनी पाल लापता हो गया। उसे काफी ढूंढ़ा गया, मगर कोई सुराग नहीं लगा। ऐसे में नथुनी के मामा औरंगाबाद निवासी बाबूलाल ने अकोड़ीगोला थाने में नथुनी का अपहरण करके हत्या करने और लाश को खुर्दबुर्द करने का केस दर्ज करा दिया। इसमें सगे चाचा रतिपाल, उनके 4 बेटे विमलेश पाल, भगवान पाल, सतेंद्र पाल और जितेंद्र पाल नामजद हुए।

**7 जगह खुदाई हुई, लाश नहीं मिली :** पांचों पर अपहरण करके हत्या करने और लाश को छुपाने का आरोप था। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। लाश बरामद के लिए 7 जगह खुदाई कराई गई। कई महीनों के बाद पुलिस को नथुनी पाल की लाश नहीं मिली। ऐसे में अपहरण के आरोप में सभी के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया गया। कोई 1 साल जेल में रहा, तो किसी ने 11 महीने और 6 से 7 महीने जेल काटी। अब कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। कुछ ही दिन में फैसला होने वाला था और आरोपियों को सजा भी हो सकती थी।

**संदिग्ध व्यक्ति से सुलझा बड़ा केस :** इस केस में बिहार पुलिस सबकुछ भुला चुकी थी। बस कोर्ट में तारीखें लग रही थी। जो आरोपी पकड़े गए, वे खुद को बेगुनाह बता रहे थे। अचानक 6 जनवरी 2025 को झांसी के बरुआसागर थाना अध्यक्ष शिवजीत सिंह राजावत को गश्त के दौरान धवारा भरोल गांव में एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया। गांव के लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि 6 माह से धर्मदास अहिरवार के घर पर रह रहा है। संदिग्ध व्यक्ति से नाम पूछा तो उसने अपना नाम नथुनी पाल पुत्र रामचंद्र बताया। बोला कि मैं बिहार के रोहताश जिले के अकोड़ी गोला थाना क्षेत्र के देवरिया गांव का रहने वाला हूं। थाना अध्यक्ष ने ऑनलाइन अकोड़ी गोला थाने का नंबर निकला और बिहार पुलिस को उसके बारे में सूचना दी।

**बिहार पुलिस बोली- वो तो मर गया :** थाना अध्यक्ष ने जब बिहार पुलिस को फोन कर बताया कि यहां नथुनी पाल नाम का शख्स मिला है। जांच पड़ताल के बाद बिहार पुलिस ने वापस फोन किया और बताया कि वो तो 16 साल पहले ही मर गया। किडनैप के बाद उसका मर्डर हो गया था। कोई झूठ बोल रहा है। ऐसे में नथुनी पाल की फोटो सेंड की गई। बिहार पुलिस ने फोटो गांव में दिखाई तो लोग बोले ये नथुनी पाल है। जिन लोगों पर किडनैप के बाद हत्या का आरोप था, वो बिहार पुलिस के साथ मंगलवार को झांसी पहुंच गए। जांच पड़ताल के बाद नथुनी को बिहार पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस केस में जेल काटने वाले सतेंद्र पाल भी बिहार पुलिस के साथ झांसी आए। उन्होंने कहा- ने अपने चाचा के बेटे नथुनी पाल को अपने पास रखा था।

# 39 जोड़ी विमान का शिड्यूल जारी:15 जनवरी से इंडिया एक्सप्रेस की भुवनेश्वर हैदराबाद और बेंगलुरु के लिए 5 नई फ्लाइट, गुवाहाटी के लिए सीधी उड़ान

**पटना, एजेंसी।** पटना के एयर मार्केट में पहली बार एयर इंडिया एक्सप्रेस कदम रखने जा रही है। 15 जनवरी से एयर इंडिया हैदराबाद और बेंगलुरु के लिए 2-2 और भुवनेश्वर के लिए एक फ्लाइट शुरू करने जा रही है। स्पाइसजेट भी गुवाहाटी के लिए नई सीधी उड़ान शुरू कर दी है। पुराने शिड्यूल में पटना से गुवाहाटी और भुवनेश्वर के लिए डायरेक्ट फ्लाइट नहीं थी। पटना एयरपोर्ट प्रशासन ने 31 जनवरी तक के लिए 39 जोड़ी विमानों का शिड्यूल जारी किया है। पहले 33 जोड़ी विमानों का ऑपरेशन हो रहा था। इन के समय में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की शुरू होने वाली सभी फ्लाइट की बुकिंग शुरू हो गई है। 15 जनवरी से पटना एयरपोर्ट पर पहली फ्लाइट एयर इंडिया एक्सप्रेस की होगी। यह बेंगलुरु से आएगी। इसके आने का समय 9 बजे और जाने का



9.35 बजे है। अभी पटना एयरपोर्ट पर पहली फ्लाइट एयर इंडिया की दिल्ली की है जो 10 बजे लैंड करती है और 10.35 बजे टेकऑफ करती है। नए शिड्यूल में भी पटना से दिल्ली जाने के लिए यही पहला विमान है। पटना से आखिरी फ्लाइट 15 जनवरी से एयर इंडिया एक्सप्रेस की होगी। दिल्ली के लिए 13 विमान, बेंगलुरु के लिए 6 : दिल्ली के लिए 13 विमान हैं। बेंगलुरु के लिए 6,

### एयरलाइंस स्थान सेक्टर आगमन प्रस्थान

एयर इंडिया एक्सप्रेस बेंगलुरु पटना- बेंगलुरु सुबह 9 बजे सुबह 9.35 बजे

एयर इंडिया एक्सप्रेस हैदराबाद पटना- हैदारबाद दोपहर 1.05 बजे दोपहर 1.45 बजे

एयर इंडिया एक्सप्रेस बेंगलुरु पटना- बेंगलुरु दोपहर 2.10 बजे दोपहर 2.45

एयर इंडिया एक्सप्रेस भुवनेश्वर पटना- भुवनेश्वर शाम 4.20 बजे शाम 5 बजे

एयर इंडिया एक्सप्रेस हैदराबाद पटना- हैदारबाद रात 10.20 बजे रात 11 बजे

स्पाइसजेट गुवाहटी पटना- गुवाहाटी दोपहर 1 बजे दोपहर 1.50 बजे



## जदयू के ललन प्रसाद एनडीए प्रत्याशी, राजद के सुनील सिंह की खाली सीट पर उपचुनाव

**पटना, एजेंसी।** आरजेडी एमएलसी सुनील कुमार सिंह की सदस्यता जाने के बाद खाली हुई विधान परिषद की सीट पर उपचुनाव होना है। जिसके लिए एनडीए ने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। जदयू नेता ललन प्रसाद को विधान परिषद चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार घोषित किया गया है। खाली हुई सीट पर उपचुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। 23 जनवरी को विधानसभा में वोटिंग होगी। नामांकन की प्रक्रिया 6 जनवरी से शुरू है, अंतिम तिथि 13 जनवरी है। मंगलवार को को जेडीयू कार्यालय में एनडीए की प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रत्याशी का ऐलान किया गया। जेडीयू कार्यालय में इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, हम प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार और लोजपा आर के अशरफ अंसारी मौजूद रहे। एनडीए के सभी दलों ने जदयू के ललन प्रसाद का समर्थन किया है। हालांकि अभी तक आरजेडी की ओर से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि ललन प्रसाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ काफी पहले से जुड़े रहे हैं। नीतीश कुमार की समता पार्टी जब थी उस समय से ललन प्रसाद साथ रहे हैं। ललन प्रसाद शेखपुरा जिले के रहने वाले हैं। हमारे नेता ने उनके नाम पर मुहर लगाई है। सभी दलों की सहमति बन गई है। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि ललन प्रसाद काफी पुराने और अनुभवी नेता हैं। उनके एमएलसी बनने से एनडीए काफी मजबूत होगा। आपको बता दें 52 वर्षीय ललन प्रसाद शेखपुरा जिले के सुजावलपुर गांव के रहने वाले हैं। ललन प्रसाद धानुक जाति से आते हैं. ये कुर्मी कोइरी की उपजाति है. ललन प्रसाद 2001 से 2006 तक घाट कुसुंभा प्रखंड के जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष रहे हैं। 2009 से 2013 तक जेडीयू शेखपुरा जिला के उपाध्यक्ष रहे हैं। जेडीयू के प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन: बिहार विधानसभा चुनाव में 8.08 लाख युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे



**पटना, एजेंसी।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में 8.08 लाख युवा मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। मंगलवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ। इसमें 18 से 19 साल के मतदाताओं की संख्या 8,08,857 है। वहीं, पिछले एक साल में मतदाताओं की संख्या 7,94,466 बढ़ी है। इनमें 3,25,280 पुरुष और 4,69,078 महिलाएं हैं। इस हिसाब से राज्य में पुरुषों के मुकाबले 1.43 लाख महिला मतदाता बढ़ी हैं। निर्वाचन विभाग ने सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया है।

### राज्य में 7.80 करोड़ वोटर, इनमें 3.72 करोड़ महिलाएं

नई सूची के अनुसार 1000 पुरुषों पर 914 महिला मतदाता हैं। पिछले साल महिला मतदाताओं की संख्या 910 थी। राज्य में मतदाताओं की संख्या 7,80,22,933 है। इनमें 4,07,63,352 पुरुष और 3,72,57,477 महिलाएं, 2104 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। वहीं, जनवरी 2024 में मतदाताओं की संख्या 7,72,28,467 थी। इनमें 4,04,38,054 पुरुष और 3,67,88,242 महिलाएं, 2171 थर्ड जेंडर मतदाता थे।

**चार विस क्षेत्र में नहीं चला विशेष अभियान:** निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक विधानसभा उपचुनाव के कारण तरारी, रामगढ़, इमामगंज और बेलागंज में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधित करने के लिए विशेष अभियान नहीं चलाया गया था। शेष 239 विधानसभा में अभियान चलाकर नए मतदाताओं का नाम जोड़ा गया।

### ऑनलाइन-ऑफलाइन आवेदन

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर की अर्हता है। इन तिथि के अनुसार 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले मतदाता ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन दे सकते हैं। इनके अलावे अगर कोई मतदाता छूट गया है तो वह आवेदन दे सकता है।

**पटना जिले में 1 लाख मतदाता बढ़े, 47075 पहली बार वोट डालेंगे :** एक साल में पटना जिले में 1,01,755 मतदाता बढ़े हैं। 22 जनवरी 2024 को 49,01,306 मतदाता थे। इस बार की अंतिम मतदाता सूची में 50,03,061 वोटर है। जिला प्रशासन के मुताबिक विशेष अभियान में 64,749 मतदाताओं का नाम जोड़ा गया। डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि जो लोग छूट गए हैं, वे नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। वहीं, आगामी विधानसभा चुनाव में जिले में 47,075 मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। अंतिम मतदाता सूची में 18 से 19 वर्ष की आयु वाले 47075 वोटर हैं। अधिकारियों के मुताबिक जिले में मतदाताओं की संख्या 50,03,061 है। इनमें 26,31,259 पुरुष और 23,71,635 महिलाएं, 167 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत विभाग के जेई ने ठेकेदार के विरुद्ध दर्ज कराई एफआईआर




**गोंडा।** जिले के वजीरगंज क्षेत्र में विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने ठेकेदार के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। अवर अभियंता मुकेश अस्थाना 33/411 के.वी. विद्युत उपकेंद ग्राम पंचायत मोहनपुर ने थाने में तहरीर देकर कहा कि ठेकेदार अवनीश कुमार के द्वारा गोरिया के पास मनकापुर रोड पर हाइड्रा से खुदाई करते समय 33 के.वी. की केबिल काट दी गई है। केबल कट जाने के कारण सप्लाई बाधित हो गई है। इससे विभाग को करीब एक लाख रुपए की क्षति हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

### डॉ. प्रबल नियोगी की टीम ने रचा इतिहास

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल में पहली बार डॉ. प्रबल नियोगी और उनकी टीम ने आईसीजी तकनीक का उपयोग करते हुए जटिल गॉल ब्लैडर की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सफलतापूर्वक की। यह सर्जरी अस्पताल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हुई। मरीज को गॉल ब्लैडर में सूजन और संक्रमण की गंभीर समस्या थी। सर्जरी से 2 घंटे पहले मरीज को आईसीजी डाई का इंजेक्शन दिया गया, जिससे सर्जरी के दौरान पित्ताशय और पित्त नलिका को साफ देखा जा सका। यह तकनीक डॉक्टरों को गॉल ब्लैडर और पित्त की नली की स्थिति समझने में काफी मददगार साबित हुई। इस सर्जरी के दौरान डॉ. प्रबल नियोगी की टीम में डॉ. वैभव श्रीवास्तव, डॉ. विशाल, डॉ. राजकुमार, डॉ. संजय सिंह, डॉ. डी. कुमार, डॉ. कृष्णा सिंह और डॉ. अखिलेश भी मौजूद थे। उनकी सामूहिक मेहनत और कुशलता ने इस सर्जरी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डॉ. प्रबल नियोगी ने कहा कि यह हमारे अस्पताल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। आईसीजी तकनीक के उपयोग से सर्जरी को अधिक सुरक्षित और आसान बनाया जा सकता है। यह मरीजों के इलाज में एक नई दिशा है। इस सर्जरी ने एसआरएन अस्पताल को चिकित्सा क्षेत्र में नई तकनीक से लैस किया है और आधुनिक तकनीक के उपयोग के लिए प्रेरित किया है।

### 4 साल के पोते के संग उमरा करने चले 60 साल के दादा

**प्रयागराज।** बहादुरगंज मोहल्ले के डॉक्टर अशफाक जिनकी उम्र 60 साल है अपने पोते अंजालन 4 वर्ष के साथ मुसलमान का सब से पवित्र स्थल मक्का मदीना की जियारत (उमरा) करने के लिए रवाना हुए। मोहल्ले के तमाम लोगों ने गले मिलकर हाथ मिलाकर मुसाफा किया और मुबारकबाद दी। डॉ अशफाक साहब धार्मिक जानकार हैं और लोगों की मदद करते हैं। तमाम बीमार लोग इनके पास आकर दुआ करते हैं। डॉक्टर अशफाक साहब को कुछ लोग बाबा भी कहते हैं। कुछ लोग हजरत भी कहते हैं। अशफाक साहब से लोगों ने मुल्क में अमन शांति भाईचारा के लिए दुआ करने के लिए भी कहा। रुखसत करने वालों में इरशाद उल्ला, मोहम्मद यासीन, फिरोज भाई, शकील अंसारी, इदरीश कुरैशी, शमशाद अहमद, अशर, आफताब, इखलाक, असलम, सबा नियाज़, अफरीन, मोहम्मद महफूज़ शामिल रहे।

### जरूरतमंद, गरीब और बेसहारा लोगों को बाँटा गया कम्बल

**प्रयागराज।** कड़कड़ाती ठंड में लाचार,असहाय व गरीबों को बचाने के लिए सामाजिक संगठन इलाहाबाद जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कम्बल वितरण किया। मोर्चा मे शामिल शगुन इंटरप्राइजेज के मालिक अब्दुल कलाम ने बताया कि क्षेत्र के हर धर्म और समुदाय के जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। यह एक पुण्य का काम है जिससे हर इंसान को आत्म शांति मिलती है। श्री आजाद ने कहा कि महाकुंभ मेले के दौरान संस्था जरूरतमंद लोगों को फुटपाथ पर सोने वालों को कंबल वितरण करती रहेगी। मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि निर्धारित रूपरेखा के तहत गरीब लोगों को मदद की जाती है। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता है।

इलाहाबाद जन कल्याण समिति के अध्यक्ष मोहम्मद हन्जला उर्फ़ सद्दाम हुसैन ने कहा की हर साल की तरह इस साल भी ग़रीब बेसहारा विकलांग लोगो को इलाहाबाद जन कल्याण समिति की तरफ से 10 दिवसीय कम्बल, भोजन और कपड़े बाटने का कार्य किया जायेगा।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से शगुन इंटरप्राइजेज मालिक अब्दुल कलाम के सौजन्य से कम्बल वितरण हुआ। कार्यक्रम मे परशुराम चौहान, यूनुस रियाज, जुबैर अहमद, अब्दुल कलाम आजाद, मोहम्मद नासिर आदि लोग मौजूद रहे।

### बीएएलएलबी एकादश बना चैंपियन

**प्रयागराज।** ईश्वर शरण पीजी कालेज की वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता में बीएएलएलबी एकादश की टीम भगत सिंह एकादश को पांच विकेट से हराकर विजेता बनी है।

कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गये मैच में भगत सिंह एकादश ने 12 ओवरों में 85 रन बनाए। जवाब में बीएएलएलबी एकादश ने 11.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 87 रन बना लिये। विजेता टीम के दिलशाद मैन ऑफ मैच और अवनीश मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह ने पुरस्कार वितरित किये। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एकात्मदेव ने स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन संचालन डॉ. शैलेश कुमार यादव किया। कार्यक्रम में कोच विवेक सिंह, डॉ. रागिनी राय, डॉ. विवेक राय, भगत नारायण महतो आदि उपस्थित रहे।

### संगम, अकादमी और टीटी क्लब ने जीते मैच

**प्रयागराज।** संगम सिटी, इलाहाबाद अकादमी और टीटी क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर उत्तर मध्य रेलवे मंडल खेलकूद संघ के तत्वावधान में फाइव साइड पुरुष डे-नाइट फुटबाल प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। डीएसए मैदान पर मंगलवार रात खेले गये पहले मैच में संगम सिटी ने मास्टर एफसी को 3-0 से हराया। देवेंद्र, हर्ष और आमिर ने एक-एक गोल किया। देवेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में इलाहाबाद अकादमी ने बीएचएस ब्वॉयज को 6-0 से हराया। अखंड प्रताप व निखिल ने दो-दो, सुजल अग्रहरि व विकल्प झा ने एक-एक गोल किया। निखिल को पूर्व फुटबालर संदीप ठाकुर (लाल बाबू) ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। तीसरे मैच में टीटी क्लब ने नाइट राइडर्स को 4-2 से हराया। विजेता टीम के उत्कर्ष ने तीन व अर्जुन ने एक गोल किया। पराजित टीम के जितेंद्र व शांतनु ने एक-एक गोल किया। उत्कर्ष को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

### श्री सहायक लाल अंडर-12 क्रिकेट आज से

**प्रयागराज।** श्री सहायक लाल अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार से डॉ. केएन काटजू इंटर कॉलेज मैदान पर खेली जायेगी। उद्घाटन मुकाबला डीएसए क्लब बी और कैंट बोर्ड के बीच सुबह साढ़े आठ बजे से खेला जायेगा। दूसरा मुकाबला विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल और एमआईसी के बीच होगा।

## प्रमुख सचिव श्रम ने श्रमायुक्त कार्यालय का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान श्रमायुक्त सोम्या पांडे, अपर श्रम आयुक्त दिलीप सिंह, वित नियंत्रक अशोक कुमार रहे उपस्थित





संवाददाता

**कानपुर। (जितेन्द्र सिंह )** प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन एम.के.एस. सुन्दरम द्वारा श्रम आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। विभागीय कार्यों में मानवीय हस्तक्षेप को कम करते हुए और अधिक सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन एवं यथा सम्भव ऑटोमोड में कार्यों को सम्पादित करने के निर्देश दिये। कारखानों के विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में महिलाओं की प्रतिभागिता एवं असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों के कल्याण हेतु उनकी कार्यदशा में श्रम कानूनों के अपेक्षानुसार जागरूकता सृजन कर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिये जाने के निर्देश दिये गये। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक कर अपेक्षित अनुपालन भी सुनिश्चित कराने पर बल दिया गया। साथ ही राज्य श्रम नीति तैयार कराने की भी निर्देश दिया गया । श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश मार्कण्डेय शाही द्वारा बैठक में पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विभाग एवं उसके अन्तर्गत विभिन्न निदेशालयों से सम्बन्धित क्रियाकलापों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन एम०के०एस० सुन्दरम द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों से विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा विभाग के कार्यों में पारदर्शिता और गति प्रदान करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में ही श्रम विभाग द्वारा संचालित कॉल सेन्टर पर एक शिकायत दर्ज कराकर लाइव टेस्टिंग भी की गयी । प्रमुख सचिव ने महिला कार्मिकों से सम्बन्धित प्रावधानों की समीक्षा के उपरान्तक्षनिर्देश दिये कि कारखाना अधिनियम के अन्तर्गत जिन नियोजनों में महिलाओं का कार्य करना प्रतिबंधित है उनकी कार्य दशाओं में महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों कीश्रसमीक्षा करके उन नियोजनों में भी महिलाओं को कार्य करने की अनुमति दिलाये जाने की कार्यवाही के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में अपर श्रमायुक्त सौम्या पाण्डेय, अपर श्रमायुक्त, दिलीप कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक अशोक कुमार त्रिपाठी सहित विभाग के सभी उप श्रमायुक्त, सहायक श्रमायुक्त व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

## प्राइवेट प्रैक्टिस करने पर हैलेट के न्यूरोलॉजिस्ट का तबादला



हैलेट अस्पताल में बतौर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राघवेन्द्र गुप्ता का झांसा तबादला

संवाददाता

**कानपुर। (जितेन्द्र सिंह)** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर में न्यूरो सर्जरी के पद पर तैनात डा. राघवेंद्र गुप्ता को सरकारी सेवा में रहते प्राइवेट प्रैक्टिस करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से झांसी तबादला कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार उन पर विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। जांच से उनपर कड़ी कार्रवाई भी हो सकती है। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने यूपी में सरकारी सेवा में रहकर डॉक्टरों के द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस को लेकर चिंता जाहिर की थी। डॉ. राघवेन्द्र गुप्ता काकादेव में स्वयं शल्य चिकित्सा के लिए संचालित न्यूरॉन हॉस्पिटल में मरीजों को भेजते थे। इसकी जांच चल रही थी।

जांच पूरी होने के बाद जिलाधिकारी ने जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी थी। जीएसवीएम कॉलेज कानपुर के सह आचार्य न्यूरो सर्जरी डा. राघवेंद्र गुप्ता प्राइवेट प्रैक्टिस भी करते देखे जाते थे। एक शिकायत पर शासन ने डीएम से गोपनीय जांच कराने के लिए निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी ने माह सितंबर 24 में एलआईयू से जांच करवाई थी। एलआईयू ने जांच की तो पता चला की डॉ. राघवेंद्र गुप्ता हैलेट अस्पताल के सामने निजी क्लीनिक संचालित कर रहे हैं। इसके अलावा हैलेट के मरीजों को दूसरे अस्पताल में आप्रेशन के लिए भी भेजते हैं। इन शिकायतों को योगी सरकार ने गंभीरता से लिया है।

## आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अखाड़ा क्षेत्र में मॉक ड्रिल

संवाददाता



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ-2025 के भव्य-सुरक्षित और सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए महाकुम्भ पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। थाना अखाड़ा महाकुम्भ मेला क्षेत्र में पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण आईपीएस के दिशा-निर्देशों पर आपातकालीन तैयारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रात्रि 02 बजे अखाड़ा क्षेत्र में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में विभिन्न आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अलार्म को सक्रिय करना, निकासी प्रक्रियाओं का अभ्यास करना, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की कार्य क्षमता का प्रशिक्षण शामिल था। मॉक ड्रिल का प्रथम उद्देश्य श्रद्धालुओं को आपात स्थिति के दौरान तुरंत और सही तरीके से प्रक्रिया करने के लिए तैयार करना व व्यक्तियों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों के उपयोग और फायर कर्मियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा एवं बचाव कैसे सुनिश्चित करना है, का अभ्यास करना था। इस दौरान मॉक ड्रिल में पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य राजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवाबगंज सर्राफा चोरी खुलासे पर डीसीपी सेंट्रल सम्मानित

नवाबगंज सर्राफा व्यापारी संघ ने डीसीपी दिनेश त्रिपाठी व अन्य पुलिस अधिकारियों को किया सम्मानित

संवाददाता



**कानपुर। (जितेन्द्र सिंह)** थाना नवाबगंज क्षेत्र में 30/31 की रात को सर्राफा व्यापारी जुगल किशोर के घर हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण और लगभग 90 प्रतिशत माल बरामदगी के लिए कानपुर सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन ने डीसीपी सेंट्रल समेत पूरी पुलिस टीम को सम्मानित किया है। पिछले माह 30/31 दिसंबर की रात को नवाबगंज सर्राफा बाजार में जुगल किशोर सर्राफ के यहां लाखों रुपए कीमत के माल की चोरी हुई थी जिसे नवाबगंज थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से पांच दिन में खुलासा किया था और उसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इन अभियुक्तों से लगभग 90 प्रतिशत माल की बरामदगी की थी। इस सराहनीय कार्य के लिए सर्राफा व्यापारियों ने पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, दिनेश त्रिपाठी को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पुलिस उपायुक्त दिनेश त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा, "यह सफलता पुलिस टीम की मेहनत और जनता के सहयोग का परिणाम है। हमारी प्राथमिकता क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सर्राफा व्यवसाई को अपने माल की सुरक्षा के लिए अपने प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरों का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए और इनको कभी भी घर को अकेले छोड़ कर नहीं जाना चाहिए।

## राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में जनवरी सत्र के प्रवेश शुरू

संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने सत्र जनवरी 2025 की प्रवेश प्रक्रिया को बुधवार को प्रारम्भ कर दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने प्रवेश संबंधी कार्यक्रमों की जानकारी से सुसज्जित एडमिशन ब्रोशर का भी विमोचन किया। विश्वविद्यालय की सत्र जनवरी 2025 की प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय ने इस बार प्रवेश प्रक्रिया को बहुत सरल एवं सुलभ बनाया गया है। छात्रों को आवेदन करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार छात्रों को अपना आधार और मोबाइल नंबर लिंक करने के पश्चात ही प्रवेश प्रक्रिया संपादित की जाएगी। विश्वविद्यालय के दक्ष तकनीकी विशेषज्ञों ने इस प्रक्रिया को अत्यंत सरलीकृत कर दिया है जिससे छात्रों को फॉर्म भरने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। विश्वविद्यालय ने जनवरी सत्र में 23 परास्नातक कार्यक्रमों, 8 स्नातक कार्यक्रमों, 10 जागरूकता कार्यक्रमों, 22 डिप्लोमा कार्यक्रमों तथा 48 प्रमाण पत्र कार्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ किया है। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने प्रवेश के उद्घाटन सत्र में ऑनलाइन जुड़े हुए सभी 12 क्षेत्रीय केंद्रों प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, आगरा, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, मेरठ, गाजियाबाद, कानपुर, वाराणसी तथा गोरखपुर क्षेत्रीय केंद्र के समन्वयकों को निर्देशित किया कि वह केंद्र पर आने वाले छात्रों की हर संभव सहायता करें जिससे उन्हें प्रवेश लेते समय किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उद्घाटन सत्र में स्पॉट एडमिशन लेने वाले एम ए राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष के छात्र गोपीचरन यादव को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने अपने हाथों से पाठ्य सामग्री प्रदान की।

## महिला सम्मेलन में बोले यूपी के सीएम योगी - जो सुधरता नहीं है, उसे प्रकृति सुधार देती

- राजनीति वही कर सकता ,जिसे सब कुछ आता : सतीश महाना
- कार्यक्रम में यूपी की 48 और उत्तराखंड की शामिल हुई 8 महिला विधायक





सुनील बाजपेई

**कानपुर।** आज यहां बुधवार को बिठूर में आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड विधान मंडल के महिला सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो सुधरता नहीं है, उसे प्रकृति सुधार देती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुधार की ओर है। लोकतंत्र में हमने कभी अपनी बात को दूसरों पर नहीं थोपा।

कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन के कार्यक्रम में यूपी-उत्तराखंड की 56 महिला विधायकों संबोधित कर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी विधानसभा पिछले 3 सालों में नए-नए प्रयोग के बारे में जानी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी ई-विधानभा पेपरलेस है। ई-प्रणाली लागू करने में हम देश में नंबर वन हैं। हम विधानसभा में एक साथ बैठते हैं। तब हम समाज के बारे में सोचते हैं।

उन्होंने कहा कि पहले लोग कहते थे कि जो कुछ नहीं कर सकता, वो राजनीति में आता है। आज की राजनीति में जिसे सब कुछ आता है, वो ही राजनीति कर सकता है।

इस दौरान सरकार द्वारा जनहित में किया जा रहे कार्यों के बीच चर्चा करते हुएमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हम 1 करोड़ 91 लाख बच्चों को जूते-मोजे और पूरी ड्रेस दे रहे हैं। एक जनप्रतिनिधि के रूप में शिक्षकों से बात कर सकते हैं। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत स्कूल अच्छे बनाए गए। जनसहभागिता से ये काम किया गया। गांव आज 5 से 7 लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहा है। स्वावलंबी गांव की तरफ हम बढ़ रहे हैं।

वहीं इस मौके पर सतीश महाना ने कहा कि भारतीय संस्कृति में देवी को ऊंचा दर्जा है। हम महिलाओं को दुर्गा, काली व सरस्वती कहते हैं। व्यवहार में हम कहां हैं, ये सोचना है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि महिला के सम्मान की हमेशा चर्चा हुई, लेकिन जब वो फाइल में बंद कर रख दी जाती हैं, तो कोई महत्व नहीं रह जाता है। कार्यक्रम में यूपी की 48 और उत्तराखंड की 8 महिला विधायक शामिल हुईं।

## सीएचसी अधीक्षक ने महिला कर्मी को बाल पकड़कर पीटा

संवाददाता

**प्रयागराज।** सोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला कर्मचारियों से मारपीट का वीडियो सामने आया है। सीएचसी में डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर तैनात सुषमा व अन्य महिला कर्मचारी शिकायत लेकर अधीक्षक डॉ. अनुपम के पास पहुंची तो कहासुनी हो गई। इसके बाद अधीक्षक ने महिला कर्मियों को भगाना शुरू कर दिया। महिला कर्मी का आरोप है कि उसे जमीन में गिराकर पीटा गया। बाल पकड़ा गया। कई महिला कर्मचारी रोने लगीं। सीएमओ से शिकायत की गई है। साथ ही सोरांव थाने में तहरीर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलपुर के हुसामगंज के रहने वाले अमित मौर्या की पत्नी सुषमा मौर्या ने तहरीर दी है कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव प्रयागराज में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्य करती हैं।

आरोप है कि पिछले कुछ महीनों से अधीक्षक अनुपम द्विवेदी वेतन में कटौती कर रहे थे। इस माह भी वेतन कट कर मिलने पर वह शिकायत लेकर पहुंचीं। महिला कर्मी का आरोप है कि 7 जनवरी को ऑफिस में गईं। उनके साथ अन्य महिला कर्मी गीता और मीना भी गईं। इन महिला कर्मचारियों का वेतन भी जबरन काट दिया गया था। इसी सिलसिले में सवाल जवाब के दौरान हंगामा हुआ।

महिला का आरोप है कि पूछने पर कि क्यों वेतन काटा जा रहा है, अधीक्षक अपनी कुर्सी से उठ कर जाने लगे। उन्हें रोका गया तो धक्का देने लगे। मारपीट की। बाल पकड़ कर मुझे गिराते हुए पैर से भी मारने लगे।

कर्मचारी का कहना है कि आफिस में एक कैमरा लगा है जिसकी निगरानी निजी तौर पर निजी मोबाइल पर करते हैं। इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों को पत्राचार एवं मौखिक रूप से दी जा चुकी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## सानू के दम पर हनुमानगंज सेमीफाइनल में



संवाददाता

**प्रयागराज।** सानू यादव के बहुमुखी प्रदर्शन ( 47 रन, 21 गेंद, 10 चौके व 4 - 0 - 15 - 1 ) के दम पर हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब ने मोती लाल सर्व कल्याण अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब बी को नौ विकेट से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई हैं। बुधवार को भानु प्रताप मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब बी की पूरी टीम 23 ओवर में महज 91 रन ( आर्यन निषाद 29, दिव्यांश तिवारी 16, कनिष्क श्रीवास्तव 15 रन, आदित्य 2/12, अभ्यास पाल 2/17, शिखर 2/20, सानू यादव 1/15 ) पर बिखर गई। जवाब में हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब की टीम ने नौ ओवर में एक विकेट पर 94 रन ( सानू यादव 47 नाबाद, ईशान यादव 36 अविजित रन, आर्यन निषाद 1/24 ) पर बना लिए। मैच में रामचंद्र यादव व पवन वर्मा ने अंपायरिंग और राहुल मिश्रा ने स्कारिंग की। प्रतियोगिता में गुरुवार को भवम क्रिकेट क्लब व फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ए के बीच पहला सेमीफाइनल मैच सुबह नौ बजे से खेला जाएगा।

## लायंस क्लब ने जिला कारागार में महिला कैदियों को बांटे कंबल

संवाददाता

**प्रयागराज।** जिला कारागार नैनी में उत्तर प्रदेश महिला आयोग अध्यक्ष लायन बबीता सिंह चौहान एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बलवीर सिंह बग्गा के कर कमलो द्वारा लायन डॉ अर्पण धर दुबे उप मंडल अध्यक्ष प्रथम एवं लायन उदय चंदानी उप मंडल अध्यक्ष द्वितीय के समक्ष एवं प्रयास से 150 कंबल महिला कैदियों के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन यशार्थ, वरिष्ठ लायन सुधीर भला कैबिनेट सेक्रेटरी, पीआरओ संतोष मौर्य, लायन भानु वाधवानी, लायन उमेश कक्कड़, लायन धीरेंद्र मिश्रा इमेज बिल्डिंग चेयरपर्सन, लायन माला मिश्रा रीजन चेयरपर्सन, लायन ममता बंसल रीजन चेयरपर्सन, लायन दीपक अग्रवाल रीजन चेयरपर्सन, लायन नीरज अग्रवाल रीजन चेयरपर्सन, लायन रोहित अग्रवाल, वरिष्ठ लायन हिमांशु गुप्ता, नाजिम अली एवं शीतला प्रसाद श्रीवास्तव तथा लायन सतीश टंडन योजना कैबिनेट सेक्रेटरी उपस्थित थे। यह जिला कारागार 1 वर्ष पूर्व शुरू हुआ है इसलिए इनके पास कुछ संसाधनों की कमी को पूरा करते हुए ठंडी में कंबल का वितरण किया गया। आधारशिला वृद्ध आश्रम में शीतला प्रसाद श्रीवास्तव ने मंच का संचालन तथा वहां पर कंबल व चश्मा वितरण किया गया। आयोग अध्यक्ष द्वारा सभी बुजुर्गों का हाल-चाल लिया गया। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष लायन बबीता सिंह चौहान ने वृद्धो से बात किया एवं उनके चेहरे पर खुशहाली पाया। उन्होंने कहा हमारे लायंस क्लब यथासंभव इसमें अपनी सेवाएं देते रहेंगे। इस सेवा का पूरा श्रेय डिस्ट्रिक्ट 321 ई को जाता है। श्रेष्ठ कार्य में इलाहाबाद के सभी लायन लीडर्स संलग्न रहे। इस सेवा कार्य से लायंस इंटरनेशनल की छवि का निर्माण हुआ है जिसे वर्षों तक जाना जाएगा।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 09 जनवरी, 2025



संक्षिप्त समाचार

## ट्रूडो ने ठुकराया कनाडा को अमेरिका में मिलाने का ऑफर, कहा- कोई गुंजाइश नहीं

**ओटावा।** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद कई बार कनाडा को अमेरिका में शामिल होकर 51वां राज्य बनने का ऑफर दे चुके हैं। अब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को दो टूक शब्दों मे ट्रम्प से कह दिया कि इस विलय की कोई गुंजाइश नहीं है। इस बात की कोई गुंजाइश नहीं है कि कनाडा अमेरिका का हिस्सा बन जाएगा। दोनों देशों के वर्कर्स और सोसाइटी एक-दूसरे के सबसे बड़े ट्रेड और डिफेंस साझेदार होने से लाभान्वित होते हैं। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने भी ट्रम्प को कड़े शब्दों में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमारा देश ऐसी धमकियों से डर कर पीछे नहीं हटेगा। ट्रम्प के बयान बताते हैं कि कनाडा को लेकर उनकी समझ काफी कमजोर है। हमारी इकोनॉमी और हमारे लोग काफी मजबूत हैं। हम खतरों का सामना करने से कभी पीछे नहीं हटेंगे। इससे पहले ट्रम्प ने मंगलवार को फ्लोरिडा में मीडिया से बात करते हुए कहा कि आप (कनाडा) दोनों देशों के बीच खींची गई आर्टिफिशियल लाइन से छुटकारा पा लें। यह यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी बेहतर होगा। यह कनाडा और अमेरिका के लिए एक बड़ी बात होगी।



## कोरोना वायरस जैसे HMPV का 9वां केस, मुंबई में 6 महीने की बच्ची संक्रमित

**बेंगलुरु/चेन्नई/अहमदाबाद।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) का महाराष्ट्र में बुधवार को तीसरा केस मिला। मुंबई के हीरानंदानी अस्पताल में 6 महीने की बच्ची संक्रमित मिली है। उसे 1 जनवरी को खांसी, सीने में जकड़न और ऑक्सीजन लेवल 84% तक गिरने की वजह से अस्पताल में भर्ती किया गया था। हालांकि अब वह ठीक है। मुंबई में इस वायरस का यह पहला मामला है। मंगलवार को नागपुर में 2 केस सामने आए थे। यहां 13 साल की लड़की और 7 साल का लड़का संक्रमित मिला था। हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है। ताजा केस मिलने के बाद देश में इस वायरस के कुल मामले 9 हो गए हैं। महाराष्ट्र से पहले सोमवार को कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और गुजरात में एक-एक केस मिलाकर वायरस के कुल 6 मामले सामने आए थे। HMPV केस सामने आने के बाद राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को HMPV केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित HMPV संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र ने राज्यों को 'इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस' और 'सीवर एक्यूट रेस्परेट्री इश्यूज' जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और HMPV के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।



## केरल में हाथी ने शख्स को सूंड़ से उठाकर पटका, हवा में 4 बार लहराया, 10 फीट दूर उठाकर फेंका


**कोच्चि।** केरल के मलप्पुरम में एक हाथी ने शख्स को सूंड़ से उठा लिया। उसे हवा में 4 बार लहराया फिर 10 फीट दूर उठाकर फेंक दिया। पीड़ित की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना मंगलवार रात 12:30 बजे की है। हादसा स्थानीय उत्सव के दौरान हुआ, जिसे नेरचा कहते हैं। उत्सव में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए थे। इस दौरान वहां मौजूद 4 हाथियों में एक हाथी भड़क गया। भगदड़ में 17 घायल हैं। अचानक भीड़ की ओर दौड़ा हाथी मलप्पुरम के तिरूर में हर साल नेरचा उत्सव मनाया जाता है। पलक्कड़ जिले में पट्टांबी मस्जिद में हजारों की संख्या में लोग उत्सव में भाग लेते हैं। बुधवार को भी भीड़ ज्यादा थी। उत्सव के दौरान चार हाथी मंगाए गए थे। चारों हाथी एक लाइन में खड़े थे, हालांकि उनके ऊपर महावत (हाथी की देख-रेख करने वाला) भी था। एक हाथी अचानक आगे की ओर भागने लगा। उस वक्त कई लोग हाथी के सामने ही खड़े थे। हाथी के बेकाबू होते ही भगदड़ की स्थिति बन गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। एक शख्स हाथी की सूंड़ की पकड़ में आ गया। हाथी ने उसे उठाया और हवा में लहराने लगा। लोग जब तक कुछ समझ पाते, हाथी ने शख्स को कई फीट दूर उठाकर फेंक दिया। हालांकि बाद में महावत ने हाथी पर काबू पा लिया।



# ट्रम्प ने हमास को बंधकों की रिहाई का अल्टीमेटम दिया

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिलिस्तीनी उग्रवादी गुट हमास को 20 जनवरी से पहले बंधकों को रिहा करने की चेतावनी दी है। 20 जनवरी को वे अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे। दरअसल कतर में बंधकों को रिहाई को लेकर इजराइल और हमास की लीडरशिप में बातचीत जारी है। इसे लेकर ट्रम्प ने कहा कि वे किसी बातचीत को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते हैं लेकिन शपथ ग्रहण से पहले समझौता नहीं हुआ तो मिडिल ईस्ट में तबाही मच जाएगी। सबकुछ बर्बाद हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ और कहने की जरूरत नहीं है, लेकिन ऐसा ही होगा। ट्रम्प बोले मुझे बंधकों के परिवारों से फोन आ रहे ट्रम्प ने कहा कि बंधकों को बहुत पहले ही रिहा कर दिया जाना चाहिए था। 7 अक्टूबर का हमला कभी होना ही नहीं चाहिए था। लोग इसे भूल जाते है, लेकिन ऐसा हुआ था और कई लोग मारे गए थे। मुझे इजराइल और बाकी जगहों से बंधकों के परिवारों को फोन आ रहे हैं। लोग अपील कर रहे हैं कि वे बंधकों को हमास की कैद से छुड़ा लें। लोग मेरे पास रोते हुए आते हैं और कहते हैं कि क्या मैं उनके बच्चों के शव वापस ला सकता हूं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने 19-20 साल की एक खूबसूरत लड़की कार में ऐसे फेंक दिया जैसे वो आलू की बोरी हो। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा कि हमास ने कुछ अमेरिकी लोगों को भी कैद कर रखा है।



♦ कहा- 20 जनवरी से पहले बंधकों को नहीं छोड़ा तो मिडिल ईस्ट में तबाही मच जाएगी

**शपथ ग्रहण से पहले अच्छी खबर मिलने की उम्मीदः** हाल में ट्रम्प के विशेष राजदूत स्टीवन चार्ल्स विटकॉफ मिडिल ईस्ट के दौरे से लौटे हैं। उन्होंने मीडिया से कहा कि वे इस बारे में बात नहीं करना चाहता कि बंधकों की रिहाई में देरी किस वजह से हुई। निगेटिव होने का कोई मतलब नहीं है। वे बहुत कुछ नहीं कहेंगे क्योंकि उन्हें लगता है कि कतर में अच्छा काम हो रहा है। विटकॉफ ने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ट्रम्प के शपथ ग्रहण से पहले कुछ अच्छी खबर होगी, जिसका ट्रम्प ऐलान करेंगे।

# यूनुस सरकार ने शेख हसीना का पासपोर्ट रद्द किया

एजेंसी, ढाका

बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने मंगलवार को जुलाई में हुई हिंसा की वजह से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 97 लोगों का पासपोर्ट रद्द कर दिया। बांग्लादेश की न्यूज एजेंसी BSS के मुताबिक इसमें से 22 पासपोर्ट जबरन गायब किए गए लोगों के हैं, जबकि शेख हसीना सहित 75 लोगों के पासपोर्ट जुलाई में हुई हत्याओं में शामिल होने के कारण रद्द किए गए। शेख हसीना का पासपोर्ट रद्द होने के कुछ देर बाद ही भारत सरकार ने उनका वीजा बढ़ा दिया। इससे साफ हो गया है कि भारत हसीना को बांग्लादेश डिपोर्ट नहीं करेगा।

इससे पहले 6 जनवरी को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भी हसीना को डिपोर्ट करने के लिए भारत से अपील कर चुकी है। बांग्लादेश के इंडिपेंडेंट इन्क्वायरी कमीशन के हेड मेजर जनरल फजलुर रहमान का कहना है कि अगर भारत शेख हसीना को डिपोर्ट नहीं करता है तो, कमीशन उनसे भारत आकर पूछताछ करने को भी तैयार है। दरअसल, 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद शेख हसीना ने भागकर भारत में पनाह ली थी। वे तब से यही पर हैं। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। साल 2013 की बात है। भारत के नॉर्थ-ईस्ट उग्रवादी समूह के लोग बांग्लादेश में छिप रहे थे। सरकार उन्हें बांग्लादेश में पनाह लेने से रोकना चाहती थी।



जुलाई हिंसा मामले में गिरफ्तारी वारंट भी जारी, भारत ने हसीना का वीजा बढ़ाया

# भारतवंशी अनीता आनंद बन सकती हैं कनाडा की PM

एजेंसी, ओटावा

कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद भारतीय मूल की सांसद अनीता आनंद का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रमुखता से लिया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सत्ताधारी लिबरल पार्टी इस साल होने वाले संसदीय चुनाव से पहले नया प्रधानमंत्री चुन सकती है। बुधवार यानी आज पार्टी के नेशनल कॉकस की बैठक भी होने वाली है। माना जा रहा है कि पार्टी में अनीता के नाम पर सहमति बन सकती है। अगर ऐसा होता है तो वो कनाडा में प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने वाली पहली अश्वेत महिला होंगी। फिलहाल जब तक कोई नया नेता नहीं चुन लिया जाता, तब तक ट्रूडो पद पर बने रहेंगे।

अनीता आनंद लिबरल पार्टी की सीनियर मेंबर हैं। वह 2019 से कनाडाई संसद की सदस्य भी हैं। उन्होंने ट्रूडो सरकार में कई प्रमुख विभागों को संभाला है, जिसमें पब्लिक सर्विस और खरीद मिनिस्ट्री, नेशनल डिफेंस मिनिस्ट्री और ट्रेजरी बोर्ड के अध्यक्ष की जिम्मेदारी शामिल है। वह 2024 से ट्रांसपोर्ट और इंटरनल ट्रेड मिनिस्टर हैं। पार्टी नेताओं की तरफ से लगातार बढ़ते दबाव के बाद प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 6 जनवरी को पार्टी लीडर और PM दोनों पद से इस्तीफा दे दिया था। उनकी सरकार का कार्यकाल अक्टूबर तक था।




♦ पेशे से वकील, 2019 से सांसद, चौतरफा दबाव के बाद ट्रूडो ने प्रधानमंत्री पद छोड़ा था

### जयशंकर बोले- PM मोदी ने काम करने का नजरिया बदला

# पहले की सरकारें कहती थीं- चलता है, अब होगा कैसे नहीं वाला एटिट्यूड

एजेंसी, भुवनेश्वर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारों के काम करने का नजरिया बदल दिया है। उन्होंने देश को 'चलता है' से 'होगा कैसे नहीं' वाला एटिट्यूड दिया है। जयशंकर ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में बोल रहे थे। भुवनेश्वर में 8 से 10 जनवरी तक 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी 9 जनवरी को सुबह 10:00 बजे इसका उद्घाटन करेंगे। इसमें 50 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। PM गुरुवार को भारत की वैश्विक भागीदारी के बढ़ते महत्व और देश के भविष्य को आकार देने में प्रवासी समुदाय की भूमिका पर बोलेंगे। इससे पहले जयशंकर ने बुधवार को वैश्विक विकास को आगे बढ़ाने में भारत की युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु की एक याद साझा की। उन्होंने कहा कि सिंधु ने PM को यूथ आइकन बताया था। सिंधु ने कहा था कि PM मोदी ने देश को 'चलता है' से 'होगा कैसे नहीं' वाला एटिट्यूड दिया है। 50 देशों से हजारों प्रवासी भारतीय हिस्सा ले रहे ओडिशा के भुवनेश्वर में पहली बार प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन हो रहा है। इसमें 50 देशों से हजारों प्रवासी भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू सम्मेलन की मुख्य अतिथि हैं। वह वर्चुअली सम्मेलन को संबोधित करेंगी। इस साल सम्मेलन का विषय 'विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान' है। कार्यक्रम में रामायण, प्रौद्योगिकी और प्रवासी भारतीयों पर आधारित प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी। रामायण प्रदर्शनी में बताया जाएगा कि कैसे यह महाकाव्य दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में पहुंचा। ओडिशा के मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने कहा कि सम्मेलन में 5 हजार से ज्यादा प्रवासी भारतीयों के आने की उम्मीद है। भुवनेश्वर, पुरी और जाजपुर में 21 जगहों को चुना गया है। जहां उन्हें ले जाया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य ओडिशा में इंटरनेशनल टूरिज्म को बढ़ाना है।



# इस्लामिक देश इंडोनेशिया BRICS का 10वां मेंबर बना, ब्राजील ने किया ऐलान

एजेंसी, जर्कार्ता

दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश इंडोनेशिया BRICS का स्थायी सदस्य बन गया है। 2025 में BRICS की अध्यक्षता करने जा रहे ब्राजील ने सोमवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। जवाब में इंडोनेशिया सरकार ने इस फैसले का स्वागत किया। ब्राजील ने कहा कि इंडोनेशिया को 2023 में जोहान्सबर्ग समिट में ही ब्रिक्स में शामिल होने की हरी झंडी मिल गई थी, लेकिन तत्कालीन जोको विडोडो की सरकार ने राष्ट्रपति चुनाव तक रुकने की मोहलत मांगी थी। चुनाव के खत्म होने के बाद राष्ट्रपति प्रोबोवे सुबियांतो ने अक्टूबर 2024 में पदभार संभाला। इसके बाद ब्रिक्स का मेंबर बनने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया।

इंडोनेशिया ब्रिक्स में शामिल होने वाला 10वां देश है। साउथ अफ्रीका ने साल 2023 में ईरान, UAE, इजिप्ट और इथोपिया के साथ सऊदी अरब के शामिल होने की घोषणा की थी। सऊदी अरब के ब्रिक्स में शामिल होने की प्रक्रिया फरवरी 2024 में शुरू होने वाली थी लेकिन आखिरी वक्त में सऊदी अरब ने कहा था कि वह फिलहाल ब्रिक्स में शामिल नहीं हो रहा है। ब्राजील करेगा ब्रिक्स 2025 की अध्यक्षता जुलाई 2025 में ब्रिक्स सम्मेलन ब्राजील की अध्यक्षता में रियो डी जनेरियो में होगा। इस बार ब्रिक्स का थीम ग्लोबल साउथ है। इसमें सदस्य देशों के बीच व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए पेमेंट गेटवे के विकास का लक्ष्य रखा गया है। बीते साल 2024 में रूस की अध्यक्षता में ब्रिक्स संगठन की बैठक हुई थी। इस बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सीमा विवाद सुलझाने पर बातचीत हुई थी। इस समिट में गैर डॉलर लेन-देने को बढ़ावा देने और लोकल करेंसी को मजबूत करने पर भी चर्चा की गई थी। लेकिन अमेरिका इससे नाराज हो गया था। डोनाल्ड ट्रम्प ने सदस्य देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी।



# दिल्ली में भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ के धर्मगुरु AAP में शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली

BJP के मंदिर प्रकोष्ठ के 100 से ज्यादा धर्मगुरु आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। बुधवार को पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने भगवा गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। AAP ने ऐलान किया है कि वो आज सनातन सेवा समिति की शुरुआत करेगी। इसमें पार्टी में शामिल होने वाले धर्मगुरुओं को रखा जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि पुजारी और संत 24 घंटे काम करते हैं। लोगों और भगवान के बीच वे सेतु का काम करते हैं। हम भाग्यशाली हूं। हमें उन लोगों की सेवा करने का मौका मिला है। चुनाव के बाद पुजारी ग्रंथी योजना लागू करेंगे और संतों को वेतन देंगे। दरअसल, AAP ने चुनाव जीतने पर पुजारी और ग्रंथियों को हर महीने 18 हजार रुपए वेतन देने का ऐलान किया है। दिल्ली में चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, 8 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है।




♦ केजरीवाल बोले- भाग्यशाली हूं, संतों की सेवा का मौका मिला, सनातन सेवा समिति बनाएंगे

# नागपुर में 26वीं एनिवर्सरी पर पति-पत्नी ने खुदकुशी की, पहले पार्टी की फिर फांसी लगा ली


एजेंसी, नागपुर

नागपुर के जरीपटका इलाके में मंगलवार को पति-पत्नी ने अपनी शादी की 26वीं सालगिरह के दिन शादी का जोड़ा पहनकर खुदखुशी कर ली। मृतक दंपति का नाम जेरील डासमोन ऑस्कर मॉनक्रीफ और एनी जेरील मॉनक्रीफ था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे बच्चा न होने और बेरोजगारी से परेशान थे। मंगलवार को उनकी शादी की सालगिरह थी। इसी दिन उन्होंने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ पार्टी की। शादी का जोड़ा पहना। इसके बाद एक वीडियो बनाकर व्हॉट्सएप स्टेटस पर अपलोड किया। फिर नायलॉन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कपल ने रिश्तेदारों के नाम वीडियो बनाया। सुसाइड करने से पहले एनी ने वीडियो बनाकर रिश्तेदारों से कहा कि वो अपने बच्चों का ख्याल रखें और उनके जाने के बाद होने वाली शादी को पोस्टपोन ना करें।

पति ने पत्नी के शव को फूल से सजाया, फिर जान दी 57 साल के जेरिल का शव किचन में फंदे से लटकता मिला, जबकि उनकी पत्नी ऐनी का शव ड्राइंग रूम में पाया गया। ऐनी ने 26 साल पुरानी अपनी शादी की ड्रेस पहनी थी और उनका शरीर सफेद कपड़े में लिपटा हुआ था। उसके आसपास फूल बिखरे हुए थे।

पुलिस के मुताबिक, जेरिल से पहले ऐनी ने खुदकुशी की। जेरिल ने ही अपनी पत्नी के शव को कपड़े से ढककर उस पर फूल सजाए। इसके बाद खुद की भी जान ले ली। एक ही ताबूत में दफनाएं पति-पत्नि पति-पत्नि को एक ही ताबूत में एक साथ दफनाया गया है।

पादरी विजय एलिक माइकल ने बताया कि मैं पिछले पांच दशकों से ताबूत में शवों को दफना रहा हूं। लेकिन यह पहली बार था, जब मैंने किसी जोड़े के लिए एक ही ताबूत बनाया। उनके रिश्तेदारों ने कहा था कि मृतक कपल की इच्छा थी कि शादी के कपड़ों में उन्हें एक साथ दफनाया जाए। बड़े होटलों में शेफ रह चुके थे जेरल जेरल कई बड़े होटलों में शेफ रह चुके थे। कोरोना काल में नौकरी छोड़कर वह नागपुर लौट आए। इसके बाद उन्होंने लोगों को ब्याज पर पैसे उधार देने का कारोबार शुरू किया। उनकी पत्नी एनी हाउसवाइफ थी। दोनों आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे।



# केरल HC बोला- महिला के फिगर पर कमेंट करना अपराध, ऑफिस में सहकर्मी पर केस दर्ज

एजेंसी, कोच्चि

केरल हाईकोर्ट ने कहा, किसी महिला के फिगर (बॉडी स्ट्रक्चर) पर कमेंट करना सेक्शुअल हैरेसमेंट के बराबर है। जस्टिस ए बदरुद्दीन ने केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) के एक पूर्व कर्मचारी की याचिका को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। आरोपी ने ऑफिस में ही काम करने वाली एक महिला कर्मचारी की तरफ से दायर यौन उत्पीड़न के मामले को खारिज करने की मांग की थी। महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने 2013 से उसके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और फिर 2016-17 में आपत्तिजनक मैसेज और वॉयस कॉल भेजना शुरू कर दिया। कोर्ट ने कहा- ऐसे कमेंट से महिला की गरिमा को ठेस पहुंची महिला ने दावा किया कि केएसईबी और पुलिस में आरोपी के खिलाफ शिकायत भी की गई। इसके बावजूद शख्स आपत्तिजनक मैसेज भेजता रहा। हालांकि आरोपी की तरफ से कोर्ट में वकील ने दलील दी कि, उसने सिर्फ फिगर पर कमेंट किया। इसे सेक्शुअल हैरेसमेंट नहीं माना जाना चाहिए और उनके खिलाफ मुकदमे को रद्द किया जाना चाहिए। कोर्ट ने आरोपी की दलील को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा- आरोपी का उद्देश्य महिला को परेशान करना और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना था।

2 साल पहले मुंबई में सामने आया था ऐसा मामला साल 2023 में मुंबई की सेशन कोर्ट ने रियल स्टेट कंपनी में काम करने वाले दो कर्मचारियों को जमानत देने से मना कर दिया थ। इन पर ऑफिस में एक महिला कलीग के फिगर पर कमेंट करने का आरोप था। कोर्ट ने कहा था, ऑफिस में किसी महिला कलीग से कहना कि, उसका फिगर अच्छा है और उसने खुद को काफी मेंटेन कर रखा है। यह सेक्शुल हैरेसमेंट की कैटेगरी में आता है। पीड़ित महिला रियल इस्टेट कंपनी में फ्रंट ऑफिस एक्जीक्यूटिव के तौर पर काम करती थी। ऑफिस के ही 42 साल के असिस्टेंट मैनेजर और 30 साल के सेल्स मैनेजर काफी वक्त से उसे परेशान कर रहे थे।




♦ आरोप- मैसेज में सेक्शुअल कमेंट किए

# गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह नंबर एक पर बरकरार, स्कॉट बोलेंड ने लगाई 29 स्थान की छलांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पिछला सप्ताह टेस्ट क्रिकेट से भरपूर रहा, जिसमें तीन श्रृंखलाएं संपन्न हुईं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी, दक्षिण अफ्रीका की पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला और जिम्बाब्वे की अफगानिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला शामिल हैं। तीनों श्रृंखलाओं के आखिरी मैच में दमदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को पुरुष खिलाड़ियों की ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की है। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप पर बने हुए हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने 29 स्थान की लंबी छलांग लगाकर टॉप 10 में जगह बना ली है। बुमराह ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा 32 विकेट झटके थे। वे 908 रेटिंग अंक के साथ नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। बुमराह के अलावा अनुभवी स्पिनर रवींद्र जडेजा टॉप 10 में रहने वाले



दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। जडेजा 745 रेटिंग अंक के साथ 9वें स्थान पर हैं।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने भारत के खिलाफ सिडनी टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया था। बोलैंड ने सिडनी टेस्ट में 86 रन देकर कुल 10 विकेट झटके थे। उनके प्रयासों ने ऑस्ट्रेलिया की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को फिर से हासिल करने के लिए ऑस्ट्रेलिया का एक दशक का लंबा इंतजार खत्म हुआ। यह सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से अपने नाम की। बोलैंड आखिरी मैच में मैन ऑफ द मैच रहे थे। अब बोलैंड ने आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 29 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए पहली बार आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाई है। वे 745 रेटिंग अंक के साथ जडेजा के साथ संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर हैं। इनके अलावा एक स्थान के फायदे के साथ दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस हैं। कमिंस के 841 रेटिंग अंक हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगीसो रबाडा भी एक स्थान का फायदा लेते हुए 837 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर आ गए हैं। रबाडा ने पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी टेस्ट में कुल 6 विकेट लिए थे। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को दो स्थान का नुकसान हुआ है वे 835 रेटिंग अंक के साथ चौथी रैंक पर आ गए हैं। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को तीन स्थान का फायदा हुआ है। वह 739 रेटिंग अंक के साथ नौवें पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सिडनी में आखिरी टेस्ट में दूसरी पारी में 33 गेंदों में 61 रनों की तूफानी पारी खेली थी। पाकिस्तान पर आखिरी मैच में 10 विकेट की जीत के बाद दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने भी काफी प्रगति की है। रयान रिकेल्टन की मैच विजयी 259 रनों की पारी ने उन्हें 48 पायदान ऊपर चढ़ाकर 55वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा (तीन पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर) और विकेटकीपर काइल वेर्रेने (चार पायदान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर) भी शतकों के बाद आगे बढ़े हैं। अफगानिस्तान के रहमद शाह (26 स्थान ऊपर 26वें) और जिम्बाब्वे के क्रेग एर्विन (10 स्थान ऊपर 37वें) बल्लेबाजी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले अन्य खिलाड़ियों में शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेनसन, जिन्हें 10 विकेट और 80 रन बनाकर 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया, ऑलराउंडरों की सूची में दो स्थान ऊपर उठकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

## मलेशियाई ओपन 2025 : एचएस प्रणय ने जीत के साथ की अपने अभियान की शुरुआत

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय ने बुधवार को मलेशियाई ओपन 2025 में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। बुधवार को प्रणय ने कनाडा के ब्रायन यांग को 21-12, 17-21, 21-15 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 29 मिनट तक चला। वहीं, तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के को सुंग-ह्यून और ईओम हये-को लगातार दो गेमों में 21-13, 21-14 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। मैच 30 मिनट तक चला। इसके अलावा, महिला एकल प्रतियोगिता की बात करें तो मालविका बंसोड़ ने अपने टूर्नामेंट की धमाकेदार शुरुआत करते हुए मलेशिया की गोह जिन वेई पर 2-15, 21-16 से जीत हासिल की। शीर्ष भारतीय शटलर और पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन को मंगलवार



को चीनी ताइपे के ची यू-जेन के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 12वें स्थान पर मौजूद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी दुनिया के 32वें नंबर के शटलर कनाडा के ब्रायन यांग के खिलाफ पुरुष एकल राउंड 32 के मुकाबले में 14-21, 7-21 से हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को 21-10, 21-10 से हराया। भारतीय जोड़ी अपने अगले मैच में दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के झांग शक्सियान और जिया यिफान से भिड़ेगी।

## ईस्ट बंगाल एफसी ने वेनेजुएला के फारवर्ड रिचर्ड सेलिस के साथ किया करार

**एजेंसी, कोलकाता**

ईस्ट बंगाल एफसी ने मौजूदा सत्र के शेष भाग के लिए वेनेजुएला राष्ट्रीय टीम के फॉरवर्ड रिचर्ड एनरिक सेलिस सांचेज़ के साथ करार किया है। सेलिस, जिन्होंने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में वेनेजुएला के शीर्ष डिवीजन में एकेडेमिया प्यूर्टो कैबेलो के लिए खेला था, इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब में अंतरराष्ट्रीय अनुभव का खजाना लेकर आए हैं। आईएसएल प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार हेड कोच ऑस्कर ब्रुज़न ने कहा, "हमें उम्मीद है कि रिचर्ड की प्रतिभा, कौशल, प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प ईस्ट बंगाल के मूल्यों को मूर्त रूप देंगे। हमें उम्मीद है कि वह एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालेंगे क्योंकि हम तत्काल सफलता के लिए एक साथ प्रयास करते हैं।" सेलिस एक बहुमुखी हमलावर है जो लेफ्ट विंगर और सेंटर-फ़ॉरवर्ड दोनों के रूप में खेल सकता है, उन्होंने वेनेजुएला में कई शीर्ष-स्तरीय क्लबों का प्रतिनिधित्व किया है जैसे एटलेटिको वेनेजुएला सीएफ, डेपोर्टिवो जेबीएल, कराकास एफसी और एकेडेमिया प्यूर्टो कैबेलो, इसके अलावा कोलंबिया के मिलोनारियोस एफसी और स्लोवाकिया के एफके सेनिका। सेलिस ने अतीत में फीफा विश्व कप क्वालीफायर और कोपा अमेरिका में वेनेजुएला की राष्ट्रीय टीम का भी प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने घरेलू लीग और कोपा लिबर्टाडोरेस में 250 से अधिक शीर्ष स्तरीय क्लब मैचों में महत्वपूर्ण गोल किए हैं। सेलिस ने 2019 में काराकस को वेनेजुएला प्राइमेरा डिवीजन का खिताब जीतने और मिलोनारियोस के 2022 कोपा कोलंबिया अभियान को जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेलिस ने ईस्ट बंगाल एफसी में शामिल होने को लेकर कहा, "मैं ईस्ट बंगाल में शामिल होने के लिए रोमांचित हूं, यह एक ऐसा क्लब है, जिसका इतिहास इतना समृद्ध है।




## दुनिया भर के खिलाड़ियों में ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग को लेकर उत्साह

**एजेंसी, गुरुग्राम**

ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) पूरे विश्व में धूम मचा रही है और अपने प्लेयर ड्राफ्ट और सीज़न की शुरुआत से पहले ही वैश्विक स्तर पर चर्चा में है। मिस्र, केन्या, अर्जेंटीना, ताइवान और पोलैंड जैसे देशों की भागीदारी के चलते जीआई-पीकेएल में खेलने के इच्छुक खिलाड़ियों की होड़ सी लग गई है। सॉविन नरवाल, संदीप कंडोला, अजय कुमार और कपिल नरवाल जैसे भारतीय खिलाड़ी पहले से ही लीग का हिस्सा हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता एम अनिता, इंद्रा रोहिणी, अरुल संथिया और सेल्वरेबिक्शा जैसे खिलाड़ियों के साथ ही सुनील नरवाल, शिव




कुमार और विकास दहिया, आंध्र प्रदेश के रेडर वेंकटेश्वर गौड़ जैसे खिलाड़ी भी मैदान में शिरकत करते नजर आएंगे। भागीदारी को लेकर खिलाड़ियों के उत्साह पर बोलते हुए होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कांथी डी. सुरेश ने कहा, "जीआई-पीकेएल को लेकर उत्साह कबड्डी की लोकप्रियता और संस्कृतियों को एकजुट करने और बाधाओं को तोड़ने की शक्ति को उजागर करता है। वैश्विक और घरेलू खिलाड़ियों की जबरदस्त प्रतिक्रिया कबड्डी के लिए एक समावेशी और गतिशील मंच बनाने के हमारे दृष्टिकोण को रेखांकित करती है।'' जीआई-पीकेएल उद्घाटन सत्र में 6 महिला और 6 पुरुष टीमें शामिल होंगी। प्रत्येक टीम भारत की संस्कृति और भाषाई समृद्धि का प्रतीक है। टीमों की क्षेत्रीय पहचान बनाए रखने के लिए उनको उसी हिसाब से नामित किया गया है। तेलुगु और तमिल टीमों का स्वामित्व टॉलीवुड और क्रिकेट की हस्तियों के पास होने की संभावना है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास पुरुष और महिला दोनों टीमें होंगी, जो कि समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने वाली, कबड्डी में अपनी तरह की पहली व्यवस्था है। दिसंबर 2024 में ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग (जीपीकेएल) और इंडियन प्रीमियर कबड्डी लीग (आईपीकेएल) का विलय हुआ था, जिससे जीआई-पीकेएल का निर्माण हुआ, जहां पुरुष और महिलाएं दोनों एक ही मैट आकार पर प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## खो खो विश्व कप 2025: नई दिल्ली में पहले संस्करण की मेजबानी को भारत तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की राजधानी दिल्ली में होने जा रहे पहले खो-खो विश्व कप के लिए सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस बीच आज, मंगलवार को खो खो विश्वकप का कार्यक्रम भी घोषित किया गया। इस महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 19 जनवरी तक होगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा समर्थित खो-खो प्रतियोगिता के पहले संस्करण में 20 पुरुष और 19 महिला टीमें शामिल होंगी। खास बात यह है कि इस प्रतियोगिता को देखने के लिए मुफ्त टिकट की व्यवस्था है, हालांकि टिकट ऑनलाइन बुक करना होगा। दिल्ली के आईटीओ स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस विश्वकप में छह महाद्वीपों के 24 देश शिरकत करेंगे। इसमें पुरुषों की 20 टीमें और महिलाओं की 19 टीमें प्रतिभाग करेंगी। एशिया की टीमों में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीमें प्रमुख रूप से शामिल हो रही हैं। 13 जनवरी से 16 जनवरी तक लीग मुकाबले खेले जाएंगे। जबकि क्वार्टरफाइनल मैच 17 जनवरी को, सेमीफाइनल मुकाबला 18 जनवरी को और 19 जनवरी को फाइनल मैच खेला जाएगा। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि खिलाड़ियों के ठहरने के लिए खेल गांव बसाने की भी योजना है, ताकि देश-विदेश में इस खेल की चर्चा हो सके। विश्व कप में दो शानदार ट्रॉफी होंगी। पुरुषों की चैंपियनशिप के लिए चमकदार नीली ट्रॉफी तैयार की गई है और महिलाओं के लिए हरी ट्रॉफी, जो गतिशील भावना को दर्शाता है। नीली ट्रॉफी विश्वास, दृढ़ संकल्प और सार्वभौमिक अपील का प्रतीक है, जबकि हरी ट्रॉफी विकास और जीवन शक्ति का प्रतीक है।



## हैमस्ट्रिंग सर्जरी के बाद पुनर्वास पर गए बायोनिक मैन बेन स्टोक्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने बाएं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवाने के बाद खुद को "बायोनिक मैन" बताया है। 33 वर्षीय स्टोक्स को दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के तीसरे टेस्ट के दौरान गेंदबाजी करते समय चोट की पुनरावृत्ति का सामना करना पड़ा, सबसे पहले अगस्त में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ पुरुषों के हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए बल्लेबाजी करते समय उनकी हैमस्ट्रिंग फट गई थी। उस शुरुआती चोट के कारण वे दो महीने तक खेल से बाहर रहे, साथ ही श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की घरेलू टेस्ट सीरीज से चूक गए। बाद में उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड में टीम




के शीतकालीन असाइनमेंट के लिए समय पर फिट होने की उनकी दौड़ ने उन्हें "शारीरिक रूप से थका दिया और उनको नुकसान पहुंचा दिया।" हालांकि, इंग्लैंड को मई में जिम्बाब्वे के दौरे तक कोई टेस्ट नहीं खेलना है, इसलिए स्टोक्स ने तीन महीने तक मैदान से बाहर रहने का फैसला किया है, जिसमें अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहना भी शामिल है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वे सर्जरी के बाद कार की पिछली सीट पर लेटे हुए हैं, एक बड़ा लेग ब्रेस पहने हुए हैं और तकिए का सहारा लिए हुए हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, "थोड़ी देर के लिए बायोनिक मैन", साथ में एक हंसी वाला इमोजी और साइन-ऑफ भी पोस्ट किया..."। हैमिल्टन में चोट लगने से पहले स्टोक्स ने 36.2 ओवर फेंके थे, जो 2022 में ट्रेंट ब्रिज में 40 ओवर (न्यूजीलैंड के खिलाफ भी) के बाद से टेस्ट में उनकी सबसे अधिक गेंदबाजी है। टेस्ट के पहले दिन, उन्होंने 23 ओवर फेंके, जो एक दिन में उनके द्वारा फेंके गए सबसे अधिक ओवर थे, जिन्हें उन्होंने आठ, आठ और सात के स्पैल में विभाजित किया। अक्टूबर 2023 में घुटने की सफल सर्जरी के बाद इंग्लैंड के घरेलू समर में आने के बाद, उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों में 49 ओवर फेंके, जिसमें पांच विकेट लिए। हैमिल्टन टेस्ट से पहले उन्होंने कहा था, "मुझे अपने काम को करने के लिए शारीरिक रूप से बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन पिछले दो मैचों में मैंने काफी ओवर फेंके और मैं एक दिन में कई स्पैल खेलने को लेकर अधिक आश्वस्त हूं।

## मिशन मैदान- रूफटॉप पर आकार लेने लगे इनडोर गेमिंग जोन

**एजेंसी, लखीमपुर खीरी**

परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए तैयार मिशन मैदान योजना अब जमीन पर आकार लेने लगी है। इस ऑपरेशन के तहत रूफटॉप पर तैयार किए जा रहे निर्माणाधीन इनडोर गेमिंग जोन की प्रगति जानने के उद्देश्य से बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार संग नगर क्षेत्र के ईदगाह और कांशीराम कॉलोनी में संचालित परिषदीय विद्यालय में निर्माणाधीन इनडोर गेमिंग जोन की प्रगति जानने लिए निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि गेमिंग जोन निर्माण में सुरक्षा मानकों को शत प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने गेमिंग जोन में फ्लोर मैट, गेमिंग जोन की बाहरी व आंतरिक दीवारों पर खेल से



संबंधित चित्रण आदि के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। गेमिंग जोन में उपलब्ध कराई जाने खेल सामग्री और गतिविधियों के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इसे तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि प्रथम चरण में जिले के 1000 परिषदीय विद्यालयों को अपना खेल मैदान (गेमिंग जोन) मिलेगा। वृहद स्तर पर स्थान उपलब्धता वाले 205 परिषदीय विद्यालयों में हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित किए जाएंगे। 765 विद्यालयों में खो-खो कबड्डी वालीबाल और बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित होगे। वही खेल मैदान की अनुपलब्धता वाले 30 विद्यालय चिन्हित किए गए हैं, जहां रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन विकसित किए जाएंगे।

## ट्यूरिन में होने वाले शीतकालीन यूनिवर्सियाड में 48 एथलीट भेजेगा चीन

**एजेंसी, बीजिंग**

चीन ने मंगलवार को इटली के ट्यूरिन में होने वाले 2025 एफआईएसयू शीतकालीन विश्व विश्वविद्यालय खेलों के लिए आधिकारिक तौर पर अपने प्रतिनिधिमंडल की घोषणा की। 84 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में 13 विश्वविद्यालयों के 48 एथलीट शामिल हैं, जो अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस-कंट्री स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, स्की पर्वतारोहण, कर्लिंग और शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। एथलीटों की औसत आयु 22 वर्ष है, जिनमें से 45 विश्व बहु-खेल आयोजन में अपनी शुरुआत कर रहे हैं।

तैयारी में, चीन विश्वविद्यालय खेल महासंघ ने चयन कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की है। प्रशिक्षण शिविर वर्तमान में बीजिंग और पूर्वोत्तर चीन के जिलिन प्रांत में चल रहे हैं। चीनी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख लियू लिक्सिन ने उम्मीद जताई कि एथलीट वैश्विक मंच पर चीन की युवा पीढ़ी की सकारात्मक छवि का प्रदर्शन करेंगे, दुनिया भर के युवाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय मित्रता का निर्माण करेंगे और भाग लेने वाली टीमों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देंगे। 11 खेलों वाले शीतकालीन यूनिवर्सियाड का आयोजन 13 से 23 जनवरी तक ट्यूरिन में किया जाएगा, जिसमें 55 देशों और क्षेत्रों से 2,600 से अधिक एथलीट और अधिकारी भाग लेंगे।

## एडिडास ने नए एफ1 सीज़न के लिए मर्सिडीज़ के साथ मिलाया हाथ

**एजेंसी, बर्लिन**

जर्मन स्पोर्ट्सवियर निर्माता एडिडास ने मंगलवार को मर्सिडीज-एएमजी पेट्रोनास फॉर्मूला वन (एफ1) टीम के साथ बहु-वर्षीय साझेदारी की घोषणा की। इस सहयोग के तहत टीम 2025 एफआईए फॉर्मूला वन विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेगी, जिसमें मार्च में होने वाली एफ1 चीनी ग्रैंड प्रिक्स भी शामिल है। मर्सिडीज-एएमजी पेट्रोनास एफ1 टीम के आधिकारिक टीम पार्टनर के रूप में, एडिडास ड्राइवरों, मैकेनिक्स और इंजीनियरों सहित पूरी टीम के लिए प्रदर्शन और शैली को मिलाकर एक पूरी श्रृंखला तैयार करेगा।

एडिडास के सीईओ ब्योर्न गुल्डेन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "हम मोटरस्पोर्ट की दुनिया में वापस आकर बहुत खुश हैं। हम




दोनों ही गति, नवाचार और प्रदर्शन के लिए जुनून साझा करते हैं। हम ड्राइवरों और टीम को ट्रैक पर सीमाओं को आगे बढ़ाने में सहायता करेंगे।" 2025 एफ 1 सीज़न की शुरुआत 14 से 16 मार्च तक ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स से होगी, जिसमें पूरे साल में 24 रेस होंगी। सीज़न का दूसरा पड़ाव, चीनी ग्रैंड प्रिक्स, 21 से 23 मार्च तक शंघाई में होगा। यह शहर सीज़न की पहली एफ1 स्प्रिंट रेस और एफ1 अकादमी के शुरुआती दौर की मेज़बानी भी करेगा, जिसमें सिर्फ़ महिलाएँ ही भाग लेंगी। आधिकारिक एफ 1 आंकड़ों के अनुसार, चीन में एफ1 प्रशंसकों की संख्या 150 मिलियन को पार कर गई है, जिनमें से आधे से ज़्यादा ने पिछले चार सालों में इस खेल का अनुसरण करना शुरू किया है। देश में एफ1 के ऑनलाइन प्रशंसकों की संख्या 4.3 मिलियन हो गई है, जिसमें सालाना 1 मिलियन से ज़्यादा की वृद्धि हो रही है।



# ऑनलाइन सीखें स्पोकन इंग्लिश

**बच्चे हों या बूढ़े इन दिनों हाथों हाथ मोबाइल होना आम बात है। शॉपिंग, मूवी, मनी ट्रांसफर, बैंकिंग, गेम्स आदि सबकुछ की ऑनलाइन सुविधा है। ऐसे में हर कोई अपने-अपने स्मार्टफोन में ही बिजी है। महिलाओं के लिए भी इंटरनेट ने काफी सुविधाएं दे रखी हैं। खाना बाना से लेकर सिलाई-बुनाई जैसी कई जरुरी चीजों की जानकारी हमें गूगल के माध्यम से मिल जाती है। यहां तक पढ़ाई के लिए भी कई सारे ऐप्स और वेबसाइट्स इंटरनेट पर इजिली आपको मिल जाएंगे। इसका सही इस्तेमाल कर आप घर बैठे ही अपनी अंग्रेजी भी ठीक कर सकती हैं। अगर आप घर बैठे इंग्लिश स्पोकन सीखना चाहती हैं, तो आपको अब ज्यादा खर्च भी नहीं लगेगा। यहां हम आपको इंग्लिश स्पोकन के कुछ ऐसे वेबसाइट्स बताएंगे, जहां से आप बिल्कुल फ्री स्पोकन सीख सकती हैं।**

## ऐप्स की लें मदद

ऑनलाइन इंग्लिश सीखने के लिए आपको अपने एंड्रॉयड फोन या आईफोन में लैंग्वेज लर्निंग ऐप्स डाउनलोड कर सकते है। यहां आपको ढेर सारे ऐप्स मिलेंगे। कुछ बिल्कुल फ्री तो कुछ में डेमो क्लास के बाद फीस देनी होती है। आप डेमो क्लास से भी बेसिक इंग्लिश सीख जाएंगी।

## ऑनलाइन इंग्लिश न्यूजपेपर

किसी भी भाषा पर अच्छी पकड़ बनाने के लिए न्यूजपेपर बहुत अच्छा मीडियम माना जाता है। ऐसे में आप चाहें तो अपने फोन या लैपटॉप में कुछ इंग्लिश न्यूजपेपर के ऐप्स को डाउनलोड कर कर सकते हैं।

## मोबाइल या लैपटॉप में पढ़ें किताबें

इंग्लिश रीडिंग डालने से भी स्पोकन अच्छी होती है। ऐसे में आप चाहें तो ऑनलाइन किताबें भी पढ़ सकती हैं। इसका फायदा यह होता है कि आप कभी भी और कहीं भी उसे एक्सेस कर सकती हैं। वर्ड पावर बढ़ाने के लिए आप ऑनलाइन डिक्शनरी भी पढ़ सकती हैं। इससे रोजाना कुछ शब्द भी याद होंगे और उनसे इंग्लिश स्पोकन की प्रैक्टिस में भी मदद मिलेगी।

## पॉडकास्ट भी है अच्छा ऑप्शन

इन दिनों पॉडकास्ट का क्रेज काफी बढ़ गया है। आप कभी भी इंग्लिश पॉडकास्ट सुनकर अपनी इंग्लिश स्पोकन के साथ कम्युनिकेशन स्किल बढ़ा सकती हैं। इससे आपको शब्दों का सही उच्चारण सीखने का मौका मिलेगा। इन्टरनेट पर हजारों इंग्लिश पॉडकास्ट आपको मिल जाएंगे।



# भारत में लगातार विकसित हो रहा है फैशन उद्योग

**फैशन के क्षेत्र में अपना परचम लहराने के लिए प्रोफेशनल्स का कौशल, ज्ञान व प्रदर्शन ही उन्हें दूसरों से अलग करता है। सिर्फ चंद किताबें रट कर फैशन अथवा उसकी बिक्री करने की कला नहीं सीखी जा सकती। मौजूदा बाजार माहौल के कारण अब पहले की अपेक्षा कहीं अधिक जरूरी हो गया है कि आप अपने कार्य कौशलों को बढ़ा कर फैशन इंडस्ट्री में अपनी रचनात्मकता को आजमाएं।**

एक अध्ययन के मुताबिक भारत की फैशन इंडस्ट्री इस समय 200 करोड़ का आंकड़ा छू रही है तथा बड़े डिजाइनरों की सालाना बिक्री लगभग 25 करोड़ रुपए है, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह बाजार 35 बिलियन डॉलर के करीब है। यह इंडस्ट्री आने वाले सात वर्षों में भारतीय बाजार में ढाई हजार करोड़ तक पहुंचने का रिकॉर्ड बना सकती है। फैशन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने फैशन एंड डिजाइन प्रमोशन काउंसिल (एफडीपीसी) का गठन किया है। इस काउंसिल ने उभरते फैशन डिजाइनरों तथा स्कूल-कॉलेजों से पास हुए छात्रों के लिए 25 फीसदी आरक्षण का प्रावधान भी किया है। भारत में फैशन उद्योग लगातार विकसित हो रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय फैशन के क्षेत्र में एक बड़ा उद्योग बन चुका है। इंडिया फैशन वीक और भारत के प्रमुख शहरों में फैशन डिजाइनरों द्वारा वार्षिक शो जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से साफ हो गया है कि मिस वर्ल्ड, मिस यूनिवर्स व अन्य प्रतियोगिताओं में भारतीय सुंदरियां किसी से कम नहीं हैं।

## कोर्स की रूपरेखा

महज बोर्ड पर किसी डिजाइन की स्केचिंग ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि छात्रों को इस इंडस्ट्री के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में विशेषज्ञता हासिल करनी होती है। यह एक प्रोफेशनल कोर्स है, जिसके अंतर्गत गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल साइंस, अपैरल कंस्ट्रक्शन मेथड, फैब्रिक डाइंग एवं प्रिंटिंग, कलर मिक्सिंग एवं.. ..कम्प्यूटर एडेड डिजाइन (सीएडी) आदि क्षेत्रों में से किसी एक का चयन करना होता है। फैशन डिजाइनिंग में कई सारे कोर्स जैसे एक्सेसरीज एवं ज्वैलरी डिजाइनिंग, मॉडलिंग, गारमेंट डिजाइनिंग, लेदर डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, टैक्सटाइल डिजाइनिंग, फुटवेयर डिजाइनिंग आदि को शामिल किया जाता है। इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण कोर्स इस इंडस्ट्री के लिए कारगर होते हैं, जैसे कि एमए, पीजी, बीए, अंडरग्रेजुएट डिप्लोमा, शॉर्ट टर्म लेवल आदि कोर्स।

## फैशन जगत की शाखाएं

बात यदि फैशन इंडस्ट्री की शाखाओं की हो तो इसमें कई विकल्प निखर कर सामने आते हैं। छात्रों की अपनी रुचि के अनुसार क्षेत्रों का चयन करना होता है। कुछ शाखाएं नीचे दी गई हैं-

## फैशन कम्युनिकेशन

जब भारी संख्या में घरेलू और विदेशी ब्रांड, कंपनियां और डिजाइनर भारतीय बाजार पर धावा बोल रहे हों तो इन सबके लिए अपनी विशिष्ट ब्रांड पहचान विकसित करना और बिक्री के लिए अधिकतम मात्र में उपलब्ध रहना अनिवार्य हो जाता है। यह बड़ा काम फैशन कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स आसान कर देते हैं।

## फैशन स्टाइलिंग

भारत में फैशन स्टाइलिंग भले ही एक नया कॉन्सेप्ट हो, लेकिन यह तेजी से आकर्षक करियर में तब्दील हो रहा है। सफल स्टाइलिस्ट बनने के लिए फैशन के हर पहलुओं पर नजर, टीम में काम करने की क्षमता होनी जरूरी है। इसके कोर्स में मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, फोटोग्राफी, कम्प्यूटर एवं आईटी एप्लीकेशंस की जानकारी विकसित करने के लिए टूल्स, टेक्नीक्स और स्किल्स सिखाये जाते हैं।

## फैशन फोटोग्राफी

फैशन जर्नलिस्ट का दूसरा काम फोटोग्राफी से संबंधित होता है। अभिलाषा और कल्पना की उड़ान के धागों से बने कपड़ों की तस्वीरों को जर्नलिस्ट अपने पाठकों के लिए कुछ इस प्रकार से मढ़ता है कि पाठक उससे खुद को आसानी से जोड़ सकें।

## फैशन जर्नलिज्म

योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं के लिए फैशन जर्नलिज्म में रोजगार के लिए बेहतरीन ऑप्शंस हैं, क्योंकि फैशन इंडस्ट्री में एक्सक्लूसिव राइटिंग और टीवी प्रोग्राम बनाने के लिए बहुत अवसर हैं। फैशन जर्नलिस्ट फुलटाइम या फीलांस के रूप में काम करते हैं।



# विदेश में चाहिए नौकरी तो रिज्यूमे बनाते समय इन बातों का रखें ख्याल

**अगर आपका भी सपना विदेश में नौकरी करने का हैं तो आपको रिज्यूमे बनाते समय कुछ खास चीजों का ध्यान रखना होगा।**

विदेश में नौकरी करना सभी का सपना होता है। कई लोग सालों तक विदेश में नौकरी करने के लिए इंटरव्यू देते हैं। हालांकि कई बार हमें इंटरव्यू के लिए भी कॉल नहीं आता है। विदेश में नौकरी चाहिए तो आपको अपने रिज्यूमे पर खास ध्यान देना चाहिए। अगर आपका रिज्यूमे सही तरीके से बना होगा तो आपको नौकरी के लिए तुरंत कॉल आ सकता है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि आपको रिज्यूमे बनाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

## वर्क एक्सपीरियंस

वर्क एक्सपीरियंस आपको सही तरीके से लिखना है। आपने किस कंपनी में क्या- क्या काम किया है और क्या कुछ नया सीखा है। इसे आपको विस्तार से लिखना होगा। किसी भी कंपनी से आपको तभी कॉल आएगा जब आपका रिज्यूमे उन्हें पसंद आएगा। ऐसे में आपको अपने वर्क एक्सपीरियंस को अच्छे से लिखना चाहिए।

## एजुकेशन

आपको अपने एजुकेशन के बारे में विस्तार से लिखना होगा। तभी आपको कंपनी से इंटरव्यू के लिए कॉल आएगा। एजुकेशन-क्वालिफिकेशन के दौरान आपको यह भी लिखना होगा कि आपके कितने मार्क्स आए थे। कई कंपनियां मार्क्स भी देखती हैं।

## स्किल्स पर ध्यान दें

आपको अपने स्किल्स के बारे में लिखना है। ध्यान रखें कि रिज्यूमे पर जो भी लिखा होता है आपसे उसी चीज को लेकर सवाल पूछे जाते हैं। ऐसे में आपको अपने स्किल्स को लेकर काफी ध्यान देना है। उन्ही चीजों के बारे में लिखें जो आपको आता है। अगर आपको नहीं आता होगा तो इंटरव्यू के दौरान आप सभी सवालों का जवाब नहीं दे पाएगे।

## पर्सनल डिटेल जरूर लिखें

कंपनी आपको भारत से विदेश बुलाएगी तो आपका वह बैकग्राउंड जरूर चेक करेगी। ऐसे में आपको अपने रिज्यूमे में पर्सनल डिटेल जरूर ऐड करना चाहिए। आप अपने फैमिली डिटेल और अपना पूरा डिटेल जरूर लिखें।

# एग्जाम स्ट्रेस को इस तरह करें दूर



**परीक्षा के दिनों पर बच्चों के मन में तनाव का एक मुख्य कारण हरदम पढ़ाई की बात करना होता है। दरअसल, एक ओर बच्चे पहले ही पढ़ाई को लेकर चिंतित रहते हैं, वहीं दूसरी ओर घर का माहौल भी कुछ ऐसा होता है, जिससे बच्चे का तनाव बढ़ता जाता है।**

परीक्षा के दिन बच्चों के लिए सबसे अधिक तनावपूर्ण होते हैं। बच्चे कितना भी चाहें, लेकिन फिर भी वह परीक्षा के स्ट्रेस को खुद से दूर नहीं रख पाते। कुछ बच्चों का तनाव इस हद तक बढ़ जाता है कि वह अपनी पढ़ाई में भी ध्यान केन्द्रित नहीं कर पाते। जिससे उनकी परीक्षाएं प्रभावित होती हैं। कई बार तो यह स्ट्रेस उनके मानसिक ही नहीं, शारीरिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। हालांकि अगर आप बच्चों को परीक्षा के दिनों में स्ट्रेस फ्री रखना चाहते हैं तो इन टिप्स को अपना सकते हैं-

## सिर्फ पढ़ाई नहीं

परीक्षा के दिनों पर बच्चों के मन में तनाव का एक मुख्य कारण हरदम पढ़ाई की बात करना होता है। दरअसल, एक ओर बच्चे पहले ही पढ़ाई को लेकर चिंतित रहते हैं, वहीं दूसरी ओर घर का माहौल भी कुछ ऐसा होता है, जिससे बच्चे का तनवा बढ़ता जाता है। इसलिए यह जरूरी है कि आप बच्चे से हरदम पढ़ाई की ही बात ना करें, बल्कि उसके साथ थोड़ी देर टहलें या फिर खेलें। अन्य एक्टिविटी करने से बच्चे का मूड फ्रेश होता है, जिससे वह बेहतर तरीके से परफॉर्म करते हैं।

## बनाएं स्टडी प्लॉन

अमूमन माता-पिता बच्चों से सिर्फ पढ़ाई की ही बात करते हैं, जिससे बच्चा परेशान हो जाता है। यकीनन इस समय बच्चों को अतिरिक्त पढ़ाई करने की जरूरत होती है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आप एक स्टडी प्लॉन बनाएं। मसलन, बच्चा पूरे दिन में कितनी देर पढ़ाई करेगा और उसके कितनी देर का ब्रेक लेना है। एक बार में वह कितने पार्ट को कवर करेगा, इन सब की प्लानिंग पहले ही कर लें। इस तरह जब आप पहले से ही सारी प्लानिंग कर लेंगी तो इससे बच्चों का भी तनाव कम होगा।

## खान-पान

परीक्षा के दिनों में बच्चों का खान-पान भी काफी अहम होता है। इस दौरान बच्चों को अतिरिक्त भूख लगती है। लेकिन आप बच्चों को हैवी या तला हुआ फूड खिलाने की जगह थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ ना कुछ खाने को दें। साथ ही लिक्विड की मात्रा अधिक रखें और उसे हेल्दी स्नैक्स जैसे रोस्टेड बादाम या मखाना आदि दें। यह बच्चे को लंबे समय तक फुल रखेंगे और उनका एनर्जी लेवल बनाए रखेंगे। इतना ही नहीं, उनका संतुलित खान-पान बच्चों के तनाव को दूर करता है।

## करें रिलैक्स

अगर बच्चा पढ़ाई को लेकर अतिरिक्त तनाव में है तो आप उनके साथ मिलकर कुछ रिलैक्सेशन एक्टिविटी कर सकते हैं। जैसे डीप ब्रीदिंग, मेडिटेशन, करें। इसके अलावा आप कुछ देर उन्हें जो पसंद हो, वह जरूर करने दें। भले ही वह म्यूजिक सुनना हो या फिर कोई गेम खेलना। दरअसल, इस तरह की एक्टिविटी बच्चे के लिए स्ट्रेस बस्टर की तरह काम करती है।

# अगर आप भी ड्रोन पायलट में अपना करियर बनाने के बारे में सोच रहे हैं...



**अगर आप ड्रोन पायलट में अपना करियर बनाने के बारे में सोच रहे हैं, तो जानिए कि इसके लिए आपके पास क्या-क्या योग्यताएं होनी चाहिए।**

आधुनिक दौर में आज हर एक काम टेक्नोलॉजी से कंटेक्ट हो चुका है। एक समय हुआ जब ड्रोन को हम सभी केवल टेलीविजन और इक्का दुक्का जगहों पर देखने को मिलता था। लेकिन आज अधिकतर फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर, इंफ्लूयसर, आदि के पास देखने को मिल जाता है। पहले एक समय हुआ करता था जब ड्रोन को उड़ाने वाले लोगों के पास ट्रेनिंग होती थी। लेकिन समय के बदलते दौर के साथ सिक्योरिटी से लेकर मीडिया इंडस्ट्री हर जगह ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है। शादी-विवाह से लेकर फिल्म शूटिंग हर जगह पर ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है। अगर आप भी इस फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं तो जानिए कैसे आप इस फील्ड के लिए तैयार हो सकते हैं।

## ड्रोन पायलट बनने की योग्यता

ड्रोन का इस्तेमाल कामर्शियल फील्ड और रीक्रिएशनल फील्ड दोनों में किया जा रहा है। ड्रोन पायलट बनने के लिए 12 वीं पास होना जरूरी है। ड्रोन उड़ाने के लिए आपको प्रोफेशनल ट्रेनिंग लेने की जरूरत होती है। आपको यह जानना भी जरूरी है कि ड्रोन पायलट बनने के लिए योग्यता अलग-अलग संस्थान के हिसाब से भी निर्धारित होती है।

## कैसे बन सकते हैं ड्रोन पायलट

ड्रोन पायलट बनने वाले कैंडिडेट को डीजीसीए द्वारा रिकग्नाइज इंस्टीट्यूट से ट्रेनिंग लेनी होती है। इसके लिए आपको मेडिकल एग्जामिनेशन भी क्लियर करना होता है।

## लाइसेंस लेने के लिए करना होता एग्जाम क्लियर

लाइसेंस पाने के लिए पहले ट्रेनिंग लेनी होती है इसके बाद आपको लिखित परीक्षा क्लियर करनी होती है। आपको बता दें कि इसके लिए डीजीसीए लाइसेंस (कोचिंग गाइडलाइन) देता है। अगर बात करें फीस के बारे में तो इंस्टीट्यूट के हिसाब से यह 30 हजार से लेकर 1 लाख तक हो सकती है।

## सरकार द्वारा लांच की गई वेब साइट

कुछ समय पहले इंडियन गवर्नमेंट की तरफ से वेबसाइट लॉन्च की है। इस साइट पर जाकर आप ड्रोन पायलट करियर से जुड़ी सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 09 जनवरी, 2025




# आमिर खान करेंगे फिल्म लवयापा का ट्रेलर लॉन्च

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरने वाले दो नए चेहरे जुनैद खान और खुशी कपूर हैं, जिन्होंने पिछले साल ही अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। वे अब अपनी आने वाली फिल्म लवयापा के लिए चर्चा में हैं, जिसे 2025 में रिलीज किया जाना है। यह फिल्म अपनी घोषणा और फिल्मांकन शुरू होने के बाद से ही चर्चा में है। पिछले हफ्ते फिल्म का पहला गाना बिना किसी आधिकारिक पोस्टर, टीजर या ट्रेलर के रिलीज किया गया था। अब, निर्माताओं ने पहला ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है और इसे कोई और नहीं, बल्कि जुनैद के पिता सुपरस्टार आमिर खान लॉन्च करेंगे।

जुनैद खान और खुशी कपूर की आने वाली फिल्म लवयापा का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसके टाइटल ट्रैक को कई बॉलीवुड सितारों ने भी सराहा था। वहीं, सोशल मीडिया पर भी फैंस ने ट्रैक पर प्यार लुटाया था। पहले गाने को मिली तारीफ के बाद अब इस फिल्म से और भी ज्यादा उम्मीदें बढ़ गई हैं। खास बात यह है कि आमिर खान इस हफ्ते इसका ट्रेलर लॉन्च करने वाले हैं।

## इस दिन होगा ट्रेलर लॉन्च

रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म निर्माता अब ट्रेलर लॉन्च के लिए तैयार हैं और आमिर खान ने इसे रिलीज करने के लिए हामी भर दी है। हालांकि जगह और समय के बारे में और जानकारी अभी घोषित नहीं की गई है। बताया गया है कि लवयापा के टाइटल ट्रैक की सफल रिलीज के बाद ट्रेलर अब लॉन्च के लिए तैयार है। आमिर खान 10 जनवरी, 2025 को इसका अनावरण करेंगे। लॉन्च के बारे में अतिरिक्त जानकारी का खुलासा होना अभी बाकी है।

## आमिर ने की खुशी की तारीफ

अद्वैत चंदन द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में जुनैद खान, खुशी कपूर और अन्य कलाकार हैं। हाल ही में आमिर खान ने फिल्म में खुशी कपूर के अभिनय की तारीफ की। उन्होंने कहा था कि जब मैंने फिल्म देखी और खुशी को देखा तो मुझे लगा कि मैं श्रीदेवी को देख रहा हूं। उनकी ऊर्जा और मौजूदगी ने मुझे उनकी मां की याद दिला दी। मैं श्रीदेवी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और हमेशा से उनके साथ काम करना चाहता था। वह एक असाधारण कलाकार थीं, जो कैमरा चालू होने पर जीवंत हो उठती थीं। खुशी के अभिनय में भी वही चमक साफ झलकती है।



# गोट में काम करने के बाद डिप्रेशन में क्यों चली गई थीं मीनाक्षी? अभिनेत्री ने खोला राज

साल 2024 में मीनाक्षी चौधरी ने छह फिल्मों में काम किया था। नए साल पर वह अब संक्रांतिकी वस्थुन्नम नाम की फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में वह अभिनेता वेंकटेश के साथ नजर आएंगी। इसका निर्देशन अनिल रविपुडी ने किया है।

## मीनाक्षी ने खोला राज

हाल ही में एक इंटरव्यू में मीनाक्षी ने अपने जीवन के एक कठिन दौर के बारे में बताया। उन्होंने साझा किया कि पिछले साल विजय की फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की रिलीज के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर अपनी परफॉर्मेंस के लिए कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। इस आलोचना के वह एक हफ्ते तक डिप्रेशन में चली गई थीं।

लकी भास्कर में हुई काम की तारीफ
मीनाक्षी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि लकी भास्कर जैसी तेलुगू ब्लॉकबस्टर की सफलता के बाद उन्हें ढेर सारी सराहना मिली। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के बाद उन्हें यह एहसास हुआ कि आने वाले समय में सही प्रोजेक्ट्स का चुनाव कितना महत्वपूर्ण है।

## जल्द इन फिल्मों में आएंगी नजर

अभी हाल ही में उन्होंने नवीन पॉलीशेट्टी के साथ अनगनगा ओका राजू नाम की फिल्म को साइन की है। फिलहाल, मीनाक्षी अपनी आगामी फिल्म संक्रांतिकी वस्थुन्नम के प्रचार में व्यस्त हैं। यह फिल्म 14 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी।



# बेबी जॉन के बाद जी2 में नजर आएंगी वामिका गब्बी

**बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन के साथ फिल्म बेबी जॉन में अभिनय के बाद अब वामिका गब्बी जी2 में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग यूरोप में पूरी हो चुकी है। इस फिल्म में वामिका के साथ अदिवि शेष और इमरान हाशमी नजर आएंगे।**

अभिनेत्री वामिका गब्बी, जिन्हें हाल ही में वरुण धवन के साथ एक्शन फिल्म बेबी जॉन में देखा गया था, वह अब विनय कुमार सिरिगिनीदी द्वारा निर्देशित आगामी जासूसी थ्रिलर जी2 में नजर आएंगी। फिल्म जी2 अदिवी द्वारा लिखित और अभिनीत 2018 की हिट जासूसी थ्रिलर गुडाचारी का सीक्वल है। वामिका जासूसी थ्रिलर फैंचाइजी की इस अगली किस्त में इमरान हाशमी और अदिवि शेष के साथ नजर आएंगी।

वामिका गब्बी ने फिल्म जी2 में अपनी उपस्थिति को जताते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में वामिका और अदिवी नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, स्पाई, एक्शन एडवेंचर जी2...अपनी अगली फिल्म की जानकारी शेयर करते हुए मैं बेहद खुश और उत्साहित हूं। मैं अब बेहतरीन को-एक्टर अदिवी सेश के साथ काम करने वाली हूं...इमरान सर से भी होगी सेट पर मुलाकात...

वामिका को प्राइम वीडियो सीरीज जुबली, नेटफ्लिक्स फिल्म खुफिया और सोनीलिव सीरीज चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। बहरहाल, वामिका ने वरुण धवन और कीर्ति सुरेश की फिल्म बेबी जॉन की रिलीज के दौरान जमकर सुर्खियां बटोरी थीं।

## वामिका के साथ अदिवि शेष का भी होगा अहम रोल

अदिवि शेष और वामिका गब्बी के अलावा इस फिल्म में इमरान हाशमी, मुरली शर्मा, सुप्रिया यार्लागड्डा और मधु शालिनी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। एवारू और मेजर जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले अदिवि शेष पहली बार वामिका के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म के अलावा अदिवी के पास एक्शन ड्रामा डकैत भी है। इस फिल्म में उनके साथ मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। यह शेनिल देव की निर्देशन में पहली फिल्म है। यह एक गुस्सैल अपराधी की कहानी है, जो अपनी पूर्व प्रेमिका से बदला लेने का प्लान बनाता है जिसने उसे धोखा दिया था।



# फिर कानूनी मुसीबत में फंसी नयनतारा, कॉपीराइट मसले पर चंद्रमुखी के निर्माताओं ने भेजा नोटिस

लेडी सुपरस्टार नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल जब से रिलीज हुई है, अभिनेत्री कानूनी मुसीबत में घिरी हैं। यह डॉक्यूमेंट्री बीते वर्ष नवंबर में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। इसके बाद अभिनेता धनुष ने नयतनतारा को कानूनी नोटिस भेजा। दरअसल, डॉक्यूमेंट्री में धनुष के प्रोडक्शन की फिल्म नानम राउडी धान के कुछ सेकेंड के बीटीएस फुटेज शामिल किए गए। धनुष ने बिना अनुमति फिल्म का कंटेंट इस्तेमाल करने को लेकर अभिनेत्री को कानूनी नोटिस भेजकर 10 करोड़ रुपये की मांग की। नयनतारा ने सार्वजनिक रूप से बयान जारी कर इस पर प्रतिक्रिया दी थी। अब डॉक्यूमेंट्री पर एक नया विवाद सामने आया है।

## चंद्रमुखी के निर्माताओं ने की पांच करोड़ रूपये की मांग

धनुष ने नयनतारा उनके पति व निर्देशक विग्नेश शिवन और नेटफ्लिक्स के खिलाफ मुकदमा किया था। अब नयनतारा की सुपरहिट फिल्म चंद्रमुखी के निर्माताओं ने भी अभिनेत्री व नेटफ्लिक्स को नोटिस भेजा है। आरोप है कि नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री में चंद्रमुखी की क्लिप का इस्तेमाल किया गया है। निर्माताओं ने नयनतारा और नेटफ्लिक्स को कानूनी नोटिस भेजकर फिल्म के कंटेंट के बगैर अनुमित इस्तेमाल के लिए पांच करोड़ रुपये की मांग की है।

## नयनतारा की प्रतिक्रिया का इंतजार

अपनी डॉक्यूमेंट्री की रिलीज के बाद नयनतारा के सामने लगातार कानूनी चुनौतियां आ रही हैं। धनुष के कानूनी नोटिस भेजने के बाद नयनतारा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खुलासा किया था कि धनुष ने कथित कॉपीराइट उल्लंघन के लिए 10 करोड़ रुपए की मांग की। अब चंद्रमुखी के मेकर्स ने जब नोटिस भेजा है तो अभिनेत्री के फैंस और इंडस्ट्री को इंतजार है कि इस मसले पर नयनतारा कब चुप्पी तोड़ती हैं।

## साउथ से बॉलीवुड तक नयनतारा का जलवा

नयनतारा साउथ की चर्चित अभिनेत्री हैं। उन्होंने मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में अपने अभिनय का दम दिखाया है। शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान से उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया और छा गईं। नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री की बात करें तो यह 18 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। नयनतारा के निजी जीवन की बात करें तो साल 2022 में उन्होंने विग्नेश शिवन से शादी रचाई। कपल के जुड़वा बच्चे- यूइर और उलगम हैं।

# जैकी श्रॉफ ने अलग-अलग किरदार निभाने के बारे में खुलकर की बात



भारतीय सिनेमा के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक जैकी श्रॉफ ने दशकों तक एक शानदार करियर बनाया है। अपनी पूरी फ़िल्मोग्राफी में, दिग्गज स्टार ने कभी भी अलग-अलग किरदार निभाने और अपने हुनर को समृद्ध बनाने से परहेज़ नहीं किया। चाहे मुख्य युवा, दोस्त, गुस्सैल युवक या ग्रे रोल निभाना हो, जैकी श्रॉफ ने खुद को एक बहुमुखी पावरहाउस कलाकार के रूप में स्थापित किया है। हाल ही में, बेबी जॉन अभिनेता ने विभिन्न किरदार निभाने के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे वह फिल्म निर्माताओं को अपने किरदारों के इर्द-गिर्द एक छवि बनाने देते हैं। इस बारे में बात करते हुए जैकी श्रॉफ ने कहा, मैं एक खुली किताब हूं और काम करता रहता हूं। मैं एक अभिनेता हूं; मैं नए किरदारों की खोज करता रहता हूं, चाहे वह बेबी जॉन हो या कोई और फिल्म। मैं खुद को निर्देशक की दृष्टि और कैमरामैन और तकनीशियनों की क्षमता पर छोड़ देता हूं।

अपनी सहजता और जीवंत व्यक्तित्व के लिए जाने जाने वाले जैकी श्रॉफ ने सिंघम अगेन और बेबी जॉन में ग्रे किरदारों के अपने चित्रण से दर्शकों को चौंका दिया। अभिनेता ने न केवल खतरनाक खलनायकों की भूमिकाएँ बहुत सहजता से निभाई, बल्कि यादगार किरदार भी निभाए। अपनी प्रभावशाली स्क्रीन उपस्थिति, प्रभावशाली संवादों और दर्शकों को रोमांच के रोलरकोस्टर पर ले जाने की क्षमता से जैकी श्रॉफ ने अपने प्रशंसकों का दिल जीत लिया। लेकिन, दिग्गज अभिनेता के लिए यह सब कुछ नहीं है! जैकी श्रॉफ अपनी आगामी कॉमिक कैपर हाउसफुल 5 के साथ लोगों को गुदगुदाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता अक्षय कुमार, नाना पाटेकर, संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख और अन्य के साथ एक हास्य भूमिका में नज़र आएंगे।



# राजकुमार ने कंगना रनौत को बताया सबसे बड़ी स्टार

**कंगना रनौत बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से हैं जो अपनी बात बेबाकी से रखती हैं और कभी भी अपनी बात कहने से नहीं कतराती हैं। कभी-कभी यह बात उनके बॉलीवुड के साथियों को पसंद नहीं आती। राजकुमार राव ने नेहा धूपिया के साथ अपने पुराने इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने बॉलीवुड की सबसे बड़ी स्टार कंगना के साथ काम किया है।**

## जब राजकुमार ने कंगना को बताया था स्टार

एक इंटरव्यू के दौरान जब नेहा धूपिया ने राजकुमार से पूछा कि उन्होंने किस सबसे बड़ी स्टार के साथ काम किया है, तो बिना किसी देरी के राजकुमार ने कंगना का नाम लिया। नेहा ने सहमति में हंसते हुए इसे एक अच्छा जवाब बताया और अपनी सोने की उंगूठिया उन्हें देने लगीं। इस पर राजकुमार बोले- मुझे इसकी जरूरत नहीं है। नेहा और राजकुमार के बीच यह बातचीत सोशल मीडिया पर फिर से सामने आई है, जब इमरजेंसी का ट्रेलर रिलीज हुआ है। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री कंगना रनौत ने क्वीन और जजमेंटल है क्या जैसी फिल्मों में साथ काम किया है।

## कंगना-राजकुमार की आने वाली फिल्म

कंगना रनौत जल्द ही इमरजेंसी में नजर आएंगी और आज ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। नए ट्रेलर में 1975 के उथल-पुथल भरे दिनों की राजनीतिक बिसात को दिखाया गया है। इस फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में कंगना के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपदे, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी के अलावा कई अभिनेता नजर आएंगे। राजकुमार राव की बात करें तो उन्हें आखिरी बार विक्की और विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था। इस कॉमेडी फिल्म में राजकुमार के साथ तृप्ति डिमरी नजर आई थीं। इससे पहले राजकुमार स्त्री 2 में नजर आए थे, जो बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल रही। इस फिल्म में राजकुमार के साथ श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना नजर आए थे।

# कन्नप्पा में मां पार्वती के रूप में नजर आईं काजल अग्रवाल



फिल्म कन्नप्पा से साउथ अभिनेत्री काजल का लुक जारी हुआ है। फिल्म के इस पोस्टर में काजल माता पार्वती के रूप में नजर आ रही हैं।

काजल ने अपने लुक को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और लिखा, ड्रीम रोल, जिसकी जरूरत थी, 2025 की ऐसी शुरुआत से खुश हूं.. कन्नप्पा, हर हर महादेव, मां पार्वती। मां पार्वती के रूप में काजल बेहद सौम्य और शांत मुद्रा में दिखाई दे रही है। कन्नप्पा इस साल 25 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। तेलुगु में शूट की गई कन्नप्पा को तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी में डब किया जाएगा।